५७. ततियजनसुत्तं

७१. "किंसु जनेति पुरिसं, किंसु तस्स विधावति। [R.38]
किंसु संसारमापादि, किसु तस्स परायनं" ति?
"तण्हा जनेति पुरिसं, चित्तमस्स विधावति।
सत्तो संसारमापादि, कम्मं तस्स परायनं" ति॥ ●

५८. उप्पथसुत्तं

७२. "किंसु उप्पथो अक्खातो, किंसु रत्तिन्दिवक्खयो। [N.36]
किं मलं ब्रह्मचरियस्स, किं सिनानमनोदकं" ति?
"रागो उप्पथो अक्खातो, वयो रत्तिन्दिवक्खयो।
इत्थी मलं ब्रह्मचरियस्स, एत्थायं सज्जते पजा।
तपो च ब्रह्मचरियं च, तं सिनानमनोदकं" ति॥ ●

---

५६. द्वितीय जनसूत्र : : उत्पन्न होना

(देवता—) ७० "मनुष्य को कौन उत्पन्न करता है? उसका वह क्या है जो दौडता रहता है? कौन आवागमन के चक्र में पड़ा रहता है? वह किससे मुक्त नहीं हो पाता?

(भगवान्—) "**तृष्णा** मनुष्य को उत्पन्न करती है। मनुष्य का **चित्त** दौड़ता रहता है। **प्राणी** आवागमन के चक्र में पड़ा रहता है। मनुष्य **दुःख** से मुक्त नहीं हो पाता"॥●

५७. तृतीय जनसूत्र : : उत्पन्न होना

(देवता—) ७१. "मनुष्य को कौन उत्पन्न करता है...पूर्ववत्...उसका आश्रय क्या है?

(भगवान्—) "तृष्णा मनुष्य को उत्पन्न...पूर्ववत्...। कर्म ही मनुष्य का आश्रय है"॥

५८. उत्पथसूत्र : : कापथ (अनुचित मार्ग)

(देवता—) ७२. "कुत्सित पथ (कुमार्ग) क्या है? रात दिन क्षीण होने वाला क्या है? ब्रह्मचर्य (धर्माराधन) का मल क्या है? कौन स्नान जल के विना किया जा सकता है?

(भगवान्—) "राग को विद्वज्जन कुमार्ग कहते हैं। आयु रात दिन क्षीण होने वाली है। स्त्री ब्रह्मचर्य का मल (विरोधी) है, जिसमें सभी प्राणी आसक्त हो जाते हैं। तपस्या एवं ब्रह्मचर्य (धर्माराधन) ही विना जल का स्नान है॥ ●

५९. दुतियसुत्तं

७३. "किंसु दुतिया पुरिसस्स होति, किंसु चेनं पसासति।
किस्स चाभिरतो मच्चो, सब्बदुक्खा पमुच्चती" ति?॥
"सद्धा दुतिया पुरिसस्स होति, पञ्ञा चेनं पसासति।
निब्बानाभिरतो मच्चो, सब्बदुक्खा पमुच्चती" ति॥ ●

६०. कविसुत्तं

७४. "किंसु निदानं गाथानं, किंसु तासं वियञ्जनं।
किंसु सन्निस्सिता गाथा, किंसु गाथानमासयो" ति?
"छन्दो निदानं गाथानं, अक्खरा तासं वियञ्जनं।
[B.36] नामसन्निस्सिता गाथा, कवि गाथानमासयो" ति॥ ●

जरावग्गो छट्ठो॥

तस्सुद्दानं

जरा अजरसा मित्त, वत्थुं तीणि जनानि च।
उप्पथो च दुतियो च, कविना पूरितो वग्गो ति॥ ●

---

५९. द्वितीयसूत्र : : **सहायक (साथी)**

(देवता—) ७३. "पुरुष का साथी (द्वितीय) क्या होता है? कौन उस पर नियन्त्रण करता है? किसमें अभिरत (तन्मय) होकर मनुष्य दु:खों से मुक्ति पा जाता है?

(भगवान्—) "श्रद्धा पुरुष का साथी है। प्रज्ञा उस पर नियन्त्रण करती है। निर्वाण में अभिरत होकर मनुष्य सब दु:खों से मुक्त हो जाता है"॥ ●

६०. कविसूत्र : : **कविता (गाथा)**

(देवता—) ७४. "गाथाओं का मूल कारण क्या है? उनके व्यञ्जन क्या हैं? उनका आधार क्या है? गाथाओं का आश्रय क्या है?"

(भगवान्—) "गाथाओं का मूल कारण (निदान) छन्द है। अक्षर गाथा के व्यञ्जन (विभेदक) हैं। नाम के आधार पर गाथा बनती है। तथा कवि ही उस गाथा का आश्रय हैं"॥ ●

जरावर्ग षष्ठ समाप्त॥

इस वर्ग की सूची—इस वर्ग में १० सूत्र व्याख्यात हैं, जैसे—१. जरा, २. अजरसा, ३. मित्र, ४. वस्तु, ५.,६.,७. जनसूत्र, ८. उत्पथ, ९. द्वितीय एवं १०. कवि सूत्र॥

७. अद्धवग्गो

६१. नामसुत्तं

७५. "किंसु सब्बं अद्धभवि, किस्मा भिय्यो न विज्जति।
किस्सस्सु एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति? [R.39]
"नामं सब्बं अद्धभवि, नामा भिय्यो न विज्जति।
नामस्स एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति॥ ●

६२. चित्तसुत्तं

७६. "केनस्सु नीयति लोको, केनस्सु परिकस्सति। [N.37]
किस्सस्सु एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति?
"चित्तेन नीयति लोको, चित्तेन परिकस्सति।
चित्तस्स एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति॥ ●

६३. तण्हासुत्तं

७७. "केनस्सु नीयति लोको, केनस्सु परिकस्सति?।
किस्सस्सु एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति?

---

७. अध्ववर्ग

६१. नामसूत्र : : **नाम**

(देवता—) ७५. "वह क्या है जो सब कुछ अपने में रखता है? किससे अधिक कुछ नहीं है? किस एक धर्म के सब वश में चले आते हैं?"

(भगवान्—) "नाम सभी को अपने में अन्तर्भूत रखता है। नाम से अधिक कुछ नहीं है। एक धर्म नाम के वश में सब चले आते हैं।"

[यहाँ **अट्ठकथा** का स्पष्टीकरण यों है—संसार में कोई जीव या वस्तु ऐसी नहीं है जो नामरहित हो। यहाँ तक कि जिस वस्तु का नाम ज्ञात नहीं होता, उसको भी लोकव्यवहार में 'अनामक' नाम से व्यवहृत करने लगते हैं।] ●

६२. चित्तसूत्र : : **चित्त**

(देवता—) ७६. "लोक किससे नियन्त्रित होता है? किससे यह क्षीण किया जाता है? किस एक धर्म के वश में सब हो जाते हैं?"

(भगवान्—) "यह समस्त जगत् चित्त के द्वारा नियन्त्रित होता है। तथा चित्त के कारण ही यह क्षीण होता है। इस एक धर्म चित्त के ही वश में सब हो जाते हैं।" ●

६३. तृष्णासूत्र : : **तृष्णा**

(देवता—) ७७. "किस से लोक नियन्त्रित होता है?...पूर्ववत्...किस एक धर्म के वश में सब हो जाते हैं?"

"तण्हाय नीयति लोको, तण्हाय परिकस्सति।
तण्हाय एकधम्मस्स, सब्बेव वसमन्वगू" ति॥ ●

६४. संयोजनसुत्तं

७८. "किंसु संयोजनो लोको, किंसु तस्स विचारणं?।
[B.37] किस्सस्सु विप्पहानेन, निब्बानं इति वुच्चती" ति?
"नन्दीसंयोजनो लोको, वितक्कस्स विचारणं।
तण्हाय विप्पहानेन, निब्बानं इति वुच्चती" ति॥ ●

६५. बन्धनसुत्तं

७९. "किंसु सम्बन्धनो लोको, किंसु तस्स विचारणं?।
किस्सस्सु विप्पहानेन, सब्बं छिन्दति बन्धनं" ति?
[R.40] "नन्दीसम्बन्धनो लोको, वितक्कस्स विचारणं।
तण्हाय विप्पहानेन, सब्बं छिन्दति बन्धनं" ति॥ ●

६६. अब्भाहतसुत्तं

८०. "केनस्सुब्भाहतो लोको, केनस्सु परिवारितो?।
केन सल्लेन ओतिण्णो, किस्स धूपायितो सदा" ति?

(भगवान्—) "यह समस्त जगत् तृष्णा के द्वारा...पूर्ववत्...तृष्णा एक धर्म के वश में सब चले आते हैं॥" ●

६४. संयोजनसूत्र : : बन्धन

(देवता—) ७८. "यह समस्त लोक किस बन्धन बँधा हुआ है? उसका विचरण (व्यवस्थापन) कौन करता है? किस के प्रहाण होने से 'निर्वाण' ऐसा कहा जाता है?

(भगवान्—) "यह समस्त जगत् तृष्णा (नन्दी) के बन्धन से बँधा हुआ है। वितर्क उस का विचारण करता है। तृष्णा के विशेष प्रहाण से 'निर्वाण' ऐसा कहा जाता है"॥ ●

६५. बन्धनसुत्त : : पाश (बन्धन)

(देवता—) ७९. "यह समस्त जगत् किस पाश (बन्धन) में फँसा हुआ है? इसका विचारण (व्यवस्थापन) कौन करता है? किस के प्रहाण से सभी तरह के पाश कट जाते हैं?"

(भगवान्—) "यह समस्त जगत् तृष्णा (नन्दी) के पाश से बँधा हुआ है। इसका विचारण वितर्क से होता है। तृष्णा के विशेषत: प्रहाण से 'निर्वाण' ऐसा कहा जाता है'॥●

''मच्चुनाब्भाहतो लोको, जराय परिवारितो।
तण्हासल्लेन ओतिण्णो, इच्छाधूपायितो सदा'' ति॥ ●

६७. उड्डितसुत्तं

८१. ''केनस्सु उड्डितो लोको, केनस्सु परिवारितो?।
केनस्सु पिहितो लोको, किस्मिं लोको पतिट्ठितो'' ति?
''तण्हाय उड्डितो लोको, जराय परिवारितो। [N.38]
मच्चुना पिहितो लोको, दुक्खे लोको पतिट्ठितो'' ति॥ ●

६८. पिहितसुत्तं

८२. ''केनस्सु पिहितो लोको, किस्मिं लोको पतिट्ठितो?।
केनस्सु उड्डितो लोको, केनस्सु परिवारितो'' ति?
''मच्चुना पिहितो लोको, दुक्खे लोको पतिट्ठितो। [B.38]
तण्हाय उड्डितो लोको, जराय परिवारितो'' ति॥ ●

---

६६. अभ्याहतसूत्र : : आक्रमित (सताया जाना)

(देवता—) ८०. ''यह समस्त जगत् किस के द्वारा आक्रान्त किया जाता है (सताया जाता है)? किससे यह परिवृत (घिरा हुआ) है? यह जगत् किस तीर से बिंधा हुआ है? तथा यह किससे सदा धुँवाता रहता है?''

(भगवान्—) ''मृत्यु से यह लोक सताया जाता है। जरा से यह परिवृत है। तृष्णा के तीर से बिंधा हुआ है। इच्छा से सदा धुँवाता रहता है''॥ ●

६७. उड्डितसूत्र : : उल्लङ्घन (लाँघना)

(देवता—) ८१. ''यह समस्त जगत् किसके द्वारा लाँघ लिया गया है? यह किससे परिवृत है? यह किससे ढका छिपा है? तथा यह जगत् किस में प्रतिष्ठित है?''

(भगवान्—) ''तृष्णा द्वारा यह समस्त जगत् उल्लङ्घित है। जरा द्वारा परिवृत (घिरा हुआ) है। मृत्यु द्वारा यह ढका छिपा है। तथा यह समस्त जगत् दुःख में प्रतिष्ठित है''॥ ●

६८. पिहितसूत्र : : आवरण

(देवता—) ८२. ''यह जगत् किससे आवृत है? किसमें प्रतिष्ठित है? किसके द्वारा लाँघा गया है? तथा किससे परिवारित है?''

(भगवान्—) ''यह समस्त जगत् मृत्यु से आवृत (ढका हुआ) है। यह दुःख में प्रतिष्ठित है। तृष्णा द्वारा यह लाँघ लिया गया है तथा जरा से परिवारित (घिरा हुआ) है''॥

६९. इच्छासुत्तं

८३. "केनस्सु बज्झती लोको, किस्स विनयाय मुच्चति?
किस्सस्सु विप्पहानेन, सब्बं छिन्दति बन्धनं" ति?
"इच्छाय बज्झती लोको, इच्छाविनयाय मुच्चति।
इच्छाय विप्पहानेन, सब्बं छिन्दति बन्धनं" ति॥ •

७०. लोकसुत्तं

८४. "किस्मिं लोको समुप्पन्नो, किस्मिं कुब्बति सन्थवं?
[R.41] किस्स लोको उपादाय, किस्मिं लोको विहञ्ञती" ति?
"छसु लोको समुप्पन्नो, छसु कुब्बति सन्थवं।
छन्नमेव उपादाय, छसु लोको विहञ्ञती" ति॥ •

अद्धवग्गो सत्तमो॥

तस्सुद्दानं

नामं चित्तं च तण्हा च, संयोजनं च बन्धना।
अब्भाहतुड्डितो पिहितो, इच्छा लोकेन ते दसा ति॥

---

६९. इच्छासूत्र : : इच्छा

(देवता—) ८३. "यह लोक किस में उलझता है? किस के निग्रह से मुक्त हो पाता है? किसके प्रहाण से सभी बन्धनों को काटने में समर्थ हो पाता है।"

(भगवान्—) "यह लोक में इच्छाओं में उलझ जाता है। इन्हीं इच्छाओं को यदि वह दबा दे, नियन्त्रित कर ले तो वह सांसारिक बन्धनों से मुक्त हो सकता है। इच्छाओं के प्रहाण (नाश या त्याग) से सभी बन्धन काटने में समर्थ हो सकता है"॥ •

७०. लोकसूत्र : : लोक

(देवता—) ८४. "यह लोक किस के होने से उत्पन्न होता है? कितनों में साथ रहता है? यह किस को ग्रहण कर होता है? तथा किसके कारण सङ्कटग्रस्त होता है?"

(भगवान्—) "यह लोक छह आध्यात्मिक आयतनों (चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, काय एवं मन) के होने उत्पन्न होता है। छह में साथ रहता है। छह को ही ग्रहण कर उत्पन्न होता है तथा इन छह के कारण ही यह सङ्कटग्रस्त होता है"॥ •

अध्ववर्ग सप्तम सम्पन्न॥

इस वर्ग की सूची—इस वर्ग में दश सूत्रों का व्याख्यान हुआ है; जैसे—१. नाम, २. चित्त, ३. तृष्णा, ४. संयोजन, ५. बन्धन, ६. अभ्याहत, ७. उड्डित, ८. पिहित, ९. इच्छा एवं १०. लोक सूत्र॥ •

८. छेत्वावग्गो

७१. छेत्वासुत्तं

८५. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं ठिता खो सा देवता भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"किंसु छेत्वा सुखं सेति, किंसु छेत्वा न सोचति?
किस्सस्सु एकधम्मस्स, वधं रोचेसि गोतमा" ति॥?
"कोधं छेत्वा सुखं सेति, कोधं छेत्वा न सोचति। [N.39, B.39]
कोधस्स विसमूलस्स, मधुरग्गस्स देवते।
वधं अरिया पसंसन्ति, तं हि छेत्वा न सोचती" ति॥ ●

७२. रथसुत्तं

८६. "किंसु रथस्स पञ्ञाणं, किंसु पञ्ञाणमग्गिनो।
किंसु रट्ठस्स पञ्ञाणं, किंसु पञ्ञाणमित्थिया" ति?

---

८. छित्त्वा वर्ग

७१. छित्त्वसूत्र : : नाश

८५. नीचे व्याख्यात इन एकादश (११) सूत्रों का प्रवचन भी भगवान् ने **श्रावस्ती** में साधनाहेतु विराजमान रहते हुए ही किया था॥

एक तरफ खड़े किसी देवता ने भगवान् से गाथा के माध्यम से यह प्रश्न किया—

"किसको काट कर मनुष्य सुखपूर्वक सोता है? किसको काटने के बाद वह शोक मग्न नहीं होता? हे गौतम! मुझ को यह भी बताइये कि आप किस एक धर्म के नाश का उपदेश करते हैं?"

(भगवान्—) "क्रोध को काट कर ही मनुष्य सुखपूर्वक सोने में समर्थ हो सकता है। क्रोध को काट देने पर मनुष्य को शोकसंविग्न होने का कोई अवसर नहीं आता। हे देवता! वर्तमान में मीठा लगने वाले परन्तु परिणाम में विषतुल्य क्रोध का वध (नाश) ही आर्य जनों द्वारा प्रशस्त माना गया है। उसके नष्ट होने पर मनुष्य कभी शोकसंविग्न नहीं होता"॥ ●

७२. रथसूत्र : : रथ

(देवता—) ८६. "क्या देखकर रथ का आगमन ज्ञात होता है? तथा क्या देखकर अग्नि का अस्तित्व ज्ञात हो जाता है? किसी राष्ट्र का ज्ञान कैसे होता है? इसी तरह किसी स्त्री का प्रज्ञान कैसे हो पाता है?

[R.42] "धजो रथस्स पञ्ञाणं, धूमो पञ्ञाणमग्गिनो।
राजा रट्ठस्स पञ्ञाणं, भत्ता पञ्ञाणमित्थिया" ति॥ •

७३. वित्तसुत्तं

८७. "किंसूध वित्तं पुरिसस्स सेट्ठं, किंसु सुचिण्णो सुखमावहाति।
किंसु हवे सादुतरं रसानं, कथञ्जीविं जीवितमाहु सेट्ठं" ति?
"सद्धीध वित्तं पुरिसस्स सेट्ठं, धम्मो सुचिण्णो सुखमावहाति।
सच्चं हवे सादुतरं रसानं, पञ्ञाजीविं जीवितमाहु सेट्ठं" ति॥ •

७४. वुट्ठिसुत्तं

८८. "किंसु उप्पततं सेट्ठं, किंसु निपततं वरं।
किंसु पवजमानानं, किंसु पवदतं वरं" ति?
"बीजं उप्पततं सेट्ठं, वुट्ठि निपततं वरा।
गावो पवजमानानं, पुत्तो पवदतं वरो ति॥

(भगवान्—) "दूर से ध्वज को देखकर रथ का आगमन ज्ञात हो जाता है। इसी तरह दूर से धूआँ देख कर अग्नि का ज्ञान हो जाता है। राजा के अस्तित्व से राष्ट्र का ज्ञान हो जाता है। तथा पति को देखकर स्त्री के विषय में बहुत कुछ जाना जा सकता है"॥•

७३. वित्तसूत्र : : धन

(देवता—) ८७. "संसार में पुरुष का सर्वश्रेष्ठ धन क्या है? क्या अधिक उपार्जित किया हुआ सुखदायी होता है? रसों में स्वादिष्ठ रस कौन होता है? तथा मनुष्य के कैसे जीवन को बुद्धिमान् लोग श्रेष्ठ कहते हैं?"

(भगवान्—) "संसार में पुरुष का सर्वश्रेष्ठ धन श्रद्धा है। धर्म का उपार्जन ही सर्वदा सुखदायी होता है। रसों में स्वादिष्ठ रस सत्य का होता है, जो परिणाम में सर्वदा मधुर ही होता है। तथा प्रज्ञापूर्वक जीवन बुद्धिमान् लोग श्रेष्ठ मानते हैं॥" •

७४. वृष्टिसूत्र : : वर्षा

(देवता—) ८८. "ऊपर उठते रहने वालों में क्या श्रेष्ठ है? गिरने वालों में सर्वोत्तम क्या है? घूमते रहने वालों में श्रेष्ठ क्या हैं? तथा प्रवक्ताओं (बोलने वालों) उत्तम कौन है?"

(भगवान्—) "ऊपर उठने (उगने) वालों में बीज श्रेष्ठ है। गिरने वालों में वृष्टि सर्वोत्तम है। घूमते रहने वालों में गौ सर्वश्रेष्ठ है। तथा बोलने वालों में पुत्र सर्वोत्तम हे (क्योंकि पुत्र का अधिक बोलना भी माता पिता को प्रिय ही लगता है)॥

"विज्जा उप्पततं सेट्ठा, अविज्जा निपततं वरा।
सङ्घो पवजमानानं, बुद्धो पवदतं वरो" ति॥ ●

७५. भीतासुत्तं

८९. "किंसूध भीता जनता अनेका, मग्गो चनेकायतनप्पवुत्तो?
पुच्छामि तं गोतम भूरिपञ्ञ, किस्मिं ठितो परलोकं न भाये" ति? [N.40]
"वाचं मनं च पणिधाय सम्मा, कायेन पापानि अकुब्बमानो। [B.40]
बव्हन्नपानं घरमावसन्तो, सद्धो मुदू संविभागी वदञ्ञू। [R.43]
एतेसु धम्मेसु ठितो चतूसु, धम्मे ठितो परलोकं न भाये" ति॥ ●

७६.नजीरतिसुत्तं

९०. "किं जीरति किं न जीरति, किंसु उप्पथो ति वुच्चति?
किंसु धम्मानं परिपन्थो, किंसु रत्तिन्दिवक्खयो?
किं मलं ब्रह्मचरियस्स, किं सिनानमनोदकं?॥
"कति लोकस्मिं छिद्दानि, यत्थ चित्तं न तिट्ठति?
भगवन्त पुट्ठुमागम्म, कथं जानेसु तं मयं" ति?
"रूपं जीरति मच्चानं, नामगोत्तं न जीरति।
रागो उप्पथो ति पवुच्चति॥

"अथ च, उड़ने वालों में विद्या श्रेष्ठ है। गिरते वालों में अविद्या सबसे बड़ी है। घूमते रहने वालों में भिक्षुसङ्घ एवं वक्ताओं में बुद्ध सर्वश्रेष्ठ (प्रवर) हैं॥" ●

७५. भीतसूत्र : : भय

(देवता—) ८९. "संसार में अनेक लोग भयभीत की तरह क्यों रहते हैं? मार्ग अनेकविध लघुमार्गों में विभक्त रहते हैं, हे महाज्ञानी गौतम! मैं आप से पूछता हूँ कि साधक किस मार्ग पर खड़ा रह कर परलोक से भय न माने?"

(भगवान्—) "वाणी एवं मन को संयत कर, शरीर से कोई पाप न करता हुआ, अन्न-पान सामग्री से पूर्ण घर में रहता हुआ, श्रद्धालु एवं मृदु स्वभाव वाला बन कर, बाँट कर खाने वाला. उदारचित्त साधक धर्माचरण करता हुआ परलोक में भय नहीं मानता॥●

७६.'नजीर्यते' सूत्र : : जीर्ण (पुराना) न होना

(देवता—) ९०. "क्या जीर्ण होता है? क्या जीर्ण नहीं होता? कैसे कुमार्ग पर चला जाता है? धर्म का विरोधी क्या है, अर्थात् कार्य में क्या बाधक होता है? दिन रात स्नान क्या है? लोक में कितने छिद्र हैं जहाँ चित्त स्थिर नहीं रहता? ये ही प्रश्न पूछने के लिये हम आप के पास आये हैं। हम इनको कैसे समझें!"

"लोभो धम्मानं परिपन्थो, वयो रत्तिन्दिवक्खयो।
इत्थी मलं ब्रह्मचरियस्स, एत्थायं सज्जते पजा।
तपो च ब्रह्मचरियं च, तं सिनानमनोदकं॥
"छ लोकस्मिं छिद्दानि, यत्थ चित्तं न तिट्ठति।
आलस्यं च पमादो च. अनुट्ठानं असंयमो।
निद्दा तन्दी च ते छिद्दे, सब्बसो तं विवज्जये" ति॥ •

७७. इस्सरियसुत्तं

९१. "किंसु इस्सरियं लोके, किंसु भण्डानमुत्तमं?
किंसु सत्थमलं लोके, किंसु लोकस्मिमब्बुदं?
"किंसु हरन्तं वारेन्ति, हरन्तो पन को पियो?
किंसु पुनप्पुनायन्तं, अभिनन्दन्ति पण्डिता" ति?
[N.41, B.41] "वसो इस्सरियं लोके, इत्थी भण्डानमुत्तमं।
कोधो सत्थमलं लोके, चोरा लोकस्मिमब्बुदा॥
"चोरं हरन्तं वारेन्ति, हरन्तो समणो पियो।
समणं पुनप्पुनायन्तं, अभिनन्दन्ति पण्डिता" ति॥ •

(भगवान्—) "मनुष्यों का रूप पुराना हो जाता है। उसके नाम और पुराने नहीं होते। राग के कारण मनुष्य कुपथगामी हो जाता है। लोभ धर्म कार्य में बाधक होता है। मनुष्य की आयु रात दिन क्षीण होती चलती है। स्त्री ब्रह्मचर्य (धर्मसाधना) का मल है; यहीं लोग आसक्त होकर फँस जाते हैं। तप एवं ब्रह्मचर्य—ये दोनों 'जल के विना स्नान' कहलाते हैं। लोक में ये छह छिद्र हैं, जहाँ चित्त स्थिर नहीं होता—१. आलस्य, २. प्रमाद, ३.उत्साहहीनता, ४. असंयम, ५. निद्रा एवं ६. तन्द्रा। साधक इन का सर्वथा वर्जन करे"॥

७७. ऐश्वर्यसूत्र : : वैभवशालिता

(देवता—) ९१. "संसार में ऐश्वर्य क्या है? कौन सी उपभोग की वस्तु सर्वोत्तम है? लोक में शास्त्र का मल क्या है? तथा वहाँ विनाश का कारण क्या है? लोग किसको ले जाने से रोकते हैं? ले जाने वालों में कौन प्रिय हैं? पण्डित जन किस बार बार आते हुए का अभिनन्दन करते हैं?"

(भगवान्—) "संसार में किसी को अधीन (वश में) रखना ऐश्वर्य कहलाता है। लौकिक वस्तुओं में स्त्री सर्वोत्तम है। लोक में शस्त्र का मल क्रोध है, तथा चौर लोक में विनाश के कारण हैं। चौर को वस्तु ले जाने से लोग रोकते हैं। पुनः पुनः आने वालों में

७८. कामसुत्तं

९२. "किमत्थकामो न ददे, किं मच्चो न परिच्चजे। [R.44]
किंसु मुञ्चेय्य कल्याणं, पापिकं न च मोचये" ति?
"अत्तानं न ददे पोसो, अत्तानं न परिच्चजे।
वाचं मुञ्चेय्य कल्याणं, पापिकं च न मोचये" ति॥ •

७९. पाथेय्यसुत्तं

९३. "किंसु बन्धति पाथेय्यं, किंसु भोगानमासयो?
किंसु नरं परिकस्सति, किंसु लोकस्मि दुज्जहं?
किस्मिं बद्धा पुथू सत्ता, पासेन सकुणी यथा" ति?
"सद्धा बन्धति पाथेय्यं, सिरी भोगानमासयो।
अच्छा नरं परिकस्सति, इच्छा लोकस्मि दुज्जहा।
इच्छाबद्धा पुथू सत्ता, पासेन सकुणी यथा" ति॥ •

८०. पज्जोतसुत्तं

९४. "किंसु लोकस्मि पज्जोतो, किंसु लोकस्मि जागरो?
किंसु कम्मे सजीवानं, किमस्स इरियापथो?

भिक्षु सर्वप्रिय है। बार बार आते हुए भिक्षु (श्रमण) का सभी बुद्धिमान् अभिनन्दन करते हैं॥ •

७८. कामसूत्र : : आत्मदाननिषेध

(देवता—) ९२. "परमार्थ की इच्छा रखने वाला क्या न दे? मनुष्य किसका परित्याग न करे? किस कल्याण को बाहर निकालने दे? तथा किस बुरे को बाहर न निकालने दे?"

(भगवान्—) "परमार्थेच्छु अपना दान न कर डाले। मनुष्य अपना परित्याग न करे। कल्याणी वाक् ही मुख से निकाले। अशुभ वाणी मुख से न निकलने दे"॥ •

७९. पाथेयसूत्र : : मार्गव्यय

(देवता—) ९३. "मार्गव्यय (पाथेय) कौन लाँघता है? भोगों का आधार क्या है? मनुष्य को कौन खींच लेता है? लोक में क्या कठिनता से छोड़ने योग्य है? जैसे पक्षी जाल में फँस जाता है वैसे ही सरल प्राणी किस में बँध जाते हैं?"

(भगवान्—) "श्रद्धा मार्गव्यय बाँधती है। सभी भोग ऐश्वर्य में बँध जाते हैं। इच्छा (वासना) मनुष्य को खींचती है। लोक में इच्छा का त्याग बहुत कठिन है। इस वासना में ही जीव बँधे हैं, जैसे जाल में पक्षी (बँध जाते हैं)॥ •

"किंसु अलसं अनलसं च, माता पुत्तं व पोसति?
किं भूता उपजीवन्ति, ये पाणा पठविं सिता" ति?
"पञ्ञा लोकस्मि पज्जोतो, सति लोकस्मि जागरो।
गावो कम्मे सजीवानं, सीतस्स इरियापथो॥
"वुट्ठि अलसं अनलसं च, माता पुत्तं व पोसति।
वुट्ठिं भूता उपजीवन्ति, ये पाणा पठविं सिता" ति॥

८१. अरणसुत्तं

[N.42, B.42] ९५. "केसूध अरणा लोके, केसं वुसितं न नस्सति?
केध इच्छं परिजानन्ति, केसं भोजिस्सियं सदा?
[R.45] "किंसु माता पिता भाता, वन्दन्ति नं पतिट्ठितं?
किंसु इध जातिहीनं, अभिवादेन्ति खत्तिया" ति?
"समणीध अरणा लोके, समणानं वुसितं न नस्सति।
समणा इच्छं परिजानन्ति, समणानं भोजिस्सियं सदा॥

---

८०. प्रद्योतसूत्र : : प्रकाश

(देवता—) ९४. "लोक में चमकने वाला (प्रकाश) क्या है? लोक में सदा जाग्रत् कौन है? प्राणियों में कौन कार्य में सबसे अधिक सहायक होता है? तथा उसके चलने का मार्ग क्या है? माता जैसे पुत्र की रक्षा करती है वैसे ही आलसी एवं उदयोगी-दोनों की रक्षा कौन करता है? किसके रहने से सभी प्राणी, जो पृथ्वी पर बसते हैं, प्राण धारण करते हैं?"

(भगवान्—) "प्रज्ञा ही लोक में प्रकाश है। स्मृति ही लोक में सदा जागती रहती है। प्राणियों में बैल सबसे अधिक साथ देता है। जोत उसके चलने का मार्ग है। वृष्टि (वर्षा) ही आलसी एवं उदयमी-दोनों की रक्षा उसी तरह करती है, जैसे माता पुत्र की। वृष्टि के होने से ही सब प्राणी, जितने पृथ्वी पर बसते हैं, जीवन धारण करते हैं"॥

८१. अरणसूत्र : : क्लेशरहितता

(देवता—) ९५. "लोक में कौन क्लेशरहित हैं? किन का ब्रह्मचर्यवास (धर्मसाधना) व्यर्थ नहीं जाता? कौन इच्छा को भली भाँति समझता है? तथा कौन किसी के दास (=भुजिष्य) सदा रहते हैं?"

"माता पिता एवं भाई किस प्रतिष्ठित की वन्दना करते हैं? किस जातिहीन की क्षत्रिय जन भी वन्दना करते हैं?"

(भगवान्—) "श्रमण (सन्तजन) ही लोक में क्लेशरहित हैं। सन्तों की धर्मसाधना

"समणं माता पिता भाता, वन्दन्ति नं पतिट्ठितं।
समणीध जातिहीनं, अभिवादेन्ति खत्तिया" ति॥ ●

छेत्वावग्गो अट्ठमो॥

तस्सुद्दानं

छेत्वा रथं च चित्तं च, वुट्ठि भीता नजीरति।
इस्सरं कामं पाथेय्यं, पज्जोतो अरणेन चा ति॥ ●

देवतासंयुत्तं समत्तं॥

नष्ट नहीं होती। यहाँ जाति अभिमान से रहित सन्त (श्रमण) की लोक में माता पिता एवं भाई भी वन्दना करते हैं। इसी जातिहीन श्रमण की क्षत्रिय (राजा) भी पूजा (अभिवादन) करते हैं"॥ ●

छित्वावर्ग अष्टम समाप्त॥

इस वर्ग की सूची—इस वर्ग में ये एकादश सूत्र व्याख्यात हैं; जैसे—१. छित्वा, २. रथ, ३. चित्त, ४. वृष्टि, ५. भीत, ६. नजीर्यते, ७. ऐश्वर्य, ८. काम, ९. पाथेय, १०. प्रद्योत एवं ११. अरण सूत्र॥ ●

देवतासंयुक्त प्रथम समाप्त॥

२. देवपुत्तसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१. पठमकस्सपसुत्तं

[N.43, B.43, R.46] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो कस्सपो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो कस्सपो देवपुत्तो भगवन्तं एतदवोच— "भिक्खुं भगवा पकासेसि, नो च भिक्खुनो अनुसासं" ति।

"तेन हि कस्सप, तञ्ञेवेत्थ पटिभातू" ति।

"सुभासितस्स सिक्खेथ, समणूपासनस्स च।
एकासनस्स च रहो, चित्तवूपसमस्स चा" ति॥

२. इदमवोच कस्सपो देवपुत्तो; समनुञ्ञो सत्था अहोसि। अथ खो कस्सपो देवपुत्तो "समनुञ्ञो मे सत्था" ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

---

२. देवपुत्रसंयुक्त

१. प्रथम वर्ग

१. प्रथम काश्यपसूत्र : : भिक्षु-अनुशासन

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती** में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्माणित जेतवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी देवपुत्र काश्यप चान्दनी रात्रि में समस्त जेतवन को आलोकित करता हुआ भगवान् के सम्मुख जाकर उन्हें प्रणाम कर एक ओर खड़ा होता हुआ यों निवेदन करने लगा—"भगवान् ने भिक्षुओं को तो साधना में आगे बढ़ाया; परन्तु भिक्षु-अनुशासन पर अभी तक कोई प्रकाश नहीं डाला।"

"तो काश्यप, तुम ही बताओ, जैसा तुमने उस अनुशासन को समझा है?"
(काश्यप ने कहा—) "सदुपदेश एवं सन्तों की सेवा, एकान्तवास एवं चित्त की शान्ति का भिक्षु को अभ्यास करना चाहिये।"

२. काश्यप ने (इस प्रसङ्ग में) यह कहा। भगवान् ने भी इसका अनुमोदन किया। तब काश्यप देवपुत्र ने भगवान् को भी सहमत जानकर उनकी वन्दना एवं प्रदक्षिणा कर वह वहीं अन्तर्धान हो गया॥

२. दुतियकस्सपसुत्तं

३. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं ठितो खो कस्सपो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"भिक्खु सिया झायी विमुत्तचित्तो, आकङ्खे चे हदयस्सानुपत्तिं।
लोकस्स ञत्वा उदयब्बयं च, सुचेतसो अनिस्सितो तदानिसंसो" ति॥ •

३. माघसुत्तं

४. सावत्थिनिदानं। अथ खो माघो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। [R.47, B.44]

एकमन्तं ठितो माघो देवपुत्तो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि— [N.44]

"किंसु छेत्वा सुखं सेति, किंसु छेत्वा न सोचति।
किस्सस्सु एकधम्मस्स, वधं रोचेसि गोतमा" ति?
"कोधं छेत्वा सुखं सेति, कोधं छेत्वा न सोचति।
कोधस्स विसमूलस्स, मधुरग्गस्स वत्रभू।
वधं अरिया पसंसन्ति, तं हि छेत्वा न सोचती" ति॥ •

---

२. द्वितीय काश्यप सूत्र : : भिक्षु-अनुशासन

३. यह सूत्र भी **श्रावस्ती** में उपदिष्ट है। एक तरफ खड़े हुए देवपुत्र काश्यप ने भगवान् से इस गाथा से निवेदन किया—

"यदि कोई भिक्षु ध्यानी विमुक्तचित्त होकर अपना मनःसङ्कल्प (अर्हत्पदप्राप्ति) पूर्ण करना चाहे तो उसे चाहिये कि वह संसार के उत्पाद एवं विनाश स्वभाव को जानकर, पवित्र मन वाला होकर, संसार के प्रति अनासक्त भाव से विचरण करे। इसी में इसकी प्रशंसा है"॥ •

३. माघसूत्र : : किस के नाश से सुख होता है?

४. यह सूत्र भी **श्रावस्ती** में ही...। तब कभी माघ नामक देवपुत्र चान्दनी रात्रि में...भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ खड़ा हो गया। एक तरफ खड़े हुए उस माघ देवपुत्र ने भगवान् को गाथाओं के माध्यम से यों निवेदन किया—

"साधक क्या काट (नष्ट) कर सुख से सो पाता है? क्या काट कर वह शोकमग्न नहीं होता? हे गौतम! आप ऐसे किस एक धर्म का वध (नाश) उचित बताते है?"

(भगवान् ने उत्तर दिया—) "साधक अपने क्रोध को नष्ट करके ही सुख (शान्ति) पूर्वक सो सकता है। ऐसा करने पर उसे सांसारिक वस्तुओं के प्रति शोकमग्न भी नहीं

४. मागधसुत्तं

५. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं ठितो खो मागधो देवपुत्तो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"कति लोकस्मिं पज्जोता, येहि लोको पकासति।
भवन्तं पुट्ठुमागम्म, कथं जानेमु तं मयं" ति?
"चत्तारो लोके पज्जोता, पञ्चमेत्थ न विज्जति।
दिवा तपति आदिच्चो, रत्तिमाभाति चन्दिमा॥
"अथ अग्गि दिवारत्तिं, तत्थ तत्थ पकासति।
सम्बुद्धो तपतं सेट्ठो, एसा आभा अनुत्तरा" ति॥ ●

५. दामलिसुत्तं

६. सावत्थिनिदानं। अथ खो दामलि देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्त-वण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो दामलि देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

होना पड़ता। यह क्रोध जो कि वर्तमान में बहुत अच्छा लगता है, परन्तु इसका परिणाम भयानक विपसम्पृक्त है, हे वृत्रहा ! इसका नाश करना आर्य पण्डितजनों ने प्रशस्त कहा है। इस नाश से साधक को कहीं भी शोकसंविग्न नहीं होना पड़ता"॥ ●

४. मागधसूत्र : : चतुर्विध आलोक

५. यह सूत्र **श्रावस्ती** में उपदिष्ट है। एक ओर खड़े मागध देवपुत्र ने भगवान् से गाथा द्वारा यह प्रश्न किया—

"लोक में कितने प्रकार के प्रकाश हैं ? जिनसे यह लोक प्रकाशित होता है ? हम लोग यह बात कैसे जानें ?— यह पूछने के लिये ही हम आपके पास आये हैं।"

(भगवान् ने बताया—) "लोक में चार प्रकार के प्रकाश (प्रद्योत) है, पाँचवाँ इनके अतिरिक्त कोई नहीं है। १. दिन में सूर्य तपता है, २. रात्रि में चन्द्रमा शोभित होता है, ३. अग्नि भी जहाँ तहाँ दिन रात प्रकाश करती ही रहती है। तथा ४. भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध इन प्रकाशमान वस्तुओं में सर्वश्रेष्ठ हैं। इन की आभा (दिव्य प्रकाश) अलौकिक है"॥ ●

५. दामलिसूत्र : : कृतकृत्य ब्राह्मण

६. सूत्र **श्रावस्ती** में उपदिष्ट। तब दामलि देवपुत्र चान्दनी रात्रि में सपस्त जेतवन को अपने तेज से आलोकित करता हुआ भगवान् के सम्मुख आया। तथा उन्हें प्रणाम करते हुए एक तरफ खड़े होकर उसने अपना अभिमत यों प्रकट किया—

"करणीयमेतं ब्राह्मणेन, पधानं अकिलासुना।
कामानं विप्पहानेन, न तेनासीसते भवं" ति॥

"नत्थि किच्चं ब्राह्मणस्स, (दामली ति भगवा) कतकिच्चो हि ब्राह्मणो।

"याव न गाधं लभति नदीसु, आयूहति सब्बगत्तेभि जन्तु। [B.45]
गाधं च लद्धान थले ठितो यो, नायूहती पारगतो हि सो व॥ [R.48]

"एसूपमा दामलि ब्राह्मणस्स, खीणासवस्स निपकस्स झायिनो। [N.45]
पप्पुय्य जातिमरणस्स अन्तं, नायूहती पारगतो हि सो" ति॥ ●

६. कामदसुत्तं

७. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं ठितो खो कामदो देवपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—

"दुक्करं भगवा, सुदुक्करं भगवा" ति।

"दुक्करं वा पि करोन्ति (कामदा ति भगवा), सेखा सीलसमाहिता।
ठितत्ता अनगारियुपेतस्स, तुट्ठि होति सुखावहा" ति॥

"यहाँ ब्राह्मण को क्रियाशील रहते हुए साधना में वृद्धि का प्रयास करना चाहिये। वासनाओं के सर्वथा प्रहाण से ही उसे यहाँ पुनः जन्म ग्रहण की आवश्यकता नहीं होती॥"

(भगवान् ने कहा—) "दामलि! ब्राह्मण को कोई कृत्य नहीं करना पड़ता। वह कृतकृत्य है।

"जैसे नदी में तैरने वाला जब तक नदी की गम्भीरता (गहराई) का ज्ञान नहीं कर लेता तभी तक वह अपने शरीर के सभी अङ्गों से नदी में तैरने का प्रयत्न करता है। नदी के गाम्भीर्य का ज्ञान होने पर वह स्थल पर आकर बैठ जाता है। तब वह वैसा कोई प्रयत्न नहीं करता, क्योंकि वह नदी का गाम्भीर्य जान चुका है।

"दामलि! नदी का यह दृष्टान्त उस क्षीणास्रव, चतुर ध्यानी ब्राह्मण (भिक्षु) के लिये भी समझ लो। वह जन्म-मरण की वास्तविकता (अन्त) जानने के बाद कोई प्रयत्न नहीं करता; क्योंकि वह इस भवसागर को पार कर चुका है"॥ ●

६. कामदसूत्र : : सुखद सन्तोष

७. इस सूत्र का उपदेश **श्रावस्ती में** ही हुआ है। .....एक तरफ खड़े देवपुत्र ने भगवान् से यों निवेदन किया— "भगवन्? यह तो दुष्कर है! अत्यधिक दुष्कर है!" भगवान् बोले— कामद! दुष्कर होने पर भी साधक लोग इसे पूर्ण कर ही लेते हैं। वे शैक्ष्य, शीलसम्पन्न, स्थिरचित्त एवं प्रव्रजित साधक इसे पूर्ण कर अत्यधिक सुखद सन्तोष का अनुभव करते हैं॥"

"दुल्लभं भगवा यदिदं तुट्ठी" ति।
"दुल्लभं वा पि लभन्ति (कामदा ति भगवा), चित्तवूपसमे रता।
येसं दिवा च रत्तो च, भावनाय रतो मनो" ति॥
"दुस्समादहं भगवा यदिदं चित्तं" ति।
"दुस्समादहं वा पि समादहन्ति (कामदा ति भगवा), इन्द्रियूपसमे रता।
ते छेत्वा मच्चुनो जालं, अरिया गच्छन्ति कामदा" ति॥
[B.46] "दुग्गमो भगवा विसमो मग्गो" ति।
"दुग्गमे विसमे वा पि, अरिया गच्छन्ति कामद!
अनरिया विसमे मग्गे, पपतन्ति अवंसिरा।
अरियानं समो मग्गो, अरिया हि विसमे समा" ति॥ •

७. पञ्चालचण्डसुत्तं

८. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं ठितो खो पञ्चालचण्डो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"भगवन्! जिसे आप सन्तोष कह रहे हैं, यह भी तो दुर्लभ ही है?"

"कामद, इस दुर्लभ को भी वैसे साधक प्राप्त कर ही लेते हैं जिनका चित्त कामादि विकारों से शान्त हो चुका है, तथा जिन का मन दिन रात साधना में ही रमा रहता है"॥

"भगवन्! चित्त को ऐसी साधना में लगाना भी दुष्कर ही ज्ञात होता है?"

"हाँ, कामद, अवश्य दुष्कर लगता है। परन्तु जो साधक, इन्द्रिय संयम में निरन्तर लगे हुए हैं, वे आर्यजन एक न एक दिन मृत्युपाश को काट कर पार चले ही जाते हैं"॥

"भगवन् ! ऐसे चञ्चल चित्त पर स्थायी संयम कर लेना भी तो दुर्गम मार्ग लगता है, विषम मार्ग लगता है?"

(भगवान् ने कहा—)" दुर्गम कहो या विषम, कामद! आर्यजन तो इस मार्ग पर चल कर भवसागर पार कर ही लेते है। हाँ तुम्हारा कहना भी ठीक ही है, क्योंकि अनार्य (पापी) जन इस मार्ग पर चलने का प्रयत्न करने पर औधे मुँह गिर पड़ते है। अतः यों कहना चाहिये कि यह मार्ग आर्यजनों के लिये सम (सरल) प्रतीत होता है, वही यह मार्ग अनार्यों के लिये विषम है, दुर्गम है॥"

७. पाञ्चालचण्डसूत्र : : स्मृतिलाभ द्वारा धर्मसाक्षात्कार

८. यह सूत्र भी **श्रावस्ती** में ही उपदिष्ट है।.....एक ओर खड़े पाञ्चालचण्ड नामक देवपुत्र ने भगवान् के सम्मुख जाकर यह गाथा कही—

"सम्बाधे वत ओकासं, अविन्दि भूरिमेधसो। [N.46]
यो झानमबुज्झि बुद्धो, पटिलीननिसभो मुनी" ति॥
"सम्बाधे वा पि विन्दन्ति (पञ्चालचण्डा ति भगवा), धम्मं निब्बानपत्तिया।
ये सतिं पच्चलत्थंसु, सम्मा ते सुसमाहिता" ति॥ ●

८. तायनसुत्तं

९. सावत्थिनिदानं। अथ खो तायनो देवपुत्तो पुराणतित्थकरो [R.49] अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो तायनो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमा गाथायो अभासि—

"छिन्द सोतं परक्कम्म, कामे पनुद ब्राह्मण।
नप्पहाय मुनी कामे, नेकत्तमुपपज्जति॥
"कयिरा चे कयिराथेनं, दळ्हमेनं परक्कमे।
सिथिलो हि परिब्बाजो, भिय्यो आकिरते रजं॥
"अकतं दुक्कटं सेय्यो, यं कत्वा नानुतप्पति।
कतं च सुकतं सेय्यो, यं कत्वा नानुप्पति॥

"सङ्कीर्ण एवं विषम मार्ग में भी ध्यानाभ्यासरत, ज्ञानी, निरहङ्कार, श्रेष्ठ भूरिप्रज्ञ मुनि लोग आगे बढ़ने का अवसर निकाल ही लेते हैं'॥

भगवान् बोले—"हाँ, पाञ्चालचण्ड! जिन्होंने निर्वाण प्राप्तिहेतु धर्म को जान लिया, वे स्मृतिमान् होकर समाहित मन से सङ्कीर्ण एवं विषम मार्ग में भी आगे वढ़ने का उपाय खोज लेते हैं'॥ ●

८. त्राणसूत्र : : शैथिल्यत्याग

९. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही....। तब तायन देवपुत्र, जो पूर्वजन्म में एक तीर्थङ्कर (सम्प्रदायविशेष का संस्थापक) था, चान्दनी रात्रि में....भगवान् को प्रणाम कर एक ओर खड़ा हो गया। एक ओर खड़े होकर उसने भगवान् से ये गाथायें कहीं—

"हे ब्राह्मण! (हे भिक्षु) काम-स्रोतों को काट दें, पराक्रम कर। कामभोगों से दूर रह। कामभोगों का त्याग किये विना मुनि(साधक) साधनमार्ग में एकाग्रता की ओर नहीं बढ़ सकता॥

"यदि पराक्रम करना ही है तो उस साधनों में दृढ पराक्रम करना चाहिये। जो प्रव्रजित भिक्षु अपने साधना के उद्देश्य की प्राप्ति में शिथिल है वह कभी (गृहावास की ओर अभिमुख होकर) अपने चित्त को पहले की अपेक्षा अधिक मलयुक्त कर लेता है॥

[B.47] "कुसो यथा दुग्गहितो, हत्थमेवानुकन्तति।
सामञ्ञं दुप्परामट्ठं निरयायूपकड्ढति॥
"यं किञ्चि सिथिलं कम्मं, सङ्किलिट्ठं च यं वतं।
सङ्कस्सरं ब्रह्मचरियं, न तं होति महप्फलं" ति॥

१०. इदमवोच तायनो देवपुत्तो; इदं वत्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा...।

११. अथ खो भगवा तस्सा रत्तिया अच्चयेन भिक्खू आमन्तेसि—"इमं,
[N.47] भिक्खवे, रत्तिं तायनो नाम देवपुत्तो पुराणतित्थकरो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो, खो भिक्खवे, तायनो देवपुत्तो मम सन्तिके इमा गाथायो अभासि—

"छिन्द सोतं परक्कम्म, कामे पनुद, ब्राह्मण! [ध०प०, ३८३ गा०]
नप्पहाय मुनी कामे, नेकत्तमुपपज्जति॥
'कयिरा चे कयिराथेनं, दळ्हमेनं परक्कमे।
[R.50] सिथिलो हि परिब्बाजो, भिय्यो आकिरते रजं॥ [ध०प०, ३१३ गा०]

"किसी कार्य को मिथ्या पद्धति से करने की अपेक्षा उसे आरम्भ न करना ही अच्छा है। यदि उसे आरम्भ करे तो उस सम्यक् पद्धति से आगे बढ़ाते हुए पूर्ण कर ही विश्राम ले। इससे मन में किसी प्रकार का पश्चात्ताप नहीं होता॥

"यदि कभी किसी कुश के तृण को मिथ्या पद्धति से पकड़ा जाय तो वह हाथ ही काट देगा; इसी तरह श्रमणभाव की साधना भी मिथ्या (विद्वानों द्वारा निन्द्य) पद्धति से आरम्भ की जायगी तो इसका दुष्परिणाम अन्त में नरकपात ही होगा॥

"निष्कर्ष यह है कि जो कुछ भी शिथिल कर्म हैं, जो व्रत कष्टसाध्य हैं, जो धर्माराधना खींच तान कर पूर्ण की है (=सङ्कस्सर)—ये सभी (तीनों ही) अधिक शुभफलप्रद नहीं होते हैं"॥

१०. वह तायन देवपुत्र यों बोला। यों कहकर भगवान् को अभिवादन एवं प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गया।

११. तब भगवान् ने उस रात्रि के बीत जाने पर (दूसरे दिन) भिक्षुओं को बुलाकर यों सम्बोधन किया— "भिक्षुओ ! आज रात्रि में, तायन देवपुत्र ने, जो कि पूर्वजन्म का तीर्थङ्कर था, मेरे पास आकर...एक ओर खड़े होकर ये हितकारी गाथाएँ कहीं—

'अकतं दुक्कटं सेय्यो, पच्छा तपति दुक्कटं।
कतं च सुकतं सेय्यो, यं कत्वा नानुतप्पति॥ [ध०प०, ३१४ गा०]
'कुसो यथा दुग्गहितो, हत्थमेवानुकन्तति। [ध०प०, ३११ गा०]
सामञ्ञं दुप्परामट्ठं, निरयायूपकड्ढति॥
'यं किञ्चि सिथिलं कम्मं, सङ्किलिट्ठं च यं वतं।
सङ्कस्सरं ब्रह्मचरियं, न तं होति महप्फलं' ति॥ [ध०प०, ३१२ गा०]

१२. "इदमवोच, भिक्खवे, तायनो देवपुत्तो, इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायि। उग्गण्हाथ, भिक्खवे, तायनगाथा; परियापुणाथ, भिक्खवे, तायनगाथा; धारेथ, भिक्खवे, तायनगाथा। अत्थसंहिता, भिक्खवे, तायन-गाथा आदिब्रह्मचरियिका" ति॥ ●

९. चन्दिमसुत्तं

१३. सावत्थिनिदानं। तेन खो पन समयेन चन्दिमा देवपुत्तो राहुना असुरिन्देन गहितो होति। अथ खो चन्दिमा देवपुत्तो भगवन्तं अनुस्सरमानो तायं वेलायं इमं गाथं अभासि— [B.48]

"नमो ते बुद्ध वीरत्थु, विप्पमुत्तोसि सब्बधि।
सम्बाधपटिपन्नोस्मि, तस्स मे सरणं भवा" ति॥

अथ खो भगवा चन्दिमं देवपुत्तं आरब्भ राहुं असुरिन्द गाथाय अज्झभासि—

'हे ब्राह्मण...पूर्ववत्...अधिक शुभफलप्रद नहीं होते॥'

१२. "यों कहकर... अन्तर्धान हो गया। भिक्षुओ ! इन गाथाओं को सीख लो, कण्ठस्थ कर लो, मन में उतार लो, इनके अनुसार अभ्यास करो। भिक्षुओ ! तायन की कही ये गाथाएँ तुम्हारी धर्मसाधना में दृढ़ता लाने वाली होंगी॥" ●

९. चन्द्रमासूत्र : : चन्द्रग्रहण

१३. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। उस समय चन्द्रमा देवपुत्र असुरेन्द्र राहु द्वारा ग्रसा (ग्रहण किया) जा रहा था। तब उस चन्द्रमा देवपुत्र ने भगवान् (बुद्ध) का स्मरण करते हुए यह विनति-गाथा कही—

"हे महावीर बुद्ध! आप को नमस्कार है, आप सर्वथ विमुक्त हैं। मैं इस समय आपद्ग्रस्त हूँ। कृपया आप मेरे शरणस्थल बनिये॥"

तब भगवान् ने चन्द्रमा देवपुत्र को लक्ष्य कर असुरेन्द्र राहु से गाथाओं के माध्यम से यों कहा—

[N.48] "तथागतं अरहन्त, चन्दिमा सरणं गतो।
राहु चन्दं पमुञ्चस्सु, बुद्धा लोकानुकम्पका" ति॥

१४. अथ खो राहु असुरिन्दो चन्दिमं देवपुत्तं मुञ्चित्वा तरमानरूपो येन वेपचित्ति असुरिन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा संविग्गो लोमहट्ठजातो एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितं खो राहु असुरिन्दं वेपचित्तिं असुरिन्दो गाथाय अज्झभासि—

"किं नु सन्तरमानो व, राहु चन्दं पमुञ्चसि।
संविग्गरूपो आगम्म, किं नु भीतो व तिट्ठसी" ति?
"सत्तधा मे फले मुद्धा, जीवन्तो न सुखं लभे।
बुद्धगाथाभिगीतोम्हि, नो चे मुञ्चेय्य चन्दिमं" ति॥ ●

१०. सुरियसुत्तं

[R.51] १५. सावत्थिनिदानं। तेन खो पन समयेन सुरियो देवपुत्तो राहुना असुरिन्देन गहितो होति। अथ खो सुरियो देवपुत्तो भगवन्तं अनुस्सरमानो तायं वेलायं इमं गाथं अभासि—

"नमो ते बुद्ध वीरत्थु, विप्पमुत्तोसि सब्बधि।
सम्बाधपटिपन्नोस्मि, तस्स मे सरणं भवा" ति॥

"हे राहु! यह चन्द्रमा देवपुत्र तथागत अर्हत् की शरण में आ चुका है, अत: तूँ इस चन्द्रमा को छोड़ दे। **बुद्ध** तो लोक पर सहज दयालु होते **हैं**, इसी दया के कारण तुझसे कह रहे हैं॥"

१४. तब राहु **असुरेन्द्र**, चन्द्रमा देवपुत्र को छोड़कर, शीघ्र ही वहाँ पहुँचा जहाँ वेपचित्ति असुरराज **बैठा था**। वहाँ पहुँच कर दु:खसंविग्न एवं भय के कारण रोमाञ्चित होकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस राहु असुरेन्द्र से असुरराज वेपचित्ति ने पूछा—

"हे राहु! क्यों तुम इतनी शीघ्रता (त्वरा) दिखाते हुए चन्द्रमा को छोड़कर चले आये? तथा यहाँ भी भयभीत के सदृश क्यों बैठे हो?"

(उत्तर में राहु ने कहा—) "मेरा मस्तक सात भागों में विभक्त हो जाता, जन्मपर्यन्त मुझे कभी सुख न मिलता, तथागत बुद्ध के कहने पर यदि मैं उस चन्द्रमा को न छोड़ता!" ●

१०. सूर्यसूत्र : : सूर्यग्रहण

१५. यह सूत्र **श्रावस्ती में** ही...। उस समय सूर्य देवपुत्र असुरेन्द्र राहु द्वारा ग्रसा (ग्रहण किया) जा रहा था। तब उस सूर्य देवपुत्र ने भगवान् बुद्ध का स्मरण करते हुए यह गाथा कही—

अथ खो भगवा सुरियं देवपुत्तं आरब्भ राहुं असुरिन्दं गाथाहि अज्झभासि—

"तथागतं अरहन्तं, सुरियो सरणं गतो। [B.49]
राहु सुरियं पमुञ्चस्सु, बुद्धा लोकानुकम्पका॥
"यो अन्धकारे तमसि पभङ्करो, वेरोचनो मण्डली उग्गतेजो।
मा राहु गिली चरमन्तलिक्खे, पजं ममं राहु पमुञ्च सुरियं" ति॥

१६. अथ खो राहु असुरिन्दो सुरियं देवपुत्तं मुञ्चित्वा तरमानरूपो येन वेपचित्ति असुरिन्दो तेनुपसङ्कमि; उपङ्कमित्वा संविग्गो लोमहट्ठजातो एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितं खो राहुं असुरिन्दं वेपचित्ति असुरिन्दो गाथाय अज्झभासि—

"किं नु सन्तरमानो व, राहु सुरियं पमुञ्चसि। [N.49]
संविग्गरूपो आगम्म, किन्नु भीतो व तिट्ठसी" ति?
"सत्तधा मे फले मुद्धा, जीवन्तो न सुखं लभे।
बुद्धगाथाभिगीतोम्हि, नो चे मुञ्चेय्य सुरियं" ति॥ •

पठमो वग्गो॥

"हे महावीर बुद्ध! आपको प्रणाम है। आप सर्वथा मुक्त हैं। मैं इस समय भयानक विपत्ति में फँस गया हूँ। कृपया मुझ को अपनी शरण दें!"

तब भगवान् ने सूर्य देवपुत्र की मुक्ति के लिये असुरेन्द्र राहु से गाथाओं में कहा— "हे राहु! यह सूर्य देवपुत्र तथागत अर्हत् की शरण में आ चुका है, अतः इसे तूँ छोड़ दे। बुद्ध तो लोक पर सहज दयालु होते हैं, अतः तुझसे इसकी मुक्ति के लिये कह रहे हैं॥

"जो काले अन्धकार में समस्त संसार को प्रकाश देता है, जो चमकने वाला है। यह मण्डल वाला तथा उग्रतेजस्वी है, आकाशचारी है, राहु! इसे न निगल, राहु! तूँ मेरे पुत्र सूर्य देवपुत्र को छोड़ दे।"

१६. तब वह राहु असुरेन्द्र सूर्यदेवपुत्र को छोड़कर शीघ्र ही असुरराज वेपचित्ति के पास पहुँचा। वहाँ पहुँचकर घबराया हुआ (संविग्न) तथा भय से रोमाञ्चित होकर एक ओर बैठ गया। तब उस राहु को असुरराज वेपचित्ति ने पूछा—

"अरे राहु! तुम इतना शीघ्र सूर्य को छोड़कर कैसे चले आये! यहाँ आ कर भी तुम घबराये हुए तथा भय से रोमाञ्चित दीख रहे हो! इतना भयभीत क्यों हो?"

(राहु ने कहा—) "मेरा मस्तक सात भागों में विभक्त हो जाता, या मैं जीवित रहकर भी अवशिष्ट आयु में सुख से वञ्चित ही रह जाता, यदि मैं सूर्य को न छोड़ देता; क्यों कि वह तथागत बुद्ध के आशीर्वाद से संरक्षित हो चुका था॥" •

प्रथम वर्ग समाप्त॥

तस्सुद्दानं

द्वे कस्सपा च माघो च, मागधो दामलि कामदो।
पञ्चालचण्डो तायनो, चन्दिमसुरियेन ते दसा ति॥

उस वर्ग की विषयसूची—इस वर्ग में इन दश सूत्रों का व्याख्यान हैं, जैसे—१. प्रथम काश्यप, २. द्वितीय काश्यप, ३. माघ, ४. मागध, ५. दामलि, ६. कामद, ७. पञ्चालचण्ड, ८. तायन, ९. चन्द्रमा, एवं १०. सूर्यसूत्र॥

२. अनाथपिण्डिकवग्गो

११. चन्दिमससुत्तं

१७. सावत्थिनिदानं। अथ खो चन्दिमसो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्त अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो चन्दिमसो [R.52, B.50] देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं आभासि—

"ते हि सोत्थि गमिस्सन्ति, कच्छे वामकसे मिगा।
झानानि उपसम्पज्ज, एकोदि निपका सता" ति॥
"ते हि पारं गमिस्सन्ति, छेत्वा जालं व अम्बुजो।
झानानि उपसम्पज्ज, अप्पमत्ता रणञ्जहा" ति॥ ●

१२. वेण्डुसुत्तं

१८. एकमन्तं ठितो खो वेण्डु देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"सुखिता व ते मनुजा सुगतं पयिरुपासिय।
युञ्जं गोतमसासने, अप्पमत्ता नु सिक्खरे" ति॥
"ये मे पवुत्ते सिट्ठिपदे (वेण्डू ति भगवा), अनुसिक्खन्ति झायिनो।
काले ते अप्पमज्जन्ता, न मच्चुवसगा सियं" ति॥ ●

---

२. अनाथपिण्डिकवर्ग

११. चन्द्रमासूत्र : : पारगामी ध्यानी साधक

१७. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब चन्द्रमस् देवपुत्र चान्दनी रात्रि में...भगवान् के सम्मुख आ कर खड़ा हो गया। एक तरफ खड़े हुए उसने भगवान् के सम्मुख यह गाथा कही—

"मच्छर मक्खी रहित तडाग में पड़े पशु के समान यहाँ वे ही ध्यानाभ्यासी साधक सुखी रहेंगे जो एकाग्रचित्त, प्रज्ञावान् एवं स्मृतिमान् हैं। तथा वे ही साधक इस संसार से पारगामी होंगे, जो मछली के समान जाल काटकर, ध्यानाभ्यासरत, प्रमादरहित होकर क्लेशत्यागी हो चुके हैं॥ ●

१२. वेण्डु (विष्णु) सूत्र : : ध्यानी साधक मृत्यु के वश में नहीं

१८. ...। एक ओर खड़ा विष्णु (वेण्डु) देवपुत्र भगवान् के सम्मुख गाथा के माध्यम से यों निवेदन करने लगा—

"वे ही मनुष्य सुखी हैं, जो बुद्ध की उपासना कर, उनके धर्मोपदेश के अनुसार धर्मसाधना करते हुए अप्रमत्त (सावधान) रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं॥"

१३. दीघलट्ठिसुत्तं

१९. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। अथ खो दीघलट्ठि देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो [N.50] केवलकप्पं ओभा सेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो दीघलट्ठि देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"भिक्खु सिया झायी विमुत्तचित्तो, आकङ्खे चे हदयस्सानुपत्तिं।
लोकस्स ञत्वा उदयब्बयं च, सुचेतसो अनिस्सितो तदानिसंसो" ति॥ •

१४. नन्दनसुत्तं

[B.51] २०. एकमन्तं ठितो खो नन्दनो देवपुत्तो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"पुच्छामि तं गोतम भूरिपञ्ञ, अनावटं भगवतो ञाणदस्सनं।
कथंविधं सीलवन्तं वदन्ति, कथंविधो पञ्ञवन्तं वदन्ति?
कथंविधो दुक्खमतिच्च इरियति, कथंविधं देवता पूजयन्ती" ति?

(भगवान् का उत्तर—) "हे विष्णु! जो ध्यानी मेरे द्वारा उपदिष्ट शिक्षाओं का पालन करते हैं वे यथोचित काल में प्रमाद न करते हुए कभी भी मृत्यु के अधीन नहीं होते"॥ •

१३. दीर्घयष्टिसूत्र : : अनुशासित भिक्षु

१९. ऐसा मैने सुना हैं। एक समय भगवान् बुद्ध **राजगृह** स्थित **वेणुवन** के कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। तब एक दीर्घयष्टि देवपुत्र चान्दनी रात्रि में...भगवान् के सम्मुख खड़े होकर यह गाथा पढने लगा—

"यदि साधक भिक्षु ध्यानी, विमुक्तचित्त वाला हो चुका हो, वह मन की आन्तरिक इच्छा (अभिलाष) के रूप में अर्हत्पद प्राप्त करना चाहे तो उसे चाहिये कि वह संसार के उत्पाद एवं विनाश की वास्तविकता (प्रकृति) जानकर पवित्रमन एवं आसक्तिरहित हो जाय। यही उसका माहात्म्य है।" •

१४. नन्दनसूत्र : : शीलवान्

२०. ...एक तरफ खड़ा नन्दन देवपुत्र भगवान् से यों निवेदन करने लगा—

"हे महाज्ञानी गौतम! मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि आप का ज्ञानदर्शन (धर्मोपदेश) अनावृत (=खुला, स्पष्ट) है। यहाँ यह बतावें कि कैसे साधक को आप 'शीलवान्' कहते हैं, तथा किस को 'प्रज्ञावान्' कहते हैं? कैसा साधक दुःखों से रहित हो सकता है? तथा कैसे गुणसम्पन्न पुरुष की देवता भी पूजा तथा प्रशंसा करते हैं?"

"यो सीलवा पञ्ञवा भावित्तो, समाहितो झानरतो सतीमा।
सब्बस्स सोका विगता पहीना, खीणासवो अन्तिमदेहधारी॥
"तथाविधं सीलवन्तं वदन्ति, तथाविधं पञ्ञवन्तं वदन्ति।
तथाविधो दुक्खमतिच्च इरियति, तथाविधं देवता पूजयन्ती" ति॥ •

१५. चन्दनसुत्तं

२१. एकमन्तं ठितो खो चन्दनो देवपुत्तो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"कथंसु तरति ओघं, रत्तिन्दिवमतन्दितो। [N.51]
अप्पतिट्ठे अनालम्बे, को गम्भीरे न सीदती" ति?
"सब्बदा सीलसम्पन्नो, पञ्ञवा सुसमाहितो।
आरद्धविरियो पहितत्तो, ओघं तरति दुत्तरं॥
"विरतो कामसञ्ञाय, रूपसंयोजनातिगो।
नन्दीरागपरिक्खीणो, सो गम्भीरे न सीदति" ति॥ •

(भगवान्—) जो साधक शीलवान्, प्रज्ञावान्, स्थिरचित्त, समाहित, ध्यानरत, स्मृतिमान्, क्षीण आश्रवों वाला, अन्तिम देहधरी तथा सर्वशोकप्रहीण है, ऐसे साधक को 'शीलवान्' कहा जाता है। ऐसे साधक को ही 'प्रज्ञावान्' भी कहते हैं। ऐसा साधक ही सांसारिक दुःखों का अतिक्रमण कर साधना में सचेष्ट रहता है तथा ऐसे गुणवान् साधक की ही देवता भी पूजा एवं प्रशंसा भी करते हैं"॥ •

१५. चन्दनसूत्र : : ओघपारगामी

२१. ...एक तरफ खड़े हुए चन्दन देवपुत्र ने भगवान् से इस गाथा के माध्यम से यह प्रश्न किया—

"दिन रात (साधनारत) रह कर कौन बाढ को पार कर जाता है? अप्रतिष्ठित एवं निराधार गहरे जल में कौन डूब जाता है?"

(भगवान्—) "जो साधक सर्वदा शीलसम्पन्न है, प्रज्ञावान् है, समाहितचित्त है, साधना में सतत उद्योगरत है, ऐसा साधक ही उस भयङ्कर ओघ (बाढ) को पार कर जाता है॥"

"जो साधक कामसंज्ञाओं से विरत हो चुका है, रूपसंयोजन से मुक्त हो चुका है, जिसका नन्दी राग (संसार में स्वाद) पूर्णतः क्षीण हो चुका है, वह गहरे जल (ओघ) का सामना होने पर कोई व्यग्रता नहीं मानता। उसमें उसके डूबने की तो बात ही नहीं!"॥ •

१६. वासुदत्तसुत्तं

[N.52] २२. एकमन्तं ठितो खो वासुदत्तो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"सत्तिया विय ओमट्ठो, डय्हमानो व मत्थके।
कामरागप्पहानाय, सतो भिक्खु परिब्बजे" ति॥
"सत्तिया विय ओमट्ठो,डय्हमानो व मत्थके।
सक्कायदिट्ठिहानाय, सतो भिक्खु परिब्बजे" ति॥ ●

१७. सुब्रह्मसुत्तं

२३. एकमन्तं ठितो खो सुब्रह्मा देवपुत्तो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"निच्चं उत्रस्तमिदं चित्तं, निच्चं उब्बिग्गमिदं मनो।
[R.54] अनुप्पन्नेसु किच्छेसु, अथो उप्पतितेसु च।
सचे अत्थि अनुत्रस्तं, ते मे अक्खाहि पुच्छितो" ति?
"नाञ्ञत्र बोज्झङ्गतपसा, नाञ्ञत्रिन्द्रियसंवरा।
नाञ्ञत्र सब्बनिस्सग्गा, सोत्थिं पस्सामि पाणिनं" ति॥ ●

---

१६. वासुदत्त सूत्र : : कामुकताप्रहाण

२२. ...वासुदत्त देवपुत्र ने भगवान् के सम्मुख एक ओर खड़े हो कर यह गाथा कही—

"जैसे किसी को भाला लग गया हो, या कहीं शिर पर अग्नि प्रज्वलित हो उठी हो, वैसे (ऐसी व्यथा को अनुभव करते हुए) ही भिक्षु को कामभोगों (सांसारिक भोगविलासों) की इच्छा के प्रहाण के लिये स्मृतिमान् हो कर साधनारत रहना चाहिये॥

"जैसे किसी को भाला...पूर्ववत्...सत्काय दृष्टिप्रहाणहेतु साधनारत रहना चाहिये।"●

१७. सुब्रह्मसूत्र : : चित्त की व्यग्रता का निवारण

२३. ...। एक ओर खड़े सुब्रह्मा नामक देवता ने भगवान् से यह गाथा कही—

"नवीन साधक का चित्त नित्य निरन्तर व्यग्र रहता है, उसका मन उद्विग्न रहता है। जिस उपाय से भविष्य के कठिन कर्मों का ध्यान कर या कृत कर्मों के विषय में चित्त की व्यग्रता न हो, उसी उपाय को जानने के लिये हम आप के पास आये हैं, कृपया वह उपाय बताइये?

(भगवान्—) "बोध्यङ्ग के सतत अभ्यास (तप), निरन्तर इन्द्रियसंयम, तथा सभी सांसारिक भोगपदार्थों का त्याग—इन उपायों के अतिरिक्त मैं अन्य उपाय नहीं समझता कि जिससे चित्त की इस व्यग्रता का नाश हो तथा प्राणियों का सर्वथा कल्याण हो॥"

२४. इदमवोच....पे०....तत्थेवन्तरधायी ति॥

१८. ककुधसुत्तं

२५. एवं मे सुतं। एकं समयं साकेते विहरति अञ्जनवने मिगदाये। अथ खो ककुधो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं अञ्जनवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो ककुधो देवपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—"नन्दसि, [N. 52] समणा" ति?

"किं लद्धा, आवुसो" ति?

"तेन हि, समण, सोचसी" ति?

"किं जीयित्थ, आवुसो" ति?

"तेन हि, समण, नेव नन्दसि न च सोचसी" ति?

"एवमावुसो" ति।

"कच्चि त्वं अनघो भिक्खु, कच्चि नन्दी न विज्जति। [B. 53]
कच्चि तं एकमासीनं, आरती नाभिकीरती" ति?
"अनघो वे अहं यक्ख, अथो नन्दी न विज्जति।
अथो मं एकमासीनं, अरती नाभिकीरती" ति॥

---

२४. यह कहा ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्धान हो गया॥

१८. ककुध सूत्र : :साधक को सतत आनन्द एवं निश्चिन्तता

२५. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) साकेतस्थित अञ्जनवन के मृगदाव में साधनाहेतु विराजमान थे। उसी समय कभी कोई ककुध देवपुत्र चान्दनी रात्रि में समस्त अञ्जनवन को आलोकित कर भगवान् के समीप पहुँच कर उन्हें प्रणाम कर एक ओर खड़ा हो गया। एक ओर खड़े उस देवपुत्र ने भगवान् से पूछा—"श्रमण! आनन्द से तो हो?"

"क्या पा कर?"

"तो, श्रमण! क्या चिन्तन कर रहे हो?"

"क्या हम जीवें भी न, हमने तुम्हारा क्या बिगड़ा है?"

"तो क्या, श्रमण! न आप आनन्दित है, न आप को कोई चिन्ता ही है?"

"ऐसा ही समझो।"

(ककुध—) "श्रमण! न तो आप आनन्दित हैं? न कोई चिन्ता ही कर रहे हैं? तो क्या एकान्त में यों एकाकी बैठे हुए आपका मन उदास नहीं होता?"

"कथं त्वं अनघो भिक्खु, कथं नन्दी न विज्जति।
कथं तं एकमासीनं, अरती नाभिकीरती" ति?
"अघजातस्स वे नन्दी, नन्दीजातस्स वे अघं।
अनन्दी अनघो भिक्खु, एवं जानाहि आवुसो" ति॥
"चिरस्सं वत पस्सामि, ब्राह्मणं परिनिब्बुतं।
अनन्दिं अनघं भिक्खुं, तिण्णं लोके विसत्तिकं" ति॥ •

१९. उत्तरसुत्तं

२६. राजगहनिदानं। एममन्तं ठितो खो उत्तरो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

[R. 55] "उपनीयति जीवितमप्पमायु, जरूपनीतस्स न सन्ति ताणा।
एतं भयं मरणे पेक्खमानो, पुञ्ञानि कयिराथ सुखावहानी" ति॥
"उपनीयति जीवितमप्पमायु, जरूपनीतस्स न सन्ति ताणा।
एतं भयं मरणे पेक्खमानो, लोकामिसं पजहे सन्तिपेक्खो" ति॥ •

(भगवान्—) "हे यक्ष! न मुझे कोई आनन्द है, न कोई चिन्ता ही। अत: मेरे मन को एकाकी रहने पर भी, किसी प्रकार की उदासीनता नहीं सताती"॥

(ककुध—) "हे श्रमण! आप किस कारण से निरानन्द हैं? आप कहते हैं कि आपको कोई चिन्ता भी नहीं सताती? फिर भी आपका मन एकान्त पा कर भी, उदास क्यों नहीं होता?"

(भगवान्-) "चिन्तित पुरुष को आनन्द होता हैं तथा आनन्दित पुरुष को चिन्ता। भिक्षु को जब किसी प्रकार की चिन्ता ही नहीं होती तो उसे आनन्द किस बात का होगा!"

(ककुध-) "बहुत समय के बाद ऐसा परिनिर्वृत (मुक्त) भिक्षु देख रहा हूँ। जिस (भिक्षु) को न कोई चिन्ता है, न कोई आनन्द! ये (तो) भवसागर को पार कर गये हैं॥"

१९. उत्तर सूत्र : : सांसारिक भोगों का त्याग

२६. इस सूत्र का उपदेश **राजगृह** में हुआ था। ...एक ओर खड़े उत्तर देवपुत्र ने भगवान् के सम्मुख यह गाथा कही—

"मनुष्य का अनमोल जीवन बीत रहा है, आयु भी अल्प ही है, बुढापे (वृद्धावस्था) से बचने का कोई उपाय नहीं है। अत: (साधक) मृत्यु से भय मानता हुआ जीवन में सुख प्रदान करने वाले पुण्य कर्म करे॥"

(भगवान्—) "हाँ, यह अनमोल जीवन बीत रहा है, आयु भी अल्प ही है, तथा

२०. अनाथपिण्डिकसुत्तं

२७. एकमन्तं ठितो खो अनाथपिण्डिको देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमा [N.53] गाथायो अभासि—

"इदं हि तं जेतवनं, इसिसङ्घनिसेवितं।
आवुत्थं धम्मराजेन, पीतिसञ्जननं मम॥
"कम्मं विज्जा च धम्मो च सीलं जीवितमुत्तमं। [B.54]
एतेन मच्चा सुज्झन्ति, न गोत्तेन धनेन वा॥
"तस्मा हि पण्डितो पोसो, सम्पस्सं अत्थमत्तनो।
योनिसो विचिने धम्मं, एवं तत्थ विसुज्झति॥
"सारिपुत्तो व पञ्ञाय, सीलेन उपसमेन च।
यो पि पारङ्गतो भिक्खु, एतावपरमो सिया" ति॥ (१.५.४८)

२८. इदमवोच अनाथपिण्डिको देवपुत्तो। इदं वत्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायि।

२९. अथ खो भगवा तस्सा रत्तिया अच्चयेन भिक्खू आमन्तेसि—"इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो, भिक्खवे, सो देवपुत्तो मम सन्तिके इमा गाथायो अभासि—

बुढ़ापे से बचने का कोई उपाय भी नहीं है। अत: (साधक) मृत्यु का भय मानता हुआ सांसारिक कामभोगों का परित्याग कर दे; यदि उसे अपने जीवन में स्थायी शान्ति (निर्वाण) चाहिये॥" (द्र०—१.१.३ भी) •

२०. अनाथपिण्डिकसूत्र : : जेतवन

२७. यह सूत्र भी **राजगृह** में उपदिष्ट हुआ था। ...एक ओर खड़े अनाथपिण्डिक देवपुत्र ने भगवान् के सम्मुख ये गाथाएँ कहीं—

"ऋषियों द्वारा सेवित...पूर्ववत्...यही उस का परम पद है॥" (द्र०—१.५.४८)

२८. अनाथपिण्डिक देवपुत्र यह बोला। यह बोलकर वह भगवान् को प्रणाम एवं प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गया।

२९. तब भगवान् ने, उस रात्रि के बीतने पर, भिक्षुओं को बुला कर यों सम्बोधन किया—"भिक्षुओ! बीती हुई रात्रि में कोई देवपुत्र चान्दनी रात्रि में अपने आलोक से

'इदं हि तं जेतवनं, इसिसङ्घनिसेवितं।
आवुत्थं धम्मराजेन, पीतिसञ्जननं मम॥
'कम्मं विज्जा च धम्मो च, सीलं जीवितमुत्तमं।
एतेन मच्चा सुज्झन्ति, न गोत्तेन धनेन वा॥
'तस्मा हि पण्डितो पोसो, सम्पस्सं अत्थमत्तनो।
[R.56] योनिसो विचिने धम्मं, एवं तत्थ विसुज्झति॥
'सारिपुत्तो व पञ्ञाय, सीलेन उपसमेन च।
यो पि पारङ्गतो भिक्खु , एतावपरमो सिया' ति॥

३०. "इदमवोच, भिक्खवे, सो देवपुत्तो। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी" ति। (द.-१.५.८)

३१. एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"सो हि नून, भन्ते;
[N.54] अनाथपिण्डिको देवपुत्तो भविस्सति। अनाथपिण्डिको गहपति आयस्मन्ते सारिपुत्ते अभिप्पसन्नो अहोसी" ति।

"साधु साधु, आनन्द, यावतकं खो, आनन्द, तक्काय पत्तब्बं अनुप्पत्तं तया।
[B.55] अनाथपिण्डिको हि सो, आनन्द, देवपुत्तो" ति। ●

अनाथपिण्डिकवग्गो दुतियो।

समस्त जेतवन को अवभासित करता हुआ मेरे पास आकर मुझे प्रणाम कर एक ओर खड़े होकर ये गाथाएँ बोला—

'ऋषियों द्वारा सेवित यह जेतवन...पूर्ववत्...यही उस का परम पद है॥' (द्र०—१.५.८)

३०. "भिक्षुओ! वह देवपुत्र यों बोला। इस के बाद वह मुझे प्रणाम प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गया।

३१. भगवान् द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से यों निवेदन किया—"वह देवपुत्र अवश्य ही अनाथपिण्डिक देवपुत्र रहा होगा; क्योंकि वह अनाथपिण्डिक गृहपति ही आयुष्मान् सारिपुत्र के प्रति इतना अधिक श्रद्धालु था।"

"साधु, आनन्द, साधु! जो बात किसी के द्वारा अनुमान से जानी जा सकती थी उसे तुमने (प्रत्यक्षवत्) जान लिया। आनन्द! वह देवपुत्र अनाथपिण्डिक ही था।" ●

अनाथपिण्डिकवर्ग द्वितीय समाप्त॥

तस्सुद्दानं

चन्दिमसो च वेण्डु च, दीघलट्ठि च नन्दनो।
चन्दनो वासुदत्तो च, सुब्रह्मा ककुधेन च।
उत्तरो नवमो वुत्तो, दसमो अनाथपिण्डिको ति॥ ●

इस वर्ग की सूत्रसूची—इस वर्ग में इतने सूत्र व्याख्यात हैं; जैसे—१. चन्द्रमस्, २. वेण्डु, ३. दीर्घयष्टि, ४. नन्दन, ५. चन्दन, ६. वासुदत्त, ७. सुब्रह्मा, ८. ककुध, ९. उत्तर, एवं १०. अनाथपिण्डिक सूत्र॥

३. नानातित्थियवग्गो

२१. सिवसुत्तं

३२. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो सिवो देवपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्त-वण्णो केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो सिवो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमा गाथाओ अभासि—

''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्धम्ममञ्ञाय, सेय्यो होति न पापियो॥
''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्धम्ममञ्ञाय, पञ्ञा लब्भति नाञ्ञतो॥
''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्धम्मञ्ञाय, सोकमज्झे न सोचति॥
''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
[R.57] सतं सद्धम्ममञ्ञाय, ञातिमज्झे विरोचति॥
[B.56] ''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्धम्ममञ्ञाय, सत्ता गच्छन्ति सुग्गतिं॥
[N.55] ''सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्धम्ममञ्ञाय, सत्ता तिट्ठन्ति सातत'' ति॥(द.१.४.३१)

अथ खो भगवा सिवं देवपुत्तं गाथाय पच्चभासि—

---

३. नानातीर्थिकवर्ग

२१. शिवसूत्र : : सत्सङ्गति

३२. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) *श्रावस्ती* के अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित *जेतवन* में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी शिव नामक देवपुत्र ने चान्दनी रात्रि में ...भगवान् के सम्मुख आकर उन्हें प्रणाम कर एक ओर खड़े होकर गाथाएँ कहीं—

''स्वहितकांक्षी पुरुष सज्जनों के साथ ही...पूर्ववत्...सतत सात्त्विक सुखोपभोग कर सकते हैं॥'' (द्र० १.४.३१)

तब भगवान् ने उस शिव देवपुत्र को यों कहा—

"सब्भिरेव समासेथ, सब्भि कुब्बेथ सन्थवं।
सतं सद्दम्मञ्ञाय, सब्बदुक्खा पमुच्चती" ति॥ (द्र.१.४.३२)●

२२. खेमसुत्तं

३३. एकमन्तं ठितो खो खेमो देवपुत्तो भगवतो सन्तिके इमा गाथायो अभासि—

"चरन्ति बाला दुम्मेधा, अमित्तेनेव अत्तना।
करोन्ता पापकं कम्मं, यं होति कटुकप्फलं॥ [ध०प० ६६]
"न तं कम्मं कतं साधु, यं कत्वा अनुतप्पति।
यस्स अस्सुमुखो रोदं, विपाकं पटिसेवति॥ [ध०प० ६७]
"तं च कम्मं कतं साधु, यं कत्वा नानुतप्पति।
यस्स पतीतो सुमनो, विपाकं पटिसेवति॥ [ध०प० ६८]
"पटिकच्चेव तं कयिरा, यं जञ्ञा हितमत्तनो।
न साकटिकचिन्ताय, मन्ता धीरो परक्कमे॥
"यथा साकटिको मट्ठं, समं हित्वा महापथं।
विसमं मग्गमारुय्ह, अक्खच्छिन्नो व झायति॥

भयभीत करने के लिये, पापी मार की कुचेष्टा है। इस तरह कहकर यह मुझे एकान्त साधना से च्युत करना चाहता है।" तब आळविका ने उससे प्रत्युत्तर में यों कहा—

"इस संसार से मुक्ति का भी उपाय है, जिसको मैंने प्रज्ञा द्वारा प्राप्त कर लिया है। ओ पापिन्! ओ प्रमत्त पुरुषों के मित्र! तूँ उस पद (स्थान) को नहीं जानता॥

"ये सांसारिक कामभोग तो शूल एवं भालों के समान हैं, जो प्राणियों को चुभते रहते हैं। जिसे तुम कामभोग कहते हो उन्हें प्राप्त करने हेतु मेरी कोई रुचि नहीं रह गयी है"॥

तब पापी मार ने "भिक्षुणी ने मुझको पहचान लिया"—यह जानकर, वह दुःखी एवं उद्विग्न होते हुए वहीं अन्तर्धान हो गया॥ ●

२. सोमासूत्र : : स्त्रीभाव क्या करेगा!

यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब सोमा भिक्षुणी...पूर्ववत् अन्धवन में किसी वृक्ष के नीचे एकान्त में साधनाहेतु बैठी। तब पापी मार उसको भयभीत...पूर्ववत्...यह बोला—

"ओ साधारण नारि! जो स्थान बड़े बड़े ऋषि मुनियों द्वारा भी बहुत कठिन

अथ खो सोमाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु ख्वायं मनुस्सो वा अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो सोमाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"मारो खो अयं पापिमा मम भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति। अथ खो सोमा भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि—

"इत्थिभावो किं कयिरा, चित्तम्हि सुसमाहिते।
ञाणम्हि वत्तमानम्हि, सम्मा धम्मं विपस्सतो॥
"यस्स नून सिया एवं, इत्थाहं पुरिसो ति वा।
किञ्चि वा पन अञ्ञस्मि, तं मारो वत्तुमरहती" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं सोमा भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

३. किसागोतमीसुत्तं

[R.130] ३. सावत्थिनिदानं। अथ खो किसागोतमी भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसि। सावत्थियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं [B.131] पिण्डपातपटिक्कन्ता येन अन्धवनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा दिवाविहाराय

साधना से प्राप्त करने योग्य है, उसे तुम अपनी इस छोटी सी दो अंगुल की प्रज्ञा से प्राप्त करना चाहती हो!"

तब सोमा भिक्षुणी को यों विचार आया कि यह बोलने वाला कोई मनुष्य है या देवता? तब अन्त में उसके समझ में आया कि यह अवश्य पापी मार ही है जो मुझे भयभीत कर साधना से च्युत करना चाहता है। तब सोमा भिक्षुणी ने उसको, जान कर, यों कहा—

"यदि किसी का चित्त भलीभाँति समाहित हो चुका है, तब वह 'स्त्री है या पुरुष'—इससे क्या अन्तर (भेद) आता है! यदि उसने धर्म का साक्षात्कार सम्यक् प्रकार से कर ज्ञान प्राप्त कर लिया है"॥

"हाँ, जिस साधक में 'मैं स्त्री हूँ' या 'पुरुष हूँ'—यह या ऐसा ही कोई अन्य भाव विद्यमान है, हे मार! उस पर तुम्हारा वश चल सकता है"॥

तब पापी मार...पूर्ववत्...वहीं अन्तर्हित हो गया॥ ●

३. कृशा गौतमी सूत्र : : अज्ञानान्धकार का नाश

३. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब कृशा गौतमी भिक्षुणी पूर्ववत्...अन्धवन में

अन्धवनं अज्झोगाहेत्वा अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ [N.130] खो मारो पापिमा किसागोतमिया भिक्खुनिया भयं छम्भिततं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो येन किसागोतमी भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा किसागोतमिं भिक्खुनिं गाथाय अज्झभासि—

"किं नु त्वं मतपुत्ता व, एकमासि रुदम्मुखी।
वनमज्झगता एका, पुरिसं नु गवेससी" ति?

अथ खो किसागोतमिया भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु ख्वायं मनुस्सो वा अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो किसागोतमिया भिक्खुनिया एतदहोसि— "मारो खो अयं पापिमा मम भयं छम्भिततं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति।

अथ खो किसागोतमी भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि—

"अच्चन्तं मतपुत्ताम्हि, पुरिसा एतदन्तिका।
न सोचामि न रोदामि, न तं भायामि, आवुसो॥
"सब्बत्थ विहता नन्दी, तमोक्खन्धो पदालितो।
जेत्वान मच्चुना सेनं, विहरामि अनासवा" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं किसा गोतमी भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ •

किसी वृक्ष के नीचे बैठी हुई साधनारत थी। तब पापी मार उस भिक्षुणी को भयभीत करने के लिये...पूर्ववत्...यह गाथा बोला—

"क्या मृतपुत्रा स्त्री के समान रोना मुख बनाये हुए, यहाँ एकान्त वन में बैठकर किसी पुरुष की प्रतीक्षा कर रही हो?"

तब इस कृशा गौतमी को यों विचार...पूर्ववत्...उत्तर में कहा—

"पुत्रमृत्युशोक से मैं ऊपर उठ चुकी हूँ। वासनापूर्ति के लिये किसी पुरुष की खोज की चाह अब मुझमें नहीं है। न मैं अब किसी के लिये शोक करती हूँ, न उसके लिये रोती कलपती हूँ। अत: आयुष्मन्! अब तुमसे मुझे किसी प्रकार का भय नहीं रह गया है॥

"मेरी सभी सांसारिक तृष्णाएँ (=नन्दी) समाप्त हो चुकी हैं, मेरा अज्ञानान्धकार भी विनष्ट हो चुका है। मैं मृत्युसेना को जीतकर निर्विकारचित्त होकर साधना में रत रहती हूँ॥" •

४. विजयासुत्तं

४. सावत्थिनिदानं। अथ खो विजया भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा ...पे०...अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा विजयाय भिक्खुनिया भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो येन विजया भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा विजयं भिक्खुनिं गाथाय अज्झभासि—

[B.132] "दहरा त्वं रूपवती, अहं च दहरो सुसु।
[R.131] पञ्चङ्गिकेन तुरियेन, एहय्येभिरमामसे" ति॥

अथ खो विजयाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु ख्वायं मनुस्सो वा [N.131] अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो विजयाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"मारो खो अयं पापिमा मम भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति। अथ खो विजया भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि—

"रूपा सद्दा रसा गन्धा, फोट्ठब्बा च मनोरमा।
निय्यातयामि तुम्हे व, मार नाहं तेनत्थिका॥
"इमिना पूतिकायेन, भिन्दनेन पभङ्गुना।
अट्टीयामि हरायामि, कामतण्हा समूहता॥
"ये च रूपूपगा सत्ता, ये च अरूपट्ठायिनो।
या च सन्ता समापत्ति, सब्बत्थ विहतो तमो" ति॥

---

४. विजया सूत्र : : कामतृष्णा का नाश

४. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। कभी विजया भिक्षुणी...पूर्ववत्...पापी मार उससे यों बोला—

"भद्रे! तुम युवती एवं सुन्दरी हो, मैं भी तरुण एवं रूपवान् हूँ, तो क्यों न हम दोनों गाजे बाजे के साथ परस्पर अभिरमण करें॥"

तब विजया भिक्षुणी ने...उसको पापी मार के रूप में पहचान कर यह उत्तर दिया—

"मार! ये मनोहर सांसारिक रूप शब्द, रस, गन्ध एवं स्प्रष्टव्य विषय तुमको ही रुचिकर लगें, मुझको इनकी आवश्यकता नहीं॥

"इस मलिन, विनाशशील एवं क्षणस्थायी शरीर से मैं घृणा करती हूँ, इसमें मेरी कोई आस्था नहीं है। क्यों कि मेरी सभी प्रकार की सांसारिक कामतृष्णाएँ समाप्त हो चुकी हैं॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं विजया भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

५. उप्पलवण्णासुत्तं

५. सावत्थिनिदानं। अथ खो उप्पलवण्णा भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा ...पे०...अञ्ञतरस्मिं सुपुप्फितसालरुक्खमूले अट्ठासि। अथ खो मारो पापिमा उप्पलवण्णाय भिक्खुनिया भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो येन उप्पलवण्णा भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा उप्पलवण्णं भिक्खुनिं गाथाय अज्झभासि—

"सुपुप्फितग्गं उपगम्म भिक्खुनि, एका तुवं तिट्ठसि सालमूले।
न चत्थि ते दुतिया वण्णधातु, बाले न त्वं भायसि धुत्तकानं" ति॥

अथ खो उप्पलवण्णाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु [B.133, R.132] ख्वायं मनुस्सो वा अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो उप्पल-[N.132] वण्णाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"मारो खो अयं पापिमा मम भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति। अथ खो उप्पलवण्णा भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि—

"सतं सहस्सानि पि धुत्तकानं, इधागता तादिसका भवेय्युं।
लोमं न इञ्जामि न सन्तसामि, न मार भायामि तमेकिका पि॥

"जो यह संसार (=रूपलोक) एवं देवलोक (स्वर्ग=अरूपलोक) में रहने वाले प्राणी हैं, तथा जो शान्त समापत्ति (ध्यानावस्था) है इन सभी के विषय में मेरा अज्ञानान्धकार नष्ट हो चुका है॥"

तब पापी मार...वहीं अन्तर्हित हो गया॥ ●

५. उत्पलवर्णासूत्र : : उत्पलवर्णा की ऋद्धिमत्ता

५. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही... ।... उत्पलवर्णा भिक्षुणी किसी सुपुष्ट शालवृक्ष के नीचे खड़ी थी। इतने में ही, पापी मार...वहाँ आकर उससे इस गाथा के माध्यम से यों बोला—

"अरे ओ नादान भिक्षुणी! इस सुपुष्पित शालवृक्ष के नीचे एकाकी खड़ी हो। क्या तुम्हारे जैसा सौन्दर्य (=वर्णधातु=सुन्दर शरीर) तुम्हें किसी अन्य में नहीं मिला कि तुम अकेली यहाँ चली आयी हो? क्या तुम्हें दुष्ट जनों से भय नहीं लगता?"

तब उत्पलवर्णा भिक्षुणी...उस पापी मार को पहचान कर यों बोली—

"तुम्हारे समान हजार दुष्ट जन (धूर्त) भी यहाँ चले आवें तो भी मुझे उनसे कोई

"एसा अन्तरधायामि, कुच्छिं वा पविसामि ते।
पखुमन्तरिकायं पि, तिट्ठन्तिं मं न दक्खसि॥
"चित्तस्मिं वसीभूताम्हि, इद्धिपादा सुभाविता।
सब्बबन्धनमुत्ताम्हि, न तं भायामि आवुसो" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं उप्पलवण्णा भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ •

६. चालासुत्तं

सावत्थिनिदानं। अथ खो चाला भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा...पे०... अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा येन चाला भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा चालं भिक्खुनिं एतदवोच—"किं नु त्वं, भिक्खुनि, न रोचेसी" ति?

"जातिं ख्वाहं, आवुसो, न रोचेमी" ति।

"किं नु जातिं न रोचेसि, जातो कामानि भुञ्जति।
को नु तं इदमादपयि, जातिं मा रोच भिक्खुनी?" ति॥

भय नहीं है। मेरा एक भी रोम नहीं कँपा सकते। मुझे उनसे कोई भय नहीं लगता। मार! मैं तुमसे भी कोई भय नहीं मान रही हूँ॥

("धर्मसाधना के कारण) मैं इतनी ऋद्धि प्राप्त कर चुकी हूँ कि मै अभी यहाँ से अन्तर्धान हो सकती हूँ। तुम्हारे उदर में प्रविष्ट हो सकती हूँ। तुम्हारी भौंहों के बीच खड़ी हुई को भी तुम मुझे देख नहीं सकते॥

"चित्त के वश में हो जाने पर ऋद्धियाँ स्वयं प्राप्त हो जाती हैं। मैं स्वयं बन्धनमुक्त हूँ। आयुष्मन्! मुझे तुम से भी किसी प्रकार का भय नहीं लगता"॥

तब पापी मार...पूर्ववत्...वहीं अन्तर्धान हो गया॥ •

६. चालासूत्र : : जन्मग्रहण के दोष

यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब चाला भिक्षुणी किसी वृक्ष के नीचे साधनारत थी। तब पापी मार...पूर्ववत्...चाला भिक्षुणी से यों पूछने लगा—

"भिक्षुणी! तुम्हें क्या अच्छा नहीं लगता?"

"मुझे जन्मपरम्परा अच्छी नहीं लगती?"

"क्यों जन्मपरम्परा तुम्हें अच्छी नहीं लगती? यहाँ जन्म लेने पर ही मनुष्य कामभोगों का सुख अनुभव कर सकता है। भिक्षुणी! तुम को यह किसने समझा दिया कि संसार में जन्म लेना हितावह एवं सुखकर नहीं हैं!"

"जातस्स मरणं होति, जातो दुक्खानि फुस्सति।
बन्धं वधं परिक्लेसं, तस्मा जातिं न रोचये॥
"बुद्धो धम्ममदेसेसि, जातिया समतिक्कमं। [B.134]
सब्बदुक्खप्पहानाय, सो मं सच्चे निवेसयि॥
"ये च रूपूपगा सत्ता, ये च अरूपट्ठायिनो। [R.133]
निरोधं अप्पजानन्ता, आगन्तारो पुनब्भवं" ति॥

अथ खो मारो पापिमो "जानाति मं चाला भिक्खुनी" ति दुक्खी [N.133] दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

७. उपचालासुत्तं

[१] ७. सावत्थिनिदानं। अथ खो उपचाला भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा ...पे०...अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा येन उपचाला भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा उपचालं भिक्खुनिं एतदवोच— "कत्थ नु त्वं, भिक्खुनि, उप्पज्जितुकामा" ति?

"न ख्वाहं, आवुसो, कत्थचि उप्पज्जितुकामा" ति।

"तावतिंसा च यामा च, तुसिता चा पि देवता।
निम्मानरतिनो देवा, ये देवा वसवत्तिनो।

"जन्म लेने पर मनुष्य की मृत्यु अवश्यम्भावी है। बीच के समय में वह नानाविध दुःखों को भोगता है। नानाविध बन्धन, हत्याएँ, परिक्लेश आदि भी सहन करने पड़ते हैं, अतः मुझे यहाँ जन्म लेना अच्छी नहीं लगता॥

"भगवान् बुद्ध ने मुझको यहाँ जन्म लेने से मुक्ति दिलाने के लिये तथा सभी दुःखों के प्रहाण के लिये धर्मोपदेश कर सत्यपथ पर आरूढ कर दिया॥

"जो प्राणी रूप (मनुष्य लोक) एवं अरूप (देवलोक) में आसक्त हैं वे, निरोध मार्ग को न जानने के कारण, इस तरह यहाँ बार बार जन्म लेते हैं"॥

तब पापी मार...पूर्ववत्...अन्तर्धान हो गया॥ ●

७. उपचालासूत्र : : समस्त लोक प्रज्वलित है

यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। किसी दिन उपचाला भिक्षुणी...पूर्ववत्... पापी मार उससे यों पूछने लगा—

"भिक्षुणी! तुम कहाँ उत्पन्न होना चाहती हो?"

(उपचाला ने कहा—) "मैं कहीं भी उत्पन्न होना नहीं चाहती।"

(मार—) ("यहाँ नहीं तो) त्रायस्त्रिंश, याम, तुषित, निर्माणरति एवं वशवर्ती

तत्थ चित्तं पणिधेहि, रतिं पच्चनुभोस्ससी'' ति॥
''तावतिंसा च यामा च, तुसिता चा पि देवता।
निम्मानरतिनो देवा, ये देवा वसवत्तिनो।
कामबन्धनबद्धा ते, एन्ति मारवसं पुन॥
सब्बो आदीपितो लोको, सब्बो लोको पधूपितो।
सब्बो पज्जलितो लोको, सब्बो लोको पकम्पितो॥
''अकम्पितं अपज्जलितं, अपुथुज्जनसेवितं।
अगति यत्थ मारस्स, तत्थ मे निरतो मनो'' ति॥

अथ खो मारो पापिमा ''जानाति मं उपचाला भिक्खुनी'' ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

८. सीसुपचालासुत्तं

सावत्थिनिदानं। अथ खो सीसुपचाला भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा [B.135]...पे०...अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा येन सीसुपचाला भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा सीसुपचालं भिक्खुनिं एतदवोच—''कस्स नु त्वं, भिक्खुनि, पासण्डं रोचेसी'' ति?

[N.134] ''न ख्वाहं, आवुसो, कस्सचि पासण्डं रोचेमी'' ति।

देवलोक भी हैं, उनमें मन लगाओ। उनमें तुम यहाँ की अपेक्षा बहुत अधिक सुख का अनुभव करोगी''॥

(उपचाला—) ''त्रायस्त्रिंश, याम, तुषित, निर्माणरति एवं वशवर्ती लोक के देवता आदि सभी मार-बन्धन में बँधे हुए हैं॥

''समग्र संसार जल रहा है, समस्त संसार धूआँ फेंक रहा है। समस्त संसार प्रज्वलित (धधक रहा) है, तथा समस्त संसार भय के कारण काँप रहा है॥

''मेरे मन को तो वही स्थान रुचिकर लगता है जो किसी भय के कारण न काँप रहा हो, न किसी पापवह्नि से प्रज्वलित हो, न धूआँ फेंक रहा हो, जहाँ दुष्टजनों का वास न हो तथा जहाँ मार की किसी भी प्रकार से गति न हो॥''

तब पापी मार...वहीं अन्तर्धान हो गया॥ ●

८. शीर्षोपचाला सूत्र : : बुद्धशासन में रुचि

यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब शीर्षोपचाला भिक्षुणी...पूर्ववत्...उससे पापी मार यों पूछने लगा—

''भिक्षुणी! तुम्हें किस धर्मोपदेष्टा का मत (पापण्ड) अच्छा लगता है?''

"कं नु उद्दिस्स मुण्डासि; समणी विय दिस्ससि।
न च रोचेसि पासण्डं, किमिव चरसि मोमूहा?"॥
"इतो बहिद्धा पासण्डा, दिट्ठीसु पसीदन्ति ते।
न तेसं धम्मं रोचेमि, तं धम्मस्स अकोविदा॥
"अत्थि सक्यकुले जातो, बुद्धो अप्पटिपुग्गलो। [R.134]
सब्बाभिभू मारनुदो, सब्बत्थमपराजितो॥
"सब्बत्थ मुत्तो असितो, सब्बं पस्सति चक्खुमा।
सब्बकम्मक्खयं पत्तो, विमुत्तो उपधिसङ्खये।
सो मय्हं भगवा सत्था, तस्स रोचेमि सासनं" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं सीसुपचाला भिक्खुना" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

९. सेलासुत्तं

९. सावत्थिनिदानं। अथ खो सेला भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा... पे०...अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा सेलाय

"आयुष्मन्! किसी भी उपदेष्टा का मत अच्छा नहीं लगाता"॥

"तो तुमने अपना मुण्डन क्यों करा लिया है, वस्त्रों के परिवेश से भिक्षुणी ज्ञात लगती हो। जब तुम्हें किसी का भी मत अच्छा नहीं लगता तो क्यों इधर उधर भटक रही हो?"

(भिक्षुणी—) "मुझे तो मेरे इस स्वीकृत धर्म से वाहर सभी पाषण्ड लगते हैं; क्यों कि उन सभी की आत्मदृष्टि में श्रद्धा है, यों वे धर्म का मूल नहीं जानते; अतः मुझे उनका मत स्वीकार नहीं हैं॥

"भगवान् बुद्ध ही मेरे शास्ता हैं; जो शाक्यकुलसम्भूत हैं, ज्ञानी है, अद्वितीय हैं, सर्वविजयी हैं, मार को दूर भगाने वाले हैं, संसार में सभी से अपराजेय हैं॥

"सर्वथा मुक्त हैं, पूर्ण स्वतन्त्र हैं, परमज्ञानी हैं, सर्वद्रष्टा हैं। सभी कर्मों को क्षीण कर चुके हैं, उपधियों (चित्तविकारों) के क्षीण होने के कारण मुक्त हो चुके हैं। ऐसे वे भगवान् ही मेरे शास्ता हैं। मुझे उन्हीं से उपदिष्ट धर्म अभिमत है॥"

तब पापी मार...पूर्ववत्...वहाँ से अन्तर्हित हो गया॥ ●

९. शैलासूत्र : : **प्रतीत्यसमुत्पाद**

९. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब शैला भिक्षुणी...पूर्ववत्... उससे पापी मार यों बोला—

भिक्खुनिया भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो...पे०...सेलं भिक्खुनिं गाथाय अज्झभासि—

"केनिदं पकतं बिम्बं, क्वनु बिम्बस्स कारको।
क्वनु बिम्बं समुप्पन्नं, क्वनु बिम्बं निरुज्झती" ति॥

अथ खो सेलाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु ख्वायं मनुस्सो वा अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो सेलाय भिक्खुनिया एतदहोसि—"मारो [B.136] खो अयं पापिमा मम भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति। अथ खो सेला भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि—

"नयिदं अत्तकतं बिम्बं, नयिदं परकतं अघं।
हेतुं पटिच्च सम्भूतं हेतुभङ्गा निरुज्झति॥

"यथा अञ्ञतरं बीजं, खेत्ते वुत्तं विरूहति।
पठवीरसञ्चागम्म, सिनेहं च तदूभयं॥"

[N.135] "एवं खन्धा च धातुयो, छ च आयतना इमे।
हेतुं पटिच्च सम्भूता, हेतुभङ्गा निरुज्झरे" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं सेला भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

१०. वजिरासुत्तं

१०. सावत्थिनिदानं। अथ खो वजिरा भिक्खुनी पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा

"यह आकृति (=बिम्ब) किसने बनायी? इसको बनाने वाला कौन है? यह आकृति कहाँ से उत्पन्न हुई? तथा अन्त में इस आकृति का कहाँ निरोध हो जाता है?"

तब शैला भिक्षुणी ने... जानकर उसको यों उत्तर दिया—

"न तो यह आकृति स्वयं बन गयी है, न इस पाप का कोई दूसरा बनाने वाला है। यह तो हेतु के होने से बनी हुई दिखायी देती है, तथा हेतु के निरोध (नाश) से यह नष्ट (निरुद्ध) हो जायगी॥

"जैसे किसी बीज के खेत में रोप देने से वह पौधे के रूप में उग आता है, तथा पृथ्वी का रस तथा आर्द्रता पाकर बढने लगता है"॥

"इसी तरह ये स्कन्ध (रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान) ये धातुएँ, ये छह आयतन हेतु के कारण उद्भूत होते हैं। तथा एक दिन हेतु के नाश से नष्ट हो जाते हैं"॥

तब पापी मार...अन्तर्धान हो गया॥ ●

पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसि। सावत्थियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातटिक्कन्ता येन अन्धवनं तेनुपसङ्कमि दिवाविहाराय। अन्धवनं अज्झोगाहेत्वा अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले दिवाविहारं निसीदि। अथ खो मारो पापिमा वजिराय [R.135] भिक्खुनिया भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो येन वजिरा भिक्खुनी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा वजिरं भिक्खुनिं गाथाय अज्झभासि—

"केनायं पकतो सत्तो, कुवं सत्तस्स कारको।
कुवं सत्तो समुप्पन्नो, कुवं सत्तो निरुज्झती" ति?

अथ खो वजिराय भिक्खुनिया एतदहोसि—"को नु ख्वायं मनुस्सो वा अमनुस्सो वा गाथं भासती" ति? अथ खो वजिराय भिक्खुनिया एतदहोसि—"मारो खो अयं पापिमा मम भयं छम्भितत्तं लोमहंसं उप्पादेतुकामो समाधिम्हा चावेतुकामो गाथं भासती" ति। अथ खो वजिरा भिक्खुनी "मारो अयं पापिमा" इति विदित्वा, मारं पापिमन्तं गाथाहि पच्चभासि— [B.137]

"किं नु सत्तो ति पच्चेसि, मार दिट्ठिगतं नु ते।
सुद्धसङ्खारपुञ्जोयं, नयिध सत्तुपलब्भति॥
"यथा हि अङ्गसम्भारा, होति सद्दो रथो इति[१]।
एवं खन्धेसु सन्तेसु, होति सत्तो ति सम्मुति॥

---

१०. वज्रासूत्र : : आत्मा का अभाव

यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। तब शैला भिक्षुणी... अन्धवन में...पापी मार ने यह गाथा कही—

"इस प्राणी को किसने बनाया है? इसको बनाने वाला कहाँ है? कहाँ से यह प्राणी उत्पन्न हो जाता है, तथा कहाँ जाकर यह निरुद्ध (विलीन) हो जाता है?"

तब वह वज्रा भिक्षुणी...मार से ये गाथाएँ बोली—

"'प्राणी'—ऐसा क्यों बोल रहे हो? मार! ज्ञात होता है तुम आत्मदृष्टि से मुग्ध हो। अन्यथा, यह तो संस्कारों का एक पुञ्जमात्र है। वस्तुत: यहाँ 'प्राणी' (आत्मा) कोई नहीं है॥

"जैसे सब अवयवों (=अङ्गों) को मिला देने से वह अवयव समूह '**रथ**' इस संज्ञा का बोधक होता है; वैसे ही पाँच स्कन्धों के मिलने से 'प्राणी' यह लोक में व्यवहृत होता है।"

---

१. इसकी विशेष व्याख्या के लिये **मिलिन्दपञ्हपालि** (बौ० भा० सं०) ग्रन्थ देखें।

"दुक्खमेव हि सम्भोति, दुक्खं तिट्ठति वेति च।
नाञ्ञत्र दुक्खा सम्भोति, नाञ्ञं दुक्खा निरुज्झती" ति॥

अथ खो मारो पापिमा "जानाति मं वजिरा भिक्खुनी" ति दुक्खी दुम्मनो [N.136] तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

भिक्खुनीसंयुत्तं समत्तं॥

तस्सुद्दानं

आळविका च सोमा च, गोतमी विजया सह।
उप्पलवण्णा च चाला, उपचाला सीसुपचाला च।
सेला वजिराय ते दसा ति॥ ●

"वस्तुतः दुःख ही उत्पन्न होता है। दुःख ही रहता है, तथा दुःख ही चला जाता है। दुःख को छोड़कर न कोई अन्य उत्पन्न होता है तथा उसे छोड़कर न किसी अन्य का निरोध ही होता है॥"

तब पापी मार...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गया॥ ●

भिक्षुणीसंयुक्त समाप्त॥

इस संयुक्त के अन्तःपाती सूत्रों की सूची—१. आळविका, २. सोमा, ३. कृशा गौतमी, ४. विजया, ५. उत्पलवर्णा, ६. चाला, ७. उपचाला, ८. शीर्षोपचाला, ९. शैला एवं १०. वज्रासूत्र॥ ●

६. ब्रह्मसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१.ब्रह्मायाचनसुत्तं[१]

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा उरुवेलायं विहरति [N.137, B.138, R.136] नज्जा नेरञ्जराय तीरे अजपालनिग्रोधमूले पठमाभिसम्बुद्धो। अथ खो भगवतो रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"अधिगतो खो म्यायं धम्मो गम्भीरो दुद्दसो दुरनुबोधो सन्तो पणीतो अतक्कावरो निपुणो पण्डितवेदनीयो। आलयरामा खो पनायं पजा आलयरता अलयसम्मुदिता। आलयरामाय खो पन पजाय आलयरताय आलयसम्मुदिताय दुद्दसं इदं ठानं यदिदं इदप्पच्चयता-पटिच्चसमुप्पादो। इदं पि खो ठानं दुद्दसं यदिदं सब्बसङ्खारसमथो सब्बूपधिपटिनिस्सग्गो तण्हाक्खयो विरागो निरोधो निब्बानं। अहं चेव खो पन धम्मं

---

६. ब्रह्मसंयुक्त

प्रथम वर्ग

१. ब्रह्मायाचनसूत्र : : भगवान् से ब्रह्मा का निवेदन

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **उरुवेला** में निरञ्जना नदी के तट पर अजपाल नामक न्यग्रोध वृक्ष की छाया में प्रथमाभिसम्बुद्ध के रूप में विराजमान थे। तब एकान्त में विराजमान उनको यह विचार होने लगा—"मैंने यह गम्भीर, कठिनता से साक्षात्करणीय (दुर्दश), एवं कठिनता से ही बोधगम्य (=दु:र्बोध), शान्त, उत्तम, किसी भी तर्क से अखण्डनीय, निपुण एवं पण्डितों द्वारा समझे जाने योग्य धर्म प्राप्त तो कर लिया, परन्तु इस धर्म का जिसको उपदेश करना है वह जनता कामतृष्णा से ही अपने को तृप्त मानती हुई, इन कामभोगों के आस्वाद में ही प्रसन्नता अनुभव कर रही है। कामभोगलिप्त इस जनता के लिये यह प्रत्ययसापेक्ष उत्पत्ति (प्रतीत्यसमुत्पाद) का सिद्धान्त समझ पाना दुरूह ही होगा। साथ ही वह स्थान पाना तो इससे भी अधिक कठिन होगा जिसे सभी संस्कारों का प्रशमन, सभी मानसिक ऊहापोहों का परित्याग, तृष्णाक्षय, वैराग्य, दु:खनिरोध तथा 'निर्वाण' कहा जाता है। अथ च, मैं किसी तरह उसको धर्मोपदेश करूँ, परन्तु वह

---

१. यह सूत्र **महावग्गपालि** (विनयपिटक) में (पृ० ८) भी अक्षरश: वर्णित हैं। वहाँ (बौ० भा० सं०) भी देखें।—अ०।

देसेय्यं; परे च मे न आजानेय्युं; सो ममस्स किलमथो, सा ममस्स विहेसा'' ति। अपिस्सु भगवन्तं इमा अनच्छरिया गाथायो पटिभंसु पुब्बे अस्सुतपुब्बा—

''किच्छेन मे अधिगतं, हलं दानि पकासितुं।
रागदोसपरेतेहि, नायं धम्मो सुसम्बुधो॥
''पटिसोतगामिं निपुणं, गम्भीरं दुद्दसं अणुं।
रागरत्ता न दक्खन्ति, तमोखन्धेन आवुटा'' ति॥

[R.137] इति ह भगवतो पटिसञ्चिक्खतो अप्पोस्सुक्कताय चित्तं नमति, नो धम्मदेसनाय।

अथ खो ब्रह्मुनो सहम्पतिस्स भगवतो चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय एतदहोसि—''नस्सति वत भो लोको, विनस्सति वत भो लोको, यत्र हि नाम [B.139] तथागतस्स अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स अप्पोस्सुक्कताय चित्तं नमति, नो धम्मदेसनाया'' ति। अथ खो ब्रह्मा सहम्पति—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो [N.138] सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—ब्रह्मलोके अन्तरहितो भगवतो पुरतो पातुरहोसि। अथ खो ब्रह्मा सहम्पति एकंसं

उसे समझ ही न पावे तो यह भी मेरे लिये मानसिक कष्ट ही होगा कि मैने धर्मोपदेश किया भी और श्रोता को वह समझ में ही न आया!'' उन्हें उस समय इसी विचार से सम्बद्ध ये गाथाएँ जो पहले कभी सुनी नहीं गयी थीं, ध्यान में आयीं—

''जिस धर्मज्ञान को मैने इतनी कठिनता से अधिगत किया है, उसे ऐसे किसी दूसरे को सहजता से समझा देना सरल नहीं है जो अपने चित्त को रागद्वेष में लिप्त किये बैठा हो॥

''क्यों कि यह धर्म तो अतिनिपुण है अतिगम्भीर है, प्रतिस्रोतोगामी (संसार से विपरीत धारा में चलने वाला) है, तथा दुःखेन साक्षात्करणीय एवं सूक्ष्म है। इसको सांसारिक मायामोह से लिप्त एवं अज्ञानान्धकार से आवृत जनता कहाँ समझ पायगी!''

भगवान् के चित्त में ऐसा विचार उत्पन्न होने के कारण, उनका चित्त धर्म प्रचार की ओर न झुककर अल्प उत्सुकता (धर्म प्रचार में उपेक्षा) की ओर मुड़ गया।

तब इस धर्मोपदेश के प्रति ऐसे विचार जानकर सहम्पति ब्रह्मा के मन में यह विचार हुआ—''अरे! भगवान् के इस निश्चय से तो धर्मप्राण जनता का विनाश ही हो जायगा! इस धर्मोपदेश के प्रति भगवान् की यह उपेक्षा अनुचित है। इन्हें धर्मप्राण जनता के हित में धर्मोपदेश के प्रति उत्साहसम्पन्न रहना ही उचित है।'' तब ब्रह्मा सहम्पति, जैसे कोई बलवान् पुरुष अपनी सिकुड़ी बाहु को सरलता से फैला दे या फैली हुई बाहु को

उत्तरासङ्गं करित्वा दक्खिणजाणुमण्डलं पठवियं निहन्त्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"देसेतु, भन्ते, भगवा धम्मं, देसेतु सुगतो धम्मं। सन्ति सत्ता अप्परजक्खजातिका, अस्सवनता धम्मस्स परिहायन्ति। भविस्सन्ति धम्मस्स अञ्ञातारो" ति।

२. इदमवोच ब्रह्मा सहम्पति; इदं वत्वा अथापरं एतदवोच—

"पातुरहोसि मगधेसु पुब्बे, धम्मो असुद्धो सकलेहि चिन्तितो।
अपापुरेतं अमतस्स द्वारं, सुणन्तु धम्म विमलेनानुबुद्धं॥
"सेले यथा पब्बतमुद्धनिट्ठितो, यथा पि पस्से जनतं समन्ततो।
तथूपमं धम्ममयं सुमेध, पासादमारुय्ह समन्तचक्खु।
सोकावतिण्णं जनतमपेतसोको, अवेक्खस्सु जातिजराभिभूतं॥
"उट्ठेहि वीर विजितसङ्गाम, सत्थवाह अनण विचर लोके।
देसस्सु भगवा धम्मं, अञ्ञातारो भविस्सन्ती" ति॥

अथ खो भगवा ब्रह्मुनो च अज्झोसनं विदित्वा सत्तेसु च कारुञ्ञतं पटिच्च

समेट ले; वैसे ही वे ब्रह्मलोक से अन्तर्हित होकर भगवान् के सम्मुख प्रकट हुए। वहाँ सहम्पति ब्रह्मा ने अपना अङ्गवस्त्र एक कन्धे पर कर, दक्षिण जानु (घुटना) को पृथ्वी पर टिकाकर, जहाँ भगवान् विराजमान थे उधर हाथ जोड़ कर भगवान् से निवेदन किया—"भन्ते! आप धर्मप्राण जनता को अवश्य उपदेश करें, क्यों कि लोक में अल्प चित्तविकार वाले धार्मिक जन भी हैं। धर्मोपदेश न सुनने से उनकी बहुत हानि होगी। अतः आप उन्हें उपदेश करें। धर्मश्रवण करने वालों की कोई कमी नहीं हैं।"

२. ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् से यों कहा, साथ ही यह गाथा भी कही—

"मगधदेश में पहले मलिनचित्त चिन्तकों (विचारकों) द्वारा चिन्तित धर्म प्रकट किया गया था; परन्तु अब धर्मप्रिय जनता को निर्मलचित्त आप द्वारा साक्षात्कृत अमृतमय धर्म श्रवण करने का अवसर मिल गया है॥

"अतः हे सुमेध! (स्वच्छबुद्धि) सर्वत्र समदृष्टि रखने वाले आप इस दयनीय एवं जन्म मरण से अभिभूत जनता को धर्ममय पर्वत पर चढकर उसी तरह देखें, जैसे कोई ऊँचे प्रासाद (महल) पर चढ़ा हुआ पुरुष नीचे भूमि पर चारों ओर खड़े हुए लोगों को करुणामय दृष्टि से देखा करता है॥

"हे वीतशोक! हे संग्रामजित्! हे वीर! हे सार्थवाह (मार्गदर्शक) हे ऋणी को ऋणरहित करने वाले! आप (धर्मोपदेशहेतु) सन्नद्ध हों, तथा लोक में विचरण करें। अपना धर्मोपदेश आरम्भ करें। उसको सुनने वाले भी मिलेंगे ही"॥

[R.138] बुद्धचक्खुना लोकं वालोकेसि। अद्दसा खो भगवा बुद्धचक्खुना लोकं वोलोकेन्तो सत्ते अप्परजक्खे महारजक्खे तिक्खिन्द्रिये मुदिन्द्रिये स्वाकारे द्वाकारे [B.140] सुविञ्ञापये दुविञ्ञापये, अप्पेकच्चे परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते अप्पेकच्चे न परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते। सेय्यथापि नाम उप्पलिनियं वा पदुमिनियं वा पुण्डरीकिनियं वा अप्पेकच्चानि उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि [N.139] वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि उदकानुग्गतानि अन्तो निमुग्गपोसीनि, अप्पेकच्चानि उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि समोदकं ठितानि, अप्पेकच्चानि उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि उदका अच्चुग्गम्म ठितानि अनुपलित्तानि उदकेन; एवमेव भगवा बुद्धचक्खुना लोकं वोलोकेन्तो अद्दस सत्ते अप्परजक्खे महारजक्खे तिक्खिन्द्रिये मुदिन्द्रिये स्वाकारे द्वाकारे सुविञ्ञापये दुविञ्ञापये, अप्पेकच्चे परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते, अप्पेकच्चे न परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते। दिस्वान ब्रह्मानं सहम्पतिं गाथाय पच्चभासि—

"अपारुता तेसं अमतस्स द्वारा, ये सोतवन्तो पमुञ्चन्तु सद्धं।
विहिंससञ्ञी पगुणं न भासिं, धम्मं पणीतं मनुजेसु ब्रह्मे" ति॥

तब भगवान् ने ब्रह्मा सहम्पति के हार्दिक आशय को समझ कर प्राणियों पर दया दिखाते हुए बुद्ध-(ज्ञान-) चक्षु से लोक पर दृष्टिपात किया। ऐसा करते हुए भगवान् ने देखा कि लोक में कुछ प्राणी अल्प चित्तविकार वाले भी हैं तो कुछ अधिक चित्तविकार वाले। कोई मृदुइन्द्रिय (कोमलबुद्धि) हैं तो कुछ तीक्ष्णबुद्धि। कोई सरलस्वभाव हैं तो कोई उसे कठिनता से समझते हैं। कोई परलोक (नरक) से भय मान कर यथाशक्ति सदाचाररत रहते हैं तो कुछ लोगों को परलोक से कोई भय ही नहीं है। जैसे उत्पलसमूह, पद्मसमूह या पुण्डरीकसमूह वाली पुष्करणियों में कितने ही उत्पल, पद्म या पुण्डीक जल में उत्पन्न हुए, जल में बढते हुए, जल से बाहर न निकल कर जल में डूबे हुए ही पोसित होते रहते हैं, तो कुछ जल में उत्पन्न होकर तथा जल में सम्पृक्त रहते हुए उदक के समान स्तर पर रहते हुए पोपित होते रहते हैं। तथा कोई कोई उत्पल पद्म या पुण्डरीक उदक में उत्पन्न तथा उदक से सम्पृक्त रहकर भी उदक से बहुत ऊपर निकल कर (उदक से अलिप्त रहकर) खड़े रहते हैं; इसी तरह भगवान् ने अपने ज्ञानचक्षु से लोक को देखा जहाँ कुछ प्राणी अल्प चित्तविकार वाले...पूर्ववत्...यथाशक्ति सदाचाररत थे.. भय न था। उन्हें देखकर ब्रह्मा सहम्पति को भगवान् ने यह आश्वासन दिया—

"हे ब्रह्मन्! अब उन लोगों के लिये अमृतद्वार खुल गया ही समझो जो कान

अथ खो ब्रह्मा सहम्पति "कतावकासो खोम्हि भगवता धम्मदेसनाया" ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति॥ ●

२. गारवसुत्तं

३. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा उरुवेलायं विहरति नज्जा नेरञ्जराय तीरे अजपालनिग्रोधमूले पठमाभिसम्बुद्धो। अथ खो भगवतो रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"दुक्खं खो अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, [R.139] कं नु ख्वाहं समणं वा ब्राह्मणं वा सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं" ति?

अथ खो भगवतो एतदहोसि—"अपरिपुण्णस्स खो सीलक्खन्धस्स पारिपूरिया अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा सक्कत्वा गरुं उपनिस्साय विहरेय्यं। न खो पनाहं [B.141] पस्सामि सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अत्तना सीलसम्पन्नतरं अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा यमहं सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं।

(ध्यान) लगाकर मेरा उपदेश सुनेंगे और मुझ पर श्रद्धा रखेंगे। मैं तो पहले अपने लिये होने वाले वृथा कष्ट को ध्यान में रखकर ही प्राणियों को इस उत्तम धर्म का उपदेश न करने की बात कह रहा था॥"

तब ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् से उक्त आश्वासन प्राप्त कर, समझ लिया कि भगवान् ने प्राणियों को धर्मोपदेश करने की स्वीकृति दे दी। अत: वे (ब्रह्मा) भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्हित हो गये॥ (द्र.—वि.पि. के **महावग्ग** का आरम्भिक प्रसङ्ग)। ●

२. गौरवसूत्र : : सद्धर्म का गौरव (सम्मान)

३. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **ऊरुवेला** में निरञ्जना नदी के तट पर अजपाल नामक न्यग्रोध वृक्ष के नीचे विराजमान थे, जब कि उन्हें बुद्धत्व प्राप्त किये हुआ थोड़ा ही समय बीता था। तब भगवान् को एकान्त में विराजमान रहते हुए यह विचार हुआ—"किसी को अपने ज्येष्ठ माने विना, उसके प्रति अपने हृदय में गौरव रखे विना धर्मसाधना कष्टदायक ही हुआ करती है, अत: मैं किस श्रमण या ब्राह्मण को सम्मानित कर, उसके प्रति श्रद्धा रखते हुए साधनारत रहूँ।"

तब भगवान् ने इस प्रकरण पर और भी अधिक गहनता से विचार किया तो उनके मन में यह हुआ—"अपरिपूर्ण शीलस्कन्ध की पूर्णता के लिये ही किसी अन्य श्रमण या ब्राह्मण को अपने से ज्येष्ठ मान कर साधना करना उचित होता है। परन्तु मेरे समान समस्त शीलस्कन्ध को पूर्ण किया हुआ साधक इस लोक या परलोक में, देवता मनुष्य तथा श्रमण

"अपरिपुण्णस्स खो समाधिक्खन्धस्स पारिपूरिया अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा [N.140] सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं। न खो पनाहं पस्सामि सदेवके लोके...पे०...अत्तना समाधिसम्पन्नतरं अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा यमहं सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं।

"अपरिपुण्णस्स पञ्ञाक्खन्धस्स पारिपूरिया अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं। न खो पनाहं पस्सामि सदेवके...पे०... अत्तना पञ्ञासम्पन्नतरं अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा यमहं सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं।

"अपरिपुण्णस्स खो विमुत्तिक्खन्धस्स पारिपूरिया अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं। न खो पनाहं पस्सामि सदेवके...पे०... अत्तना विमुत्तिसम्पन्नतरं अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा यमहं सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं।

"अपरिपुण्णस्स खो विमुत्तिञाणदस्सनक्खन्धस्स पारिपूरिया अञ्ञं समणं वा ब्राह्मणं वा सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं। न खो पनाहं पस्सामि सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अत्तना विमुत्ति-ञाणदस्सनसम्पन्नतरं अञ्ञं समणं वा ब्राह्मं वा यमहं सक्कत्वा गरुं उपनिस्साय विहरेय्यं।

यन्नूनाहं य्वाहं धम्मो मया अभिसम्बुद्धो तमेव धम्मं सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरेय्यं" ति।

ब्राह्मणोंसहित संसार की इस समस्त जनता में मुझे ऐसा कोई पुरुप नहीं दिखायी देता जिसे मैं अपने से श्रेष्ठ मानकर सत्कार या गौरव प्रदान करूँ!"

"इसी तरह अपरिपूर्ण समाधिस्कन्ध की पूर्णता के लिये ही...पूर्ववत्...गौरव प्रदान करूँ!

"इसी तरह अपरिपूर्ण प्रज्ञास्कन्ध की पूर्णता के लिये ही...पूर्ववत्...गौरव प्रदान करूँ!

"इसी तरह अपरिपूर्ण विमुक्तिस्कन्ध की पूर्णता के लिये ही...पूर्ववत्...गौरव प्रदान करूँ!

"इसी तरह अपरिपूर्ण विमुक्तिज्ञानदर्शनस्कन्ध की पूर्णता के लिये ही...पूर्ववत्...गौरव प्रदान करूँ!

"तो क्यों न मैने स्वयं जिस धर्म का साक्षात्कार किया है, उसे ही अपने से श्रेष्ठ

अथ खो ब्रह्मा सहम्पति भगवतो चेतसा चतोपरिवितक्कमञ्ञाय— सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—ब्रह्मलोके अन्तरहितो भगवतो पुरतो पातुरहोसि। अथ खो ब्रह्मा समम्पति एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं [R.140] एतदवोच—"एवमेतं, भगवा, एवमेतं, सुगत! ये पि, भन्ते, अहेसुं अतीतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा ते पि भगवन्तो धम्मञ्ञेव सक्कत्वा गरुं कत्वा [B.142] उपनिस्साय विहरिंसु; ये पि, भन्ते, भविस्सन्ति अनागतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा ते पि भगवन्तो धम्मञ्ञेव सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरिस्सन्ति। भगवा पि, भन्ते, एतरहि अरहं सम्मासम्बुद्धो धम्मञ्ञेव सक्कत्वा गरुं कत्वा उपनिस्साय विहरतू" ति।

४. इदमवोच ब्रह्मा सहम्पति, इदं वत्वा अथापरं एतदवोच—

"ये च अतीता सम्बुद्धा, ये च बुद्धा अनागता। [N.141]
यो चेतरहि सम्बुद्धो, बहुन्नं सोकनासनो॥
"सब्बे सद्धम्मगरुनो, विहंसु विहरन्ति च ।
तथा पि विहरिस्सन्ति, एसा बुद्धान धम्मता॥

मानते हुआ उसका सत्कार कर उसको गौरव एवं श्रद्धा प्रदान कर उसके सहारे से साधना में लगा रहूँ!"

तब ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् के इस चित्तविचार को स्वचित्त से जानकर, जैसे बलवान् पुरुष फैली बाहु को...पूर्ववत्...भगवान् के सम्मुख प्रकट हुए तथा...यों बोले—"यही उचित है, भगवन्! यही उचित है सुगत! पूर्वकाल में भी जो ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध हुए हैं, उन्होंने स्वयं साक्षात्कृत धर्म को ही अपने से श्रेष्ठ मान कर उसी को सत्कार एवं गौरव प्रदान किया था, तथा उसी का आलम्बन कर साधना में रत रहे थे। इसी तरह भविष्य में भी जो ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध होंगे...पूर्ववत्...में रत रहेंगे। इसी तरह वर्तमान में आप भी, भन्ते! ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध होकर स्वसाक्षात्कृत धर्म को ही सत्कार तथा गौरव प्रदान करते हुए, उसी का आलम्बन कर, साधना में तत्पर रहें।"

४. ब्रह्मा सहम्पति ने यों कहा। यह कह कर अपने इसी हृद्गत भाव को गाथाओं के माध्यम से भी इस तरह प्रकट किया—

"पूर्वकाल में जो ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध हुए हैं, भविष्य में जो सम्यक्सम्बुद्ध होंगे, या वर्तमान में आप सम्यक्सम्बुद्ध हैं, जो बहुत से जिज्ञासुओं के शोकविनाशक हैं॥

"तस्मा हि अत्तकामेन, महत्तमभिकङ्खता।
सद्धम्मो गरु कातब्बो, सरं बुद्धान सासनं" ति॥ •

३. ब्रह्मदेवसुत्तं

५. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथ-पिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरिस्सा ब्राह्मणिया ब्रह्मदेवो नाम पुत्तो भगवतो सन्तिके अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति।

अथ खो आयस्मा ब्रह्मदेवो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। "खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया" ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा ब्रह्मदेवो अरहतं अहोसि।

[R.141]अथ खो आयस्मा ब्रह्मदेवो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसि। सावत्थियं सपदानं पिण्डाय चरमानो येन सकमातुनिवेसनं [B.143] तेनुपसङ्कमि। तेन खो पन समयेन आयस्मतो ब्रह्मदेवस्स माता ब्राह्मणी

"सभी ने स्वसाक्षात्कृत धर्म को ही गौरव प्रदान कर उसी को आलम्बन मान कर धर्म साधना की है, तथा आगे भी करेंगे। यह बुद्धों की धर्मता (प्रकृतिगत) स्वभाव है॥

"अतः आत्मज्ञानाभिलाषुक को, साधना में महत्त्वप्राप्ति की इच्छा से बुद्धों के उपदेश का स्मरण करते हुए सद्धर्म को ही गौरव प्रदान करना चाहिये"॥ •

३. ब्रह्मदेवसूत्र : : ब्रह्मा को आहुति नहीं मिलती

५. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती के** जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय किसी ब्राह्मणी का ब्रह्मदेव नाम का पुत्र भगवान् के पास आकर घर से बेघर होकर प्रवजित हो गया।

तब आयुष्मान् ब्रह्मदेव ने एकाकी रह कर एकान्त में अप्रमत्त (सावधान) होकर, उद्योग करते हुए, संयतेन्द्रिय होकर साधना करते हुए उस अद्वितीय परम फल को देखते ही देखते स्वयं साक्षात् कर लिया, जिसके लिये अनेक कुलपुत्र सम्यक् प्रकार से गृहत्याग कर प्रव्रजित हुआ करते हैं। उसने—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो गयी, मैं कृतकृत्य हो चुका, अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं रह गया' यह जान लिया। अन्त में ये आयुष्मान् ब्रह्मदेव अर्हतों में एक हो गये।

तब कभी आयुष्मान् ब्रह्मदेव प्रातःकाल अपने वस्त्रों को शरीर पर सुव्यवस्थित कर पात्र चीवर लेकर श्रावस्ती में भिक्षाहेतु प्रविष्ट हुए। यों, वे श्रावस्ती में सभी घरों में भिक्षा

ब्रह्मुनो आहुतिं निच्चं पग्गण्हाति। अथ खो ब्रह्मुनो सहम्पतिस्स एतदहोसि—"अयं खो आयस्मतो ब्रह्मदेवस्स माता ब्राह्मणी ब्रह्मुनो आहुतिं निच्चं पग्गण्हाति; यन्नूनाहं तं उपसङ्कमित्वा संवेजेय्यं" ति। अथ खो ब्रह्मा सहम्पति—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव— ब्रह्मलोके अन्तरहितो आयस्मतो ब्रह्मदेवस्स मातु निवेसने पातुरहोसि। अथ खो ब्रह्मा सहम्पति वेहासं ठितो आयस्मतो ब्रह्मदेवस्स मातरं ब्राह्मणिं गाथाय अज्झभासि—

"दूरं इतो ब्राह्मणि ब्रह्मलोको, यस्साहुतिं पग्गण्हासि निच्चं। [B.141]
नेतादिसो ब्राह्मणि ब्रह्मभक्खो, किं जप्पसि ब्रह्मपथं अजानं॥
"एसो हि ते ब्राह्मणि ब्रह्मदेवो, निपधिको अतिदेवपत्तो।
अकिञ्चनो भिक्खु अनञ्ञपोसी, यो ते सो पिण्डाय घरं पविट्ठो॥
"आहुनेय्यो वेदगु भावितत्तो, नरानं देवानं च दक्खिणेय्यो।
बाहित्वा पापानि अनूपलित्तो, घासेसनं इरियति सीतिभूतो॥

करते हुए अपनी माता के घर पहुँचे। उस समय, उस ब्रह्मदेव की माता ब्राह्मणी ब्रह्मा को आहुति दे रही थी।

उस समय सहम्पति ब्रह्मा के मन में यह विचार उद्भूत हुआ—"यह आयुष्मान् ब्रह्मदेव की माता ब्राह्मणी ब्रह्मा को आहुति दे रही है, तो क्यों न मैं वहाँ चलकर इसके मन में इस कार्य के प्रति संवेग (वैराग्य) उत्पन्न कर दूँ।"

तब सहम्पति ब्रह्मा, जैसे कोई बलवान् पुरुष...पूर्ववत्...ब्रह्मदेव की माता के घर में प्रकट हुए। वहाँ वह ब्रह्मा सहम्पति, आकाश में ही खड़ा रहता हुआ उस ब्राह्मणी से, इन गाथाओं के माध्यम से, यों बोला—

"हे ब्राह्मणि! यहाँ से ब्रह्मलोक बहुत दूर है, जिसके लिये तुम प्रतिदिन आहुति दे रही हो। हे ब्राह्मणी! ब्रह्मा का तो यह भोज्य भी नहीं है, फिर तूँ ब्रह्ममार्ग को विना जाने क्यों भटक रही है!"

"हे ब्रह्मणि! यह तुम्हारा पुत्र ब्रह्मदेव, जो उपाधियों (चित्तविकारों) से मुक्त हो चुका है, आज देवताओं से भी आध्यात्मिक शक्ति में अपेक्षाकृत श्रेष्ठ है, संसार में ममत्व त्यागकर अपनी जीवनयात्रा में सब किसी की आशा त्याग चुका है, तुम्हारे द्वार पर भिक्षा हेतु खड़ा है॥"

"यह सत्कार के योग्य है, दुःखमुक्त है, संयतेन्द्रिय है, मनुष्यों और देवताओं का पूजनीय है, पापों को दूर कर संसार से निर्लिप्त शान्त हो कर भिक्षारत में लगा है॥

''न तस्स पच्छा न पुरत्थमत्थि, सन्तो विधूमो अनिघो निरासो।
निक्खित्तदण्डो तसथावरेसु, सो त्वाहुतिं भुञ्जतु अग्गपिण्डं॥
''विसेनिभूतो उपसन्तचित्तो, नागो व दन्तो चरति अनेजो।
भिक्खु सुसीलो सुविमुत्तचित्तो, सो त्याहुतिं भुञ्जतु अग्गपिण्डं॥
[B.144] ''तस्मिं पसन्ना अविकम्पमाना, पतिट्ठपेहि दक्खिणं दक्खिणेय्ये।
[R.142] करोहि पुञ्ञं सुखमायतिकं, दिस्वा मुनिं ब्राह्मणि ओघतिण्णं'' ति॥
तस्मिं पसन्ना अविकम्पमाना, पतिट्ठपेसि दक्खिणं दक्खिणेय्ये।
[N.143] अकासि पुञ्ञं सुखमायतिकं, दिस्वा मुनिं ब्राह्मणी ओघतिण्णं ति॥ ●

४. बकब्रह्मसुत्तं

६. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवनं अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन बकस्स ब्रह्मुनो एवरूपं पापकं दिट्ठिगतं उप्पन्नं होति—''इदं निच्चं, इदं धुवं, इदं सस्सतं, इदं केवलं, इदं अचवनधम्मं, इदं हि

''न इसके कोई आगे है न पीछे है, वह शान्त है, इसके इन्द्रियविकारों का उपशमन हो चुका है, यह उत्पातरहित है, यह सांसारिक इच्छाओं से दूर हो चुका है, इसने सभी चल अचल प्राणियों के प्रति शस्त्र एवं दण्ड का त्याग कर दिया है। वह तेरी इस आहुति को भिक्षा के रूप में ग्रहण करने का अधिकारी है॥

''वह क्लेश की सेनाओं से परित्यक्त (विसेनिभूतो), शान्तचित्त, शिक्षित हस्ती की तरह गम्भीरता से चलने वाला, भिक्षुगुणसम्पन्न, सुविमुक्तचित्त एवं सुशील है वह तुम्हारी इस आहुति का अधिकारी बने॥

''उसी दक्षिणापात्र के प्रति स्थायी श्रद्धा से दक्षिणा का दान कर भावी पुण्य का संग्रह कर ले॥

''हे ब्रह्मणि! संसारधारा पार किये हुए मुनि के समान इस दक्षिणापात्र के प्रति स्थायी श्रद्धा से दक्षिणा दान कर भावी पुण्यसंग्रह कर ले''॥

तब उस सहम्पति ब्रह्मा के कथन से प्रभावित होकर उस ब्राह्मणी ने दक्षिणापात्र तथा संसारसागर से पार हुए उस मुनि ब्रह्मदेव के दर्शन कर उसको दक्षिणा का दान किया। जिसके फलस्वरूप उसने भावी पुण्यफल प्राप्त किया''॥ ●

४. वकब्रह्मसूत्र : : वकब्रह्मा का मानमर्दन

६. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् **श्रावस्ती के** जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय वकब्रह्मा को ऐसी पापदृष्टि उत्पन्न हुई—''यह नित्य है, ध्रुव है,

न जायति न जीयति न मीयति न चवति न उपपज्जति, इतो च पनञ्ञं उत्तरिं निस्सरणं नत्थी'' ति।

अथ खो भगवा बकस्स ब्रह्मुनो चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—जेतवने अन्तरहितो तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अद्दसा खो बको ब्रह्मा भगवन्तं दूरतो 'व आगच्छन्तं। दिस्वान भगवन्तं एतदवोच—''एहि खो, मारिस, स्वागतं ते, मारिस! चिरस्सं खो मारिस! इमं परियायमकासि यदिदं इधागमनाय। इदं हि, मारिस, निच्चं, इदं धुवं, इदं सस्सतं, इदं केवलं अचवनधम्मं, इदं हि न जायति न जीयति न मीयति न चवति न उपपज्जति। इतो च पनञ्ञं उत्तरिं निस्सरणं नत्थी'' ति।

एवं वुत्ते, भगवा बकं ब्रह्मानं एतदवोच—''अविज्जागतो वत, भो, बको ब्रह्मा; अविज्जागतो वत, भो, बको ब्रह्मा। यत्र हि नाम अनिच्चं येव समानं [B.145, R.143] निच्चं ति वक्खति, अधुवं येव समानं धुवं ति वक्खति, असस्सतं येव समानं सस्सतं ति वक्खति, अकेवलं येव समानं केवलं ति वक्खति, चवनधम्मं येव समानं अचवनधम्मं ति वक्खति। यत्थ च पन जायति च जीयति च मीयति च चवति च उपपज्जति च तं च तथा वक्खति— 'इदं हि न जायति न मीयति न चवति न

शाश्वत है, अखण्ड है, अच्युतस्वभाव है। यह न यहाँ से च्युत होकर अन्यत्र जन्मता है, न जीर्ण होता है, न मरता है, न इससे बढ़कर कोई दूसरा मुक्तिस्थल ही है।''

तब भगवान् ने स्वचित्त से वकब्रह्मा के अयुक्त चिन्तन को जान कर जैसे कोई बलवान् पुरुष...पूर्ववत्....जेतवन से अन्तर्हित होकर वे उस ब्रह्मलोक में जाकर प्रकट हुए। उस समय वकब्रह्मा ने भगवान् को दूर से ही देख लिया। तब वह भगवान् से यों बोला—''आइये, मार्ष! आपका स्वागत है! मार्ष! बहुत समय बाद आपने इधर पधारने का समय निकाला। मार्ष! यह नित्य है, ध्रुव है,...पूर्ववत्...कोई दूसरा मुक्तिस्थल नहीं है।''

उस वक ब्रह्मा के ऐसा कहने पर भगवान् ने उससे यह कहा—''अरे तुम वकब्रह्मा! अविद्या के वश में हो गये हो! यह बहुत चिन्ता की बात है।

''तुम अनित्य को 'नित्य' कह रहे हो; अध्रुव को 'ध्रुव' कह रहे हो; अशाश्वत को 'शाश्वत' कह रहे हो; अकेवल को 'केवल' कह रहे हो; च्यवनस्वभाव वाले को 'अच्युत' कह रहे हो; जहाँ लोग जन्मते हैं, जीर्ण भी होते है, मरते भी हैं, उत्पन्न भी होते

उपपज्जति'। सन्तं च पनञ्ञं उत्तरिं निस्सरणं, 'नत्थञ्ञं उत्तरिं निस्सरणं' ति वक्खती'' ति।

''द्वासत्तति गोतम पुञ्ञकम्मा, वसवत्तिनो जातिजरं अतीता।
[N.144] अयमन्तिमा वेदगू ब्रह्मुपपत्ति, अस्माभिजप्पन्ति जना अनेका'' ति॥

''अप्पं हि एतं न हि दीघमायु, यं त्वं बक मञ्ञसि दीघमायुं।
सतं सहस्सानं निरब्बुदानं, आयुं पजानामि तवाहं ब्रह्मे ति॥

''अनन्तदस्सी भगवाहमस्मि, जातिजरं सोकमुपातिवत्तो।
किं मे पुराणं वतसीलवत्तं, आचिक्ख मे तं यमहं विजञ्ञा'' ति॥

''यं त्वं अपायेसि बहू मनुस्से, पिपासिते घम्मनि सम्परेते।
तं ते पुराणं वतसीलवत्तं, सुत्तप्पबुद्धो व अनुस्सरामि॥

''यं एणिकूलस्मि जनं गहीतं, अमोचयी गय्हकं नीयमानं।
तं ते पुराणं वतसीलवत्तं, सुत्तप्पबुद्धो व अनुस्सरामि॥

[B.146] ''गङ्गाय सोतस्मिं गहीतनावं, लुद्देन नागेन मनुस्सकम्या।
पमोचयित्थ बलसा पसय्ह, तं ते पुराणं वतसीवत्तं, सुत्तप्पबुद्धो व अनुस्सरामि॥

है उसको तुम कह रहे हो—'यहाँ कोई न जन्मता है...न उत्पन्न होता है'; तथा अन्य मुक्तिस्थल के रहते हुए भी कह रहे हो—'इससे बढ़कर कोई मुक्तिस्थल नहीं है'।''

(वकब्रह्मा—) ''हे गौतम! हम बहत्तर (७२) ब्रह्मा अपने पुण्य कर्मों से वशवर्ती हैं तथा जाति तथा जरा से मुक्ति पा चुके हैं। 'ब्रह्मलोक में उत्पन्न होना ही अन्तिम मुक्ति है— यही वेद में कहा गया है। हमें ही लोग अनेक (ईश्वर, कर्त्ता, निर्माता आदि) नामों से पुकारते हैं''॥

(भगवान्—) ''यह आयु भी अल्प ही है बहुत लम्बी भी नहीं ; जैसा कि तुम समझ रहे हो। हे ब्रह्मा! मैं तुम्हारी सैंकड़ों, हजारों तथा करोड़ों वर्षों की आयु जानता हूँ। मैं अनन्तद्रष्टा भगवान् हूँ। जाति जरा एवं शोक को अतिक्रान्त कर चुका हूँ''॥

(वकब्रह्मा—) ''भगवान्! मेरा सर्वप्रथम शीलव्रत क्या था, कृपया आप बताइये तो मुझे भी समझ में आवे?''॥

(भगवान्—) ''जो तुम ने घाम में प्यासे बहुत से मनुष्यों को जल पिलाया था— वही पहला (सर्वप्रथम) तुम्हारा शीलव्रत था। सोकर जागे हुए की तरह वह मुझे स्मरण है॥ (१)

''जो गङ्गा के तट पर बाढ में फँसे प्राणियों को तुमने बचाया था— यह भी तुम्हारा एक पूर्व जन्म का शीलव्रत था। यह भी सोकर जागे हुए की तरह मुझे स्मरण है॥ (२)

"कप्पो च ते बद्धचरो अहोसिं, सम्बुद्धिमन्तं वतिनं अमञ्ञि। [R.144]
तं ते पुराणं वतसीलवत्तं, सुत्तप्पबुद्धो व अनुस्सरामी" ति ॥
"अद्धा पजानासि ममेतमायुं, अञ्ञे पि जानासि तथा हि बुद्धो। [N.145]
तथा हि त्यायं जलितानुभावो, ओभासयं तिट्ठति ब्रह्मलोकं" ति॥ ●

५. अञ्ञतरब्रह्मसुत्तं

७. सावत्थिनिदानं। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स ब्रह्मुनो एवरूपं पापकं दिट्ठिगतं उप्पन्नं होति—"नत्थि सो समणो वा ब्राह्मणो वा यो इध आगच्छेय्या" ति। अथ खो भगवा तस्स ब्रह्मुनो चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय—सेय्यथापि बलवा पुरिसो...पे०...तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अथ खो भगवा तस्स ब्रह्मुनो उपरि वेहासं पल्लङ्केन निसीदि तेजोधातुं समापज्जित्वा।

अथ खो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स एतदहोसि—"कहं नु खो भगवा एतरहि विहरती" ति? अद्दसा खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवन्तं दिब्बेन चक्खुना

"मनुष्य के लोभ में एक नागराज द्वारा खींच ले जाती नौका को तुमने बल लगा कर छुड़ा लिया था—यह भी तुम्हारा पूर्वजन्म का एक शील व्रत था। यह भी मुझे सोकर जगे हुए के समान भली भाँति स्मरण है॥" (३)

"मैं तुम्हारा कल्प नामक अनुगामी शिष्य था, तुमने मुझ को बुद्धिमान् समझा था—यह भी तुम्हारा एक पूर्वजन्म का शीलव्रत था। यह भी मुझको सोकर जागे हुए की तरह भली भाँति स्मरण है"॥ (४)

(वकब्रह्मा—) "अरे! जैसे भगवान् बुद्ध मेरे इतने जन्मों को जानते हैं। वैसे ही ये मेरे विषय में अन्य घटनाओं को भी जानते होंगे। इन का यह देदीप्यमान ज्ञान का प्रकाश समस्त ब्रह्मलोक को आलोकित कर रहा है॥" ●

५. अन्यतरब्रह्मसूत्र : : ब्रह्मा की मिथ्यादृष्टि का नाश

७. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। उस समय किसी ब्रह्मा को यह पापदृष्टि उत्पन्न हुई—"ऐसा कोई श्रमण या ब्राह्मण (भूलोक में) नहीं है जो इस ब्रह्मलोक में (अपने तपोबल के प्रभाव से) आ सके"। तब भगवान् ने उस ब्रह्मा के इस मानसिक वितर्क को अपने मन से जान कर, जैसे बलवान् पुरुष...पूर्ववत्...ब्रह्मलोक में प्रकट हुए। तब भगवान् स्वकीय तेज:प्रताप से उस ब्रह्मा के सिंहासन पर आकाश में पद्मासन लगाकर विराजमान हुए।

उसी समय आयुष्मान महामौद्गल्यायन के मन में यह विचार हुआ इस समय भगवान् कहाँ विराजमान होंगे!" तब उन्होंने आवर्जन (ध्यान भावना) द्वारा देखा कि

विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन तस्स ब्रह्मुनो उपरि वेहासं पल्लङ्केन निसिन्नं तेजोधातुं समापन्नं। दिस्वान—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, [B.147] पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—जेतवने अन्तरहितो तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो पुरत्थिमं दिसं निस्साय तस्स ब्रह्मुनो उपरि वेहासं पल्लङ्केन निसीदि तेजोधातुं समापज्जित्वा नीचतरं भगवतो।

अथ खो आयस्मतो महाकस्सपस्स एतदहोसि—"कहं नु खो भगवा एतरहि विहरती" ति? अद्दसा खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवन्तं दिब्बेन चक्खुना ...पे०... दिस्वान—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो...पे०...एवमेव—जेतवने अन्तरहितो तस्मिं [R.145] ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो दक्खिणं दिसं निस्साय तस्स ब्रह्मुनो उपरि वेहासं पल्लङ्केन निसीदि तेजोधातुं समापज्जित्वा नीचतरं भगवतो।

अथ खो आयस्मतो महाकप्पिनस्स एतदहोसि—"कहं नु खो भगवा एतरहि विहरती" ति? अद्दसा खो आयस्मा महाकप्पिनो भगवन्तं दिब्बेन चक्खुना...पे०... तेजोधातुं समापन्नं। दिस्वान—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो...पे०...एवमेव—जेतवने [N.146] अन्तरहितो तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा महाकप्पिनो पच्छिमं दिसं निस्साय तस्स ब्रह्मुनो उपरि वेहासं पल्लङ्केन निसीदि तेजोधातुं समापज्जित्वा नीचतरं भगवतो।

अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो तं ब्रह्मानं गाथाय अज्झभासि—

"अज्जा पि ते आवुसो सा दिट्ठि, या ते दिट्ठि पुरे अहु।
पस्ससि वीतिवत्तन्तं, ब्रह्मलोके पभस्सरं" ति॥

भगवान् तो ब्रह्मलोक में किसी ब्रह्मा के सिंहासन पर स्वकीय तेज:प्रताप के प्रभाव से पद्मासन (पालथी) लगा कर विराजमान हैं।

तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन भी स्वकीय तेज:प्रभाव से वहाँ जाकर भगवान् से कुछ पूर्व की तरफ आसन लगाकर बैठ गये। उसी समय आयुष्मान् महाकाश्यप को मन में...पूर्ववत्... दक्षिण की तरफ आसन लगाकर बैठ गये। उसी समय आयुष्मान् महाकप्पिन को मन में...पूर्ववत् पश्चिम की ओर आसन लगाकर बैठ गये। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन इस गाथा के माध्यम से यों बोले—

"आयुष्मन्! क्या आज भी तुम्हारी वही धारणा है जो पहले थी ? क्या सबसे अधिक उत्कृष्ट इस दिव्य लोक में इस महान् तेज:पुञ्ज को नहीं देख पा रहे हो।"

"न मे मारिस सा दिट्ठि, या मे दिट्ठि पुरे अहु।
पस्सामि वीतिवत्तन्तं, ब्रह्मलोके पभस्सरं॥
स्वाहं अज्ज कथं वज्जं, अहं निच्चोम्हि सस्सतो" ति॥

अथ खो भगवा तं ब्रह्मानं संवेजेत्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो [B.148] सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—तस्मिं ब्रह्मलोके अन्तरहितो जेतवने पातुरहोसि।

अथ खो सो ब्रह्मा अञ्ञतरं ब्रह्मपारिसज्जं आमन्तेसि—"एहि त्वं, मारिस, येनायस्मा महामोग्गल्लानो तेनुपसङ्कम; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एवं वदेहि—'अत्थि नु खो, मारिस मोग्गल्लान, अञ्ञे पि तस्स भगवतो सावका एवंमहिद्धिका एवंमहानुभावा; सेय्यथापि भवं मोग्गल्लानो कस्सपो कप्पिनो [R.146] अनुरुद्धो''' ति? "एवं, मारिसा" ति खो सो ब्रह्मपारिसज्जो तस्स ब्रह्मुनो पटिस्सुत्वा येनायस्मा महामोग्गल्लानो तेनुपससङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—"अत्थि नु खो, मारिस मोग्गल्लान, अञ्ञे पि तस्स भगवतो [N.147] सावका एवंमहिद्धिका एवंमहानुभावा; सेय्यथापि भवं मोग्गल्लानो कस्सपो कप्पिनो अनुरुद्धो" ति? अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो तं ब्रह्मपारिसज्जं गाथाय अज्झभासि—

"तेविज्जा इद्धिपत्ता च, चेतोपरियायकोविदा।
खीणासवा अरहन्तो, बहू बुद्धस्स सावका" ति॥

(ब्रह्मा—) "मार्ष! आज मेरी वह धारणा नहीं रह गयी है जो पहले थीं; क्योकि मैं अब अपने इस दिव्य लोक में महान् तेज:पुञ्ज को देख रहा हूँ। तो भला, अब मैं कैसे कह सकता हूँ कि मैं नित्य एवं शाश्वत हूँ॥"

तब भगवान् उस ब्रह्मा को संवेगयुक्त धर्मोपदेश कर बलवान् पुरुष की तरह...ब्रह्मलोक में अन्तर्हित होकर जेतवन में आ विराजे।

एतदनन्तर, वह ब्रह्मा अपनी ब्रह्मपरिषद् के किसी सदस्य को बुलाकर आदेश देने लगा—"मार्ष! तुम वहाँ जाओ, जहाँ आयुष्मान् महामोग्गल्लान विराजमान हैं, और वहाँ जाकर उनसे पूछो—"क्या आप के समान अन्य बुद्धशिष्य भी ऐसे ही ऋद्धिमान् है; जैसे आप मोग्गल्लान, ये काश्यप तथा कप्पिन एवं अनुरुद्ध?"" "अच्छा श्रीमन्!" कहकर वह ब्रह्मपार्षद आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के पास गया, तथा उससे ब्रह्मा द्वारा कहा गया प्रश्न पूछा। तब उस पार्षद को उन्होंने गाथा के माध्यम से यह कहा—

अथ खो सो ब्रह्मपारिसज्जो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा येन सो ब्रह्मा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं ब्रह्मानं एतदवोच— "आयस्मा मारिस, महामोग्गल्लानो एवमाह—

'तेविज्जा इद्धिपत्ता च, चेतोपरियायकोविदा।
खीणासवा अरहन्तो, बहू बुद्धस्स सावका''' ति॥

८. इदमवोच सो ब्रह्मपारिसज्जो। अत्तमनो च सो ब्रह्मा तस्स ब्रह्मपारिसज्जस्स भासितं अभिनन्दी ति॥ ●

६. ब्रह्मलोकसुत्तं

[B.149] ९. सावत्थिनिदानं। तेन खो पन समयेन भगवा दिवाविहारगतो होति पटिसल्लीनो। अथ खो सुब्रह्मा च पच्चेकब्रह्मा सुद्धावासो च पच्चेकब्रह्मा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा पच्चेकं द्वारबाहं उपनिस्साय अट्ठंसु। अथ खो सुब्रह्मा [R.147] पच्चेकब्रह्मा सुद्धावासं पच्चेकब्रह्मानं एतदवोच—"अकालो खो ताव, मारिस, भगवन्तं पयिरुपासितुं; दिवाविहारगतो भगवा पटिसल्लीनो च। असुको च ब्रह्मलोको इद्धो चेव फीतो च ब्रह्मा च तत्र पमादविहारं विहरति। आयाम, मारिस,

---

"भगवान् बुद्ध के ऐसे असङ्ख्य शिष्य हैं जो तीनों विद्याओं को जानने वाले, ऋद्धिसम्पन्न, परचित्त के ज्ञाता, आश्रवक्षीण एवं अर्हत् हैं"॥

तब उस पार्षद ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन का यही उत्तर ब्रह्मा को जाकर सुना दिया—

"भगवान् बुद्ध के ऐसे बहुत से शिष्य हैं...पूर्ववत्...एवं अर्हत् हैं"॥

८. सन्तुष्ट होकर उस ब्रह्मा ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के कथन का अभिनन्दन एवं अनुमोदन किया॥ ●

६. ब्रह्मलोकसूत्र : : ब्रह्मा को संविग्न करना

९. यह सूत्र भी **श्रावस्ती में** ही...। उस समय भगवान् दिन में साधना करते हुए ध्यानमग्न होकर विराजमान थे।

उसी समय सुब्रह्मा एवं शुद्धावास—ये दो प्रत्येकब्रह्मा जहाँ भगवान् साधनामग्र थे वहाँ पहुँचे। वहाँ पहुँचकर ये दोनों द्वार के स्तम्भ के सहारे खड़े हो गये। तब सुब्रह्मा ने शुद्धावास प्रत्येकब्रह्मा को यों कहा—"मार्ष! भगवान् के दर्शन करने का यह सुअवसर नहीं है, क्योंकि भगवान् इस समय ध्याननिष्ठ हैं। हाँ, अमुक ब्रह्मलोक बहुत ऋद्धिसम्पन्न एवं स्फीत (वैभवशाली) सुना जा रहा है। किन्तु वहाँ का ब्रह्मा (शास्त्रविधि के विपरीत)

येन सो ब्रह्मलोको तेनुपसङ्कमिस्साम; उपसङ्कमित्वा तं ब्रह्मानं संवेजेय्यामा'' ति। ''एवं, मारिसा'' ति खो सुद्धावासा पच्चेकब्रह्मा सुब्रह्मुनो पच्चेकब्रह्मुनो पच्चस्सोसि।

अथ खो सुब्रह्मा च पच्चेकब्रह्मा सुद्धावासो च पच्चेकब्रह्मा सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो...पे०...एवमेव—भगवतो पुरतो अन्तरहिता तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहेसुं। अद्दसा खो सो ब्रह्मा ते ब्रह्मानो दूरतो व आगच्छन्ते। दिस्वान ते ब्रह्मानो एतदवोच— ''हन्द कुतो नु तुम्हे, मारिसा, आगच्छथा'' ति? ''आगता खो मयं, मारिस, अम्ह तस्स भगवतो सन्तिका अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। गच्छेय्यासि पन त्वं, [N.148] मारिस, तस्स भगवतो उपट्ठानं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्सा'' ति?

एवं वुत्ते, खो सो ब्रह्मा तं वचनं अनधिवासेन्तो सहस्सक्खत्तुं अत्तानं अभिनिम्मिनित्वा सुब्रह्मानं पच्चेकब्रह्मानं एतदवोच—''पस्ससि मे नो त्वं, मारिस, एवरूपं इद्धानुभावं'' ति?

''पस्सामि खो त्याहं, मारिस, एवरूपं इद्धानुभावं'' ति।

''सो ख्वाहं, मारिस, एवंमहिद्धिको एवंमहानुभावो कस्स अञ्ञस्स समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा उपट्ठानं गमिस्सामी'' ति?

अथ खो सुब्रह्मा पच्चेकब्रह्मा द्विसहस्सक्खत्तुं अत्तानं अभिनिम्मिनित्वा तं ब्रह्मानं एतदवोच—''पस्ससि मे नो त्वं, मारिस, एवरूपं इद्धानुभाव'' ति?

प्रमादविहार (मिथ्यासाधना) में लगा रहता है। मार्ष! तो आओ, उस ब्रह्मलोक में चलकर उस ब्रह्मा से संलाप करें।'' ''ठीक है, जैसा तुम कह रहे हो वही किया जाय।'' यह कह कर शुद्धावास प्रत्येकब्रह्मा ने सुब्रह्मा प्रत्येकब्रह्मा को उत्तर दिया।

तब वे दोनों प्रत्येकब्रह्मा...भगवान् के साधनास्थल में अन्तर्हित होकर उस ब्रह्मलोक में प्रकट हुए। वहाँ के ब्रह्मा ने उन दोनों प्रत्येकब्रह्माओं को दूर से आते हुए ही देख लिया। देखकर वह उनसे यों बोला—''मार्ष! आप लोग कहाँ से आ रहे हैं?'' ''हम तो इस समय भगवान् बुद्ध के पास से आ रहे हैं। मार्ष! क्या आप भी उन भगवान् के दर्शन करने हेतु जाना चाहेंगे?''

ऐसा कहे जाने पर उस ब्रह्मा ने उन प्रत्येकब्रह्माओं के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए अपने ऋद्धिप्रभाव से अपने समान हजार रूप बनाते हुए सुब्रह्मा प्रत्येकब्रह्मा को यह पूछा—''मार्ष! देख रहे हो मेरा ऋद्धिप्रभाव?''

''हाँ, मार्ष! मैं देख तो रहा हूँ।''

''तो तुम्ही बताओ, मार्ष! ऐसे ऋद्धिप्रभाव के रहते मैं किसी अन्य श्रमण या ब्राह्मण के पास क्यों जाऊँ?''

रागो चित्तं अनुद्धंसेति; तं कुतेत्थ लब्भा यं मे परो अनभिरतिं विनोदेत्वा अभिरतिं उप्पादेय्य। यन्नूनाहं अत्तना व अत्तनो अनभिरतिं विनोदेत्वा अभिरतिं उप्पादेय्यं'' ति। अथ खो आयस्मा वङ्गीसो अत्तना व अत्तनो अनभिरतिं विनोदेत्वा अभिरतिं उप्पादेत्वा तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

''अरतिं च रतिं च पहाय, सब्बसो गेहसितं च वितक्कं।
वनथं म करेय्य कुहिञ्चि, निब्बनथो अरतो स हि भिक्खु॥
''यमिध पठविं च वेहासं, रूपगतं च जगतोगधं।
किञ्चि परिजीयति सब्बमनिच्चं, एवं समेच्च चरन्ति मुतत्ता॥
''उपधीसु जना गधितासे, दिट्ठसुते पटिघे च मुते च।
एत्थ विनोदय छन्दमनेजो, यो एत्थ न लिम्पति तं मुनिमाहु॥
[R.187] ''अथ सट्ठिनिस्सिता सवितक्का, पुथू जनताय अधम्मा निविट्ठा।
[N.187] न च वग्गगतस्स कुहिञ्चि, नो पन दुट्ठुल्लभाणी स भिक्खु॥
''दब्बो चिररत्तसमाहितो, अकुहको निपको अहिहालु।
सन्तं पदं अज्झगमा मुनि पटिच्च, परिनिब्बुतो कङ्खति कालं'' ति॥ •

३. पेसलसुत्तं

३. एकं समयं आयस्मा वङ्गीसो आळवियं विहरति अग्गाळवे चेतिये

निकलते थे। इस कारण आयुष्मान् वङ्गीश को धर्मसाधना में अनुत्कण्ठा एवं सांसारिक पदार्थों में आसक्ति होने लगी। तब आयुष्मान् वङ्गीश को तत्काल ध्यान आया—...पूर्ववत्...ये गाथाएं कहीं—

''साधारण जन देखे, सुने एवं अनुभव किये हुए धर्मों के प्रति सांसारिक पदार्थों में लुब्ध रहते हैं। परन्तु स्थिरचित्त ज्ञानिजन इनके प्रति अपनी इच्छाओं को दबाकर इनमें लिप्त नहीं होते। ऐसे साधक को ही 'मुनि' कहते हैं॥

''जो साठ मिथ्या धारणाएँ पृथग्जनों को आवृत किये रहती हैं, उनमें जो लिप्त नहीं होता; जो किसी को कोई अपशब्द (हीनस्तर की बात) नहीं बोलता वही 'भिक्षु' कहलाता है॥

''बुद्धिमान्, चिरकाल से समाहितचित्त, ढोंग न रखने वाले, दक्ष एवं निर्लोभ जिस मुनि ने शान्त पद जान कर निर्वाण को प्राप्त कर लिया हैं वह अपने समय की प्रतीक्षा कर रहा है''॥ •

३. पेशलसूत्र : : अभिमान का त्याग

३. एक समय आयुष्मान् वङ्गीश आळवी में...पूर्ववत्...आयुष्मान् वङ्गीश अपनी

आयस्मता निग्रोधकप्पेन उपज्झायेन सद्धिं। तेन खो पन समयेन आयस्मा [B.189] वङ्गीसो अत्तनो पटिभानेन पेसले भिक्खू अतिमञ्ञति। अथ खो आयस्मतो वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अलाभा वत मे, न वत मे लाभा; दुल्लद्धं वत मे, न वत मे सुलद्धं; य्वाहं अत्तनो पटिभानेन अञ्ञे पेसले भिक्खू अतिमञ्ञामी" ति। अथ खो आयस्मा वङ्गीसो अत्तना व अत्तनो विप्पटिसारं उप्पादेत्वा तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

"मानं पजहस्सु गोतम, मानपथं च पजहस्सु।
असेसं मानपथस्मिं, सम्मुच्छितो विप्पटिसारीहुवा चिररत्तं॥

"मक्खेन मक्खिता पजा, मानहता निरयं पपतन्ति।
सोचन्ति जना चिररत्तं, मानहता निरयं उपपन्ना॥

"न हि सोचति भिक्खु कदाचि, मग्गजिनो सम्मापटिपन्नो।
कित्तिं च सुखं च अनुभोति, धम्मदसो ति तमाहु पहितत्तं॥

"तस्मा अखिलोध पधानवा, नीवरणानि पहाय विसुद्धो। [R.188]
मानं च पहाय असेसं, विज्जायन्तकरो समितावी" ति॥

प्रत्युत्पन्नमतिता से दूसरे भिक्षुओं को उद्विग्न करते रहते थे। परन्तु अन्त में आयुष्मान् वङ्गीश को विचार हुआ—"ऐसा करना मेरे लिये बहुत अनुचित है कि मैं अपनी प्रत्युत्पन्नमति से दूसरों को उद्विग्न करूँ।" तब आयुष्मान् वङ्गीश ने स्वयं ही अपना प्रायश्चित्त कर उस समय ये गाथाएँ कहीं—

"हे गौतम शिष्य! यह वृथाभिमान त्याग दे। अभिमान के मार्ग से दूर हट। इस अभिमान के मार्ग में भटक कर बहुत दिनों तक पश्चात्ताप करते रहेगा!॥

"यह समस्त अपने दर्प (वृथाभिमान) में मत्त है। अभिमानियों का अन्त में नरक में पात होता है। वे इस कारण (नकर में उत्पन्न होकर) बहुत काल तक शोकमान रहते हैं॥

"परन्तु भिक्षु (साधक) कभी शोक नहीं करता, जिसने मार्ग को जीत लिया हो। ऐसा सम्यक्प्रतिपन्न साधक चिरकाल तक सुखानुभव करता है। लोक में यश प्राप्त करता है। धर्म का साक्षात्कार करने वाला ही 'धर्मात्मा' कहलाता है॥

"अत:, ओ साधक! मन के मैल को दूर कर उत्साही बन। बन्धनों को काटकर विशुद्ध हो जा। तथा अपने इस वृथाभिमान को सर्वथा दबा दें। यों शान्तचित्त होकर साधक ज्ञानपूर्वक अपने अन्त की प्रतीक्षा करता है॥"

४. आनन्दसुत्तं

[N.188] ४. एकं समयं आयस्मा आनन्दो सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथ-पिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मा आनन्दो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसि आयस्मता वङ्गीसेन पच्छासमणेन। तेन खो पन समयेन आयस्मतो वङ्गीसस्स अनभिरति उप्पन्ना होति, रागो चित्तं अनुद्धंसेति। अथ खो आयस्मा वङ्गीसो आयस्मन्तं आनन्दं गाथाय अज्झभासि—

"कामरागेन डय्हामि, चित्तं, मे परिडय्हति।
साधु निब्बापनं ब्रूहि, अनुकम्पाय गोतमा" ति॥

"सञ्ञाय विपरियेसा, चित्तं ते परिडय्हति।
निमित्तं परिवज्जेहि, सुभं रागूपसंहितं॥

"सङ्खारे परतो पस्स, दुक्खतो मा च अत्ततो।
निब्बापेहि महारागं, मा डय्हित्थो पुनप्पुनं॥

[B.190] "असुभाय चित्तं भावेहि, एकग्गं सुसमाहितं।
सति कायगता त्यत्थु, निब्बिदाबहुलो भव॥

"अनिमित्तं, च भावेहि, मानानुसयमुज्जह।
ततो मानाभिसमया, उपसन्तो चरिस्ससी" ति॥ ●

---

४. आनन्दसूत्र : : कामराग से मुक्ति

४. एक समय आयुष्मान् आनन्द श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब आयुष्मान् आनन्द पूर्वाह्न में, वस्त्रों को व्यवस्थित कर...आयुष्मान् वङ्गीश के साथ भिक्षाहेतु श्रावस्ती में प्रविष्ट हुए। उस समय आयुष्मान् वङ्गीश को धर्म के प्रति अनभिरुचि तथा सांसारिक विषयों के प्रति अभिरुचि उत्पन्न हुई। इसका चित्त राग से डावाँडोल होने लगा। तब आयुष्मान् वङ्गीश ने आयुष्मान् आनन्द से कहा—

"मैं कामराग से जल रहा हूँ। चित्त भी मेरा जल रहा है। हे गौतम शिष्य! कृपाकर उसकी शान्ति का कोई उचित उपाय बताइये ?"

(आनन्द—) "मन के भ्रान्त होने से वह जल रहा है। राग-उत्पादक इस शुभ लगने वाले आकर्षण का त्याग कर दो"॥

"अपने संस्कारों को अन्य के संस्कारों के समान देखो, उन्हें दु:खमय तथा अनात्म समझो। इस तरह इस महाराग का निर्वापण (बुझाना) कर दो। इस तरह तुम्हारा यह बार बार जलना समाप्त हो जायगा॥

५. सुभासितसुत्तं

५. सावत्थिनिदानं। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"चतूहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागता वाचा सुभासिता होति, नो दुब्भासिता; अनवज्जा च अननुवज्जा च विञ्ञूनं। कतमेहि चतूहि? १. इध, भिक्खवे, [R.189] भिक्खु सुभासितं येव भासति नो दुब्भासितं, २. धम्मं येव भासति नो अधम्मं, ३. पियं येव भासति नो अप्पियं, ४. सच्चं येव भासति नो अलिकं। इमेहि खो, भिक्खवे, चतूहि अङ्गेहि समन्नागता वाचा सुभासिता होति, नो दुब्भासिता, अनवज्जा च अनुनुवज्जा च विञ्ञूनं" ति।

६. इदमवोच भगवा, इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था— [N.189]

"सुभासितं उत्तममाहु सन्तो, धम्मं भणे नाधम्मं तं दुतियं।
पियं भणे नाप्पियं तं ततियं, सच्चं भणे नालिकं तं चतुत्थं" ति॥

"तुम दुःख, अनित्य एवं अनात्म की भावना करो, वृथाभिमान तथा दर्प का त्याग कर दो। तब इस मान के प्रहाण (नाश) से तुम शान्तचित्त होकर विचरण करोगें"॥●

५. सुभाषित सूत्र : : सुभाषित के लक्षण

५. यह सूत्र श्रावस्ती में ही...। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को बुलाया तथा वे उनको यों उपदेश करने लगे—

भिक्षुओ! चार अङ्गों से युक्त होने पर वचन सुभाषित होता है, दुर्भाष्ति नहीं; विद्वानों से अनिन्द्य होता है, निन्द्य नहीं। किन चार अङ्गों से?

(१) भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु सुभाषित ही बोलता है, दुर्भाषित नहीं;

(२) धर्मपूर्वक ही भाषण करता है, अधर्मपूर्वक नहीं;

(३) प्रिय वचन ही बोलता है, अप्रिय वचन नहीं; एवं

(४) सत्य वचन ही बोलता है, असत्य वचन नहीं। भिक्षुओ! इन चार अङ्गों से युक्त वाणी ही सुभाषित होती है, दुर्भाषित नहीं; विद्वानों द्वारा अनिन्दनीय ही होती है, निन्दनीय नहीं।"

६. भगवान् ने यों कहा। यह कहकर भगवान् ने गाथाओं के माध्यम से यह भी कहा—

"सन्तों ने सुभाषित को ही श्रेष्ठ 'वचन' कहा है। धर्मपूर्वक ही भाषण करना चाहिये, अधर्मपूर्वक नहीं। प्रिय वचन ही बोलना चाहिये, अप्रिय वचन नहीं। सत्यभाषण ही करना चाहिये, असत्य भाषण नहीं"।

७. अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"पटिभाति मं भगवा, पटिभाति मं सुगता" ति।

"पटिभातु तं, वङ्गीसा" ति भगवा अवोच।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

"तमेव वाचं भासेय्य, यायत्तानं न तापये।
परे च न विहिंसेय्य, सा वे वाचा सुभासिता॥
"पियवाचं व भासेय्य, या वाचा पटिनन्दिता।
यं अनादाय पापानि, परेसं भासते पियं॥
[B.191] "सच्चं वे अमता वाचा, एस धम्मो सनन्तनो।
सच्चे अत्थे च धम्मे, च, आहु सन्तो पतिट्ठिता॥
"यं बुद्धो भासते वाचं, खेमं निब्बानपत्तिया।
दुक्खस्सन्तकिरियाय, सा वे वाचानमुत्तमा" ति॥ •

६. सारिपुत्तसुत्तं

८. एकं समयं आयस्मा सारिपुत्तो सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू धम्मिया कथाय

---

७. तब आयुष्मान् वङ्गीश ने आसन से उठकर, उत्तरासङ्ग (ऊपर का वस्त्र) को एक कन्धे पर कर, भगवान् की ओर हाथ जोड़कर यों कहा—"भगवन्! मैं कुछ कहना चाहता हूँ, सुगत! मैं कुछ बोलना चाहता हूँ।"

"कहो, वङ्गीश! तुम्हें मेरी अनुज्ञा है"—भगवान् ने यों आदेश दिया। तब आयुष्मान् वङ्गीश ने समयोचित वाणी से भगवान् की स्तुति करते हुए यह कहा—

"साधक को वही वाणी बोलनी चाहिये जिसे बोलने के बाद पश्चाताप न करना पड़े तथा उससे दूसरों को कोई कष्ट भी न हो। ऐसी वाणी को ही 'सुभाषित' कहते हैं॥

"प्रियवचन ही बोलने चाहिये जो सुनने वाले मधुर लगे तथा उसको प्रसन्नताधायक हों। जो अपनी वाणी से दूसरों के दोष नहीं निकालता वही 'प्रिय वक्ता' कहलाता है॥

"सत्यभापण ही सर्वोत्तम है। यह सनातन धर्म है। क्यों कि सत्यभाषण को ही विद्वानों ने प्रयोजनयुक्त तथा धर्म में प्रतिष्ठित बताया है।

"अथ च, बुद्ध जो क्षेम तथा निर्वाण की प्राप्ति एवं दुःखों का अन्त करने के लिये वचन बोलते हैं वे तो सबसे उत्तम (श्रेष्ठ) वचन (वाणी) हैं॥" •

सन्दस्सेति समादपेति समुत्तेजेति सम्पहंसेति पोरिया वाचाय विस्सट्ठाय [N.190] अनेलगलाय अत्थस्स विञ्ञापनिया। ते च भिक्खू अट्ठिं कत्वा मनसि कत्वा सब्बचेतसा समन्नाहरित्वा ओहितसोता धम्मं सुणन्ति। अथ खो आयस्मतो [R.190] वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अयं खो आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू धम्मिया कथाय सन्दस्सेति समादपेति समुत्तेजेति सम्पहंसेति पोरिया वाचाय विस्सट्ठाय अनेलगलाय अत्थस्स विञ्ञापनिया। ते च भिक्खू अट्ठिं कत्वा मनसि कत्वा सब्बचेतसा समन्नाहरित्वा ओहितसोता धम्मं सुणन्ति। यन्नूनाहं आयस्मन्तं सारिपुत्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवेय्यं" ति।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येनायस्मा सारिपुत्तो तेनञ्जलिं पणामेत्वा आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोच—"पटिभाति मं, आवुसो सारिपुत्त, पटिभाति मं, आवुसो सारिपुत्ता" ति।

"पटिभातु तं, आवुसो वङ्गीसा" ति।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो आयस्मन्तं सारिपुत्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

"गम्भीरपञ्ञो मेधावी, मग्गामग्गस्स कोविदो।
सारिपुत्तो महापञ्ञो, धम्मं देसेति भिक्खुनं॥
"सङ्खित्तेन पि देसेति, वित्थारेन पि भासति।
साळिकायिव निग्घोसो, पटिभानं उदीरयि॥

---

६. सारिपुत्रसूत्र : : सारिपुत्र की प्रशंसा

८. एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र **श्रावस्ती** के जेतवन में साधना हेतु ठहरे हुए थे। उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र ने भिक्षुओं को धर्मोपदेश द्वारा सन्दृष्ट, समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया। उन के धर्मोपदेश के वचन सभ्य, स्पष्ट, निर्दोष एवं सार्थक थे। सामने बैंठे हुए भिक्षु भी उसको बहुत आदरपूर्वक मन लगा कर, ध्यान देकर अवहितश्रोत्र हो (कान लगा) कर सुन रहे थे। तब आयुष्मान् वङ्गीश के मन में हुआ कि...ऐसे अवसर पर मैं भी क्यों न सारिपुत्र की समयोचित वाणी से, गाथा के माध्यम से, स्तुति करूँ।

तब आयुष्मान् वङ्गीश...पूर्ववत्...गाथाओं से यों स्तुति करने लगा—

"गम्भीर प्रज्ञावाले, बुद्धिमान्, सत् एवं असत् के ज्ञाता ये सारिपुत्र महाप्रज्ञ भिक्षुओं को धर्मोपदेश कर रहे हैं।

"वे संक्षेप में भी उपदेश करते हैं, उसका समयोचित विस्तार भी करते हैं। उनका स्वर शारिका (मैंना) के समान मधुर है। उनकी प्रत्युत्पन्नमतिता उच्च स्तर की है।

[B.192] "तस्स तं देसयन्तस्स, सुणन्ति मधुरं गिरं।
उदग्गचित्ता मुदिता, सोतं ओधेन्ति भिक्खवो" ति॥ ●

७. पवारणासुत्तं

९. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति पुब्बारामे मिगारमातुपासादे महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सब्बेहेव अरहन्तेहि। तेन खो पन समयेन भगवा तदहुपोसथे पन्नरसे पवारणाय भिक्खुसङ्घपरिवुतो अब्भोकासे निसिन्नो होति। अथ खो भगवा तुण्हीभूतं भिक्खुसङ्घं अनुविलोकेत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"हन्द दानि, भिक्खवे, पवारेमि वो। न च मे किञ्चि गरहथ कायिकं वा वाचसिकं वा" ति?

१०. एवं वुत्ते, आयस्मा सारिपुत्तो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"न खो मयं, भन्ते, भगवतो किञ्चि गरहाम कायिकं वा वाचसिकं वा। भगवा हि, भन्ते, अनुप्पन्नस्स मग्गस्स उप्पादेता, [R.191] असञ्जातस्स मग्गस्स सञ्जनेता, अनक्खातस्स मग्गस्स अक्खाता, मग्गञ्ञू मग्गविदू मग्गकोविदो। मग्गानुगा च, भन्ते, एतरहि सावका विहरन्ति पच्छा

उनके उपदेश की वाणी मधुर, आनन्ददायक, सुनने में मीठी, तथा सुन्दर है, अतएव ये भिक्षुजन उनको प्रसन्न (उदग्र) एवं पमुदितचित्त होकर ध्यानपूर्वक कान लगा कर सुन रहे हैं"॥ ●

७. प्रवारणासूत्र : : प्रवारणा कर्म

९. एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती के** पूर्वारामस्थित मृगारमातृप्रासाद में पाँच सौ भिक्षुओं के, जो कि सभी अर्हत् हो चुके थे, विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ साधनाहेतु विराजमान थे।

उस समय भगवान् पञ्चदशी (पूर्णिमा) के उपोसथ के दिन प्रवारणा के लिये सम्मिलित हुए भिक्षुसङ्घ के मध्य खुले आकाश के नीचे विराजमान थे। तब भगवान् भिक्षुसङ्घ को चुप (मौन) देखकर भिक्षुसङ्घ से कहा—"भिक्षुओ मैं अपनी प्रवारणा (आत्मशुद्धि का आश्वासन) देता हूँ। क्या तुम में से किसी ने मेरा कोई निन्दनीय कायिक वाचिक दोष तो नहीं देखा?"

१०. भगवान् द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् सारिपुत्र ने...पूर्ववत्...भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! हम भगवान् पर किसी भी प्रकार का कायिक या वाचिक दोष नहीं लगा सकते! भन्ते! आप तो हमारे लिये अनुत्पन्न मार्ग के उत्पादक हैं, अज्ञात मार्ग के बताने वाले हैं, न कहे मार्ग के कहने वाले हैं, तथा आप स्वयं अपने आप में मार्ग को

समन्नागता; अहं च खो, भन्ते, भगवन्तं पवारेमि। न च मे भगवा किञ्चि गरहति कायिकं वा वाचसिकं वा'' ति?

''न ख्वाहं ते, सारिपुत्त, किञ्चि गरहामि कायिकं वा वाचसिकं वा। पण्डितो त्वं, सारिपुत्त, महापञ्ञो त्वं, सारिपुत्त, पुथुपञ्ञो त्वं, सारिपुत्त, हासपञ्ञो त्वं, सारिपुत्त, जवनपञ्ञो त्वं, सारिपुत्त। सेय्यथापि, सारिपुत्त, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स जेट्ठपुत्तो पितरा पवत्तितं चक्कं सम्मदेव अनुप्पवत्तेति; एवमेव खो त्वं, सारिपुत्त, मया अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं सम्मदेव अनुप्पवत्तेसी'' ति।

''नो चे किर मे, भन्ते, भगवा किञ्चि गरहति कायिकं वा वाचसिकं वा। इमेसं पन, भन्ते, भगवा पञ्चन्नं भिक्खुसतानं न किञ्चि गरहति कायिकं वा वाचसिकं वा'' ति।

इमेसं पि ख्वाहं, सारिपुत्त, पञ्चन्नं भिक्खुसतानं न किञ्चि गरहामि कायिकं वा वाचसिकं वा। इमेसं हि, सारिपुत्त, पञ्चन्नं भिक्खुसतानं सट्ठि भिक्खू तेविज्जा, [B.193] सट्ठि भिक्खू छळभिञ्ञा, सट्ठि भिक्खू उभतोभागविमुत्ता, अथ इतरे पञ्ञाविमुत्ता'' ति।

११. अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन

पहचानने वाले, मार्गज्ञ तथा सम्यग्मार्गप्रदर्शक हैं। आप के बताये हुए मार्ग पर ही इस समय भिक्षु लोग आप के पीछे पीछे चल रहे हैं। भन्ते! मैं भी आप को अनी कायिक तथा वाचिक शुद्धि का आश्वासन देता हूँ। क्या आप ने मुझमें कोई ऐसा दोष देखा है?''

(भगवान्—) ''सारिपुत्र! मैं तुममें कोई कायिक या वाचिक दोष नहीं देखता। सारिपुत्र! तुम तो महान् पण्डित हो, महाप्रज्ञ हो, तीव्रबुद्धि हो, प्रसन्न (निर्मल) बुद्धि वाले हो। सर्वत्र गति, कुशाग्र एवं अपराजेय हो। सारिपुत्र! किसी राजा का ज्येष्ठ पुत्र जैसे पिता द्वारा प्रवर्तित शासनचक्र का प्रवर्तन करता है वैसे ही तुम मेरे द्वारा प्रवर्तित इस धर्मचक्र का सम्यक् प्रवर्तन करते हो।''

(सारिपुत्र—) ''भन्ते! यदि भगवान् मुझमें कोई कायिक वाचिक दोष नहीं पा रहे हैं तो भगवन्! आप विश्वास कीजिये कि इन पाँच सौ भिक्षुओं में भी कोई वैसा दोष नहीं मिलेगा।''

(भगवान्—) ''सारिपुत्र! इन पाँच सौ भिक्षुओं में भी मैं कोई कायिक या वाचिक दोष नहीं देख पा रहा हूँ। सारिपुत्र! इन पाँच सौ भिक्षुओं में साठ भिक्षु त्रैविद्य हैं, साट भिक्षु षडभिज्ञ है, साठ भिक्षु उभयभागों (संयोजनों के दोनों भागों) से विमुक्त हैं, तथा अवशिष्ट प्रज्ञा के आलम्बन से सांसारिक मुक्ति पा चुके हैं''॥

भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"पटिभाति मं भगवा, पटिभाति मं सुगता" ति।

"पटिभातु तं, वङ्गीसा" ति भगवा अवोच।

[N.192] अथ खो आयस्मा वङ्गीसो भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

"अज्ज पन्नरसे विसुद्धिया, भिक्खू पञ्चसता समागता।
संयोजनबन्धनच्छिदा, अनीघा खीणपुनब्भवा इसी॥

[R.192] "चक्कवत्ती यथा राजा, अमच्चपरिवारितो।
समन्ता अनुपरियेति, सागरन्तं महिं इमं॥
एवं विजितसङ्गामं, सत्थवाहं अनुत्तरं।
सावका पयिरुपासन्ति, तेविज्जा मच्चुहायिनो॥
"सब्बे भगवतो पुत्ता, पलापेत्थ न विज्जति।
तण्हासल्लस्स हन्तारं, वन्दे आदिच्चबन्धुनं" ति॥

८. परोसहस्ससुत्तं

१२. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेलसेहि भिक्खुसतेहि। तेन खो पन समयेन भगवा भिक्खू निब्बानपटिसंयुत्ताय धम्मिया कथाय सन्दस्सेति समादपेति समुत्तेजेति

---

११. तब आयुष्मान् वङ्गीश ने...भगवान् से समयोचित गाथाओं से यह कहा—

"आज पूर्णिमा के दिन विशुद्धिज्ञापन के निमित्त एकत्र ये पाँच सौ भिक्षु सभी संयोजन बन्धन को काट चुके हैं, निष्पाप हैं, इनकी जन्ममरणपरम्परा क्षीण हो चुकी है, अत: ये ऋषितुल्य हैं॥

"जैसे चक्रवर्ती राजा अपने मन्त्रियों से धिरा हुआ अपने अधीन समस्त राज्य में समुद्र तक पृथ्वी के चारों ओर धूम आता है; वैसे ही आप विजितसंग्राम तथा अद्वितीय नायक की ये आप के शिष्यगण उपासना करते हैं। ये सभी त्रैविद्य एवं मृत्यु पर विजय प्राप्त कर चुके हैं"

"'ये सभी भगवान् के शिष्य हैं'— इसमें कोई अत्युक्ति नहीं है। अत: मैं आप सूर्यवंशोत्पन्न बुद्ध को प्रणाम करता हूँ।"

८. पर:सहस्रसूत्र : : **बुद्धस्तुति**

१२. एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती के** जेतवन में १२५० सङ्ख्यावाले भिक्षुसङ्घ के साथ साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय भगवान् भिक्षुओं को निर्वाण की

सम्पहंसेति। ते च भिक्खू अट्ठिं कत्वा मनसि कत्वा सब्बचेतसा समन्नाहरित्वा ओहितसोता धम्मं सुणन्ति।

अथ खो आयस्मतो वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अयं खो भगवा भिक्खू निब्बानपटिसंयुत्ताय धम्मिया कथाय सन्दस्सेति समादपेति समुत्तेजेति सम्पहंसेति। ते च भिक्खू अट्ठिं कत्वा मनसि कत्वा सब्बचेतसा समन्नाहरित्वा ओहितसोता धम्मं सुणन्ति। यन्नूनाहं भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवेय्यं" ति।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन [B.194] भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"पटिभाति मं भगवा, पटिभाति मं सुगता" ति।

"पटिभातु तं, वङ्गीसा" ति भगवा अवोच।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

"परोसहस्सं भिक्खूनं, सुगतं पयिरुपासति। [N.193]
देसेन्तं विरजं धम्मं, निब्बानं अकुतोभयं॥
"सुणन्ति धम्मं विमलं, सम्मासम्बुद्धदेसितं।
सोभति वत सम्बुद्धो, भिक्खुसङ्घपुरक्खतो॥
"नागनामोसि भगवा, इसीनं इसि सत्तमो।
महामेघो व हुत्वान, सावके अभिवस्सति॥

ओर प्रवृत्त करने वाली धार्मिक कथा से सन्दृष्ट, समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट कर रहे थे। भिक्षु भी उस कथा को बहुत ही मन लगाकर, ध्यान लगाकर खुले कानों से सुन रहे थे।

उस समय आयुष्मान् वङ्गीश के मन में यह सङ्कल्प हुआ...तब उसने भगवान् की समयोचित गाथाओं से यों स्तुति की—

"यहाँ हजार सङ्ख्या से भी अधिक भिक्षु भगवान् के चारों और बैठे हैं, भगवान् उनको विमल धर्म का उपदेश कर रहे हैं। जो कि भय से रहित करने वाला तथा निर्वाण की तरफ ले जाने वाला है॥

"वे भिक्षु उस विमल (स्वच्छ) धर्म का श्रवण कर रहे हैं जिसे भगवान् बुद्ध उपदेश कर रहे हैं। इस तरह भिक्षुसङ्घ भगवान् को चारों ओर से घेरे बैठा है। इन भिक्षुओं के बीच में भगवान् अत्यधिक शोभायमान हो रहे हैं॥

"इन भगवान् का एक नाम नाग है, ये ऋषियों (बुद्धों) में सातवें ऋषि (बुद्ध) हैं। ये महामेघ की तरह भिक्षुसङ्घ पर धर्मोपदेश की वर्षा कर रहे हैं॥

[R.193] दिवाविहारा निक्खम्म, सत्थुदस्सनकम्यता।
सावको ते महावीर, पादे वन्दति वङ्गीसो'' ति॥

१३. ''किं नु ते, वङ्गीस, इमा गाथायो पुब्बे परिवितक्किता उदाहु, ठानसो व तं पटिभन्ती'' ति?

''न खो मे, भन्ते, इमा गाथायो पुब्बे परिवितक्किता, अथ खो ठानसो व मं पटिभन्ती'' ति।

''तेन हि तं, वङ्गीस, भिय्योसोमत्ताय पुब्बे अपरिवितक्किता गाथायो पटिभन्तू'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा वङ्गीसो भगवतो पटिस्सुत्वा भिय्योसोमत्ताय भगवन्तं पुब्बे अपरिवितक्किताहि गाथाहि अभित्थवि—

''उम्मग्गपथं मारस्स अभिभुय्य, चरसि पभिज्ज खिलानि।
तं पस्सथ बन्धपमुञ्चकरं, असितं भागसो पविभजं॥
''ओघस्स नित्थरणत्थं, अनेकविहितं मग्गं अक्खासि।
तस्मिं चे अमते अक्खाते, धम्मद्दसा ठिता असंहीरा॥

''दिन की साधना से उठकर बुद्धदर्शन की इच्छा से, हे महावीर! आप का यह वङ्गीश शिष्य आप के चरणों में वन्दना करता है''॥

१३. यह सुनकर भगवान् ने वङ्गीश से पूछा—''वङ्गीश! तुमने ये गाथाएँ पहले से ही रच रखी थी, या तुम्हें ये इसी क्षण सूझी हैं?''

(वङ्गीश—) ''भन्ते! इन गाथाओं को पहले से नहीं बनाया था, अपितु अभी (परिस्थिति को देखकर ही) सूझी हैं।''

(भगवान्—) ''तो वङ्गीश! ऐसी ही कुछ अन्य गाथाएँ भी सुनाओ, जिनको तुमने पहले से न रचा हो।''

''भन्ते! बहुत अच्छा''—कहकर आयुष्मान् वङ्गीश तत्काल रचित गाथाओं से भगवान् की यों स्तुति करने लगे—

''मार के मिथ्या मार्ग को धूलिसात् कर, मानसिक ग्रन्थियों को काटकर आप संसार में विचरण करते हैं। जिज्ञासुओं को संसारिक बन्धनों से मुक्त कराने वाले अपने इन शिष्यों पर आप अनुकम्पामय दृष्टि डालें, जो अपने संयोजनों का नाश कर स्वच्छन्द हो चुके हैं तथा जो जिज्ञासुओं को स्मृतिप्रस्थान आदि साधन धर्मोपदेश द्वारा वितरित करते है॥

''चतुर्विध औघों से निस्तरण के लिये आप अनेक प्रकार के साधना-मार्ग का उपदेश करते रहते हैं। आपसे वह अमृतोपदेश सुनकर ये धर्मज्ञानी (मार की सीमा से निकलकर) अजेय हो गये॥

"पज्जोतकरो अतिविज्झ, सब्बट्ठितीनं अतिक्कममद्दस।
ञत्वा च सच्छिकत्वा च, अग्गं सो देसयि दसद्धानं॥
"एवं सुदेसिते धम्मे, को पमादो विजानतं धम्मं। [B.195]
तस्मा हि तस्स भगवतो सासने।
अप्पमत्तो सदा नमस्समनुसिक्खे" ति॥ •

९. कोण्डञ्ञसुत्तं

१४. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। अथ खो आयस्मा अञ्ञासिकोण्डञ्ञो सुचिरस्सेव येन भगवा तेनुपङ्कमित्वा भगवतो [N.194] पादेसु सिरसा निपत्वा भगवतो पादानि मुखेन च परिचुम्बति, पाणीहि च परिसम्बाहति, नामं, च सावेति—"कोण्डञ्ञोहं, भगवा, कोण्डञ्ञोहं, सुगता" ति। [R.194] अथ खो आयस्मतो वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अयं खो आयस्मा अञ्ञासिकोण्डञ्ञो सुचिरस्सेव येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवतो पादानि मुखेन च परिचुम्बति, पाणीहि च परिसम्बाहति, नामं च सावेति—'कोण्डञ्ञोहं, भगवा, कोण्डञ्ञोहं, सुगता' ति। यन्नूनाहं आयस्मन्तं अञ्ञासिकोण्डञ्ञं भगवतो सम्मुखो सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवेय्यं" ति।

"अन्तर्मन को प्रकाशित कर देने वाले आपने उच्च से उच्च लक्ष्य का साक्षात्कार कर लिया। एतदनन्तर आपने जिज्ञासुओं को ज्ञान का उपदेश किया॥

"इस प्रकार का धर्मोपदेश सुनने वाले को धर्म के विषय प्रमाद कैसा! अत: जिज्ञासु साधक आप भगवान् के शासन में सदा अप्रमत्त होकर नम्रतापूर्वक साधनाभ्यास करें"॥ •

९. कौण्डिन्यसूत्र : : आज्ञातकौण्डिन्य की विशेषता

१४. एक समय भगवान् (बुद्ध) **राजगृह** स्थित वेणुवन के कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। तव आयुष्मान् आज्ञात कौण्डिन्य, बहुत समय बाद, भगवान् के दर्शन हेतु आये। आकर भगवान् के श्रीचरण में प्रणाम कर भावातिरेक में उनके श्रीचरणों का चुम्बन करने लगे,तथा उनके चरणों का अपने हाथों से संवाहन (दबाना), यों कहते हुए, करने लगे कि भगवन्! मैं कौण्डिन्य हूँ, सुगत! मैं कौण्डिन्य हूँ।

तब आयुष्मान् बङ्गीश को यह विचार हुआ— "यह आयुष्मान् आज्ञातकौण्डिन्य बहुत समय बाद...पूर्ववत्...मैं कौण्डिन्य हूँ। तो क्यों न मैं इन आज्ञातकौण्डिन्य का, भगवान् के सम्मुख ही, समयोचित गाथाओं से सम्मान करूं"॥

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो आयस्मन्तं अञ्ञासिकोण्डञ्ञं भगवतो सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

"बुद्धानुबुद्धो सो थेरो, कोण्डञ्ञो तिब्बनिक्कमो।
लाभी सुखविहारानं, विवेकानं अभिण्हसो॥
"यं सावकेन पत्तब्बं, सत्थुसासनकारिना।
सब्बस्स तं अनुप्पत्तं, अप्पमत्तस्स सिक्खतो॥
"महानुभावो तेविज्जो, चेतोपरियायकोविदो।
कोण्डञ्ञो बुद्धदायादो, पादे वन्दति सत्थुनो" ति॥ •

१०. मोग्गल्लानसुत्तं

१५. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति इसिगिलिपस्से काळसिलायं महता [B.196] भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सब्बेहेव अरहन्तेहि। तेसं सुदं आयस्मा महामोग्गल्लानो चेतसा चित्तं समन्नेसति विप्पमुत्तं निरुपधिं। अथ खो आयस्मतो वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अयं खो भगवा राजगहे विहरति इसिगिलिपस्से [N.195] काळसिलायं महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सब्बेहेव

यह विचारकर आयुष्मान् वङ्गीश ने अपने आसन से उठकर... भगवान् से... निवेदन किया। भगवान् ने वङ्गीश को अनुमति दे दी। तब आयुष्मान् वङ्गीश ने आयुष्मान् आज्ञात-कौण्डिन्य की इन सामयिक गाथाओं से स्तुति की—

"भगवान् बुद्ध द्वारा उपदिष्ट ज्ञान के ज्ञाता स्थविर, अत्युत्साही, हे कौण्डिन्य! आप सुखपूर्वक (सरलता से) साधना में लगे हुए हैं। आप ज्ञान की परा काष्ठा को प्राप्त कर चुके हैं॥

"आपने, बुद्ध के शासन (धर्म) में रहकर किसी शिष्य द्वारा जो कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है वह आपने सावधानीपूर्वक प्राप्त कर लिया है॥

"आप बहुत बड़े प्रतापी, तीनों विद्याओं के ज्ञाता, परचित्तज्ञानी है। आप बुद्ध के प्रथम शिष्य हैं, अत: आप उचित ही भगवान् के श्रीचरणों की वन्दना कर रह रहे हैं"॥•

१०. मौद्गल्यायनसूत्र : : मौद्गल्यायन के विशिष्ट गुण

१५. एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृह के ऋषिगिरि पर्वत के पार्श्व में स्थित कालशिला पर पाँच सौ भिक्षुओं के साथ विराजमान रहते हुए साधना कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् महामौद्गल्यायन साधना द्वारा इस स्थिति में पहुँच गये थे कि वे स्वचित्त से अन्य के चित्त की विमुक्ति एवं निर्विकारता को जान रहे थे। इस अवसर आयुष्मान्

अरहन्तेहि। तेसं सुदं आयस्मा महामोग्गल्लानो चेतसा चित्तं समन्नेसति विप्पमुत्तं निरुपधिं। यन्नूनाहं आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं भगवतो सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवेय्यं'' ति।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—''पटिभाति मं, भगवा, पटिभाति [R.195] मं, सुगता'' ति।

''पटिभातु तं, वङ्गीसा'' ति भगवा अवोच।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं भगवतो सम्मुखा सारुप्पाहि गाथाहि अभित्थवि—

''नगस्स पस्से आसीनं, मुनिं दुक्खस्स पारगुं।
सावका पयिरुपासन्ति, तेविज्जा मच्चुहायिनो॥
''ते चेतसा अनुपरियेति, मोग्गल्लानो महिद्धिको।
चित्तं नेसं समन्नेसं, विप्पमुत्तं निरूपधिं॥
''एवं सब्बङ्गसम्पन्नं, मुनिं दुक्खस्स पारगुं।
अनेकाकारसम्पन्नं, पयिरुपासन्ति गोतमं'' ति॥ •

११. गग्गरासुत्तं

१६. एकं समयं भगवा चम्पायं विहरति गग्गराय पोक्खरणिया तीरे महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सत्तहि च उपासकसतेहि सत्तहि च

वङ्गीश को यह सङ्कल्प...भगवान् ने अनुमति...वङ्गीश ने आयुष्मान् मौद्गल्यायन की इन गाथाओं से स्तुति की—

''पर्वत के पार्श्व में विराजमान, दुःखों के पारगामी महामुनि (बुद्ध) की त्रैविद्य एवं मृत्युजेता शिष्य उपासना कर रहे हैं॥

''ऋद्धिसम्पन्न आयुष्मान् महामौद्गल्यायन स्वचित्त से उनके चित्त की विमुक्ति एवं निर्विकार को जान रहे हैं॥

''इस तरह विविध अङ्गों द्वारा नाना प्रकार से सम्पन्न तथा दुःखों के अन्तकारक महामुनि गौतम बुद्ध की, उनके शिष्य, उपासना कर रहे हैं''॥ •

११. मग्गरासूत्र : : बुद्धस्तुति

१६. एक समय भगवान् (बुद्ध) **चम्पा** नगरी की गग्गरा नामक पुष्करणी के तट पर पाँच सौ भिक्षुओं के विशाल भिक्षुसङ्घ से, पाँच सौ उपासकों तथा पाँच सौ उपासिकाओं

उपासिकासतेहि अनेकेहि च देवतासहस्सेहि। त्यास्सुदं भगवा अतिरोचति वण्णेन चेव यससा च। अथ खो आयस्मतो वङ्गीसस्स एतदहोसि—"अयं खो भगवा [B.197] चम्पायं हिरति गग्गराय पोक्खरणिया तीरे महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सत्तहि च उपासकसतेहि सत्तहि च उपासिकासतेहि अनेकेहि च देवतासहस्सेहि। त्यास्सुदं भगवा अतिरोचति वण्णेन चेव यससा च। यन्नूनाहं भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाय गाथाय अभित्थवेय्यं" ति।

[N.196] अथ खो आयस्मा वङ्गीसो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा भगवन्तं एतदवोच—"पटिभाति मं, भगवा, पटिभाति मं, सुगता" ति।

"पटिभातु तं, वङ्गीसा" ति भगवा अवोच।

अथ खो आयस्मा वङ्गीसो भगवन्तं सम्मुखा सारुप्पाय गाथाय अभित्थवि—

[R.196]"चन्दो यथा विगतवलाहके नभे, विरोचति विगतमलो व भाणुमा।
एवं पि अङ्गीरस त्वं महामुनि, अतिरोचसि यससा सब्बलोकं" ति॥ •

१२. वङ्गीससुत्तं

१७. एकं समयं आयस्मा वङ्गीसो सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन आयस्मा वङ्गीसो अचिरअरहत्तपत्तो हुत्वा विमुत्तिसुखं पटिसंवेदी तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

से तथा अनेक सहस्र देवताओं से घिरे हुए साधनाहेतु विराजमान हुए अतिशय शोभायमान हो रहे थे।

उस समय आयुष्मान् वङ्गीश के मन में यह विचार उठा—"इस समय भगवान् ...पूर्ववत्...अतिशय शोभायमान् हो रहे हैं, तो क्यों न मैं उचित गाथाओं के माध्यम से स्तुति करूँ"॥

तब आयुष्मान् वङ्गीश ने भगवान् की अनुमति लेकर उनकी स्तुति में यह समयोचित गाथा कही—

"मेघ रहित आकाश में जैसे चन्द्रमा सुशोभित होता है, उसी तरह हे महामुनि अङ्गिरस्! आप भी अपने विशिष्ट यश के कारण समस्त संसार से अधिक शोभित हो रहे हैं"॥ •

१२. वङ्गीशसूत्र : : वङ्गीश के हृदयोद्गार

१७. एक समय आयुष्मान् वङ्गीश **श्रावस्ती** के अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित

"कावेय्यमत्ता विचरिह्म पुब्बे, गामा गामं पुरा पुरं।
अथद्दसाम सम्बुद्धं, सद्धा नो उपपज्जथ॥

"सो मे धम्ममदेसेसि, खन्धायतनधातुयो।
तस्साहं धम्मं सुत्वान, पब्बजिं अनगारियं॥

"बहुन्नं वत अत्थाय, बोधिं अज्झगमा मुनि।
भिक्खूनं भिक्खुनीनं च, ये नियामगतद्दसा॥

"स्वागतं वत मे आसि, मम बुद्धस्स सन्तिके। [B.198]
तिस्सो विज्जा अनुप्पत्ता, कतं बुद्धस्स सासनं॥

"पुब्बेनिवासं जानामि, दिब्बचक्खुं विसोधितं।
तेविज्जो इद्धिपत्तोम्हि, चेतोपरियायकोविदो" ति॥

वङ्गीससंयुत्तं समत्तं।

जेतवन में रहकर साधना कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् वङ्गीश को अर्हत्त्व प्राप्त किये हुये कुछ ही समय हुआ था। वह विमुक्तिसुख का आनन्द लेते हुए अपना हृदयाद्गार यों प्रकट करने लगे—

"प्रव्रजित होने से पूर्व मैं इस ग्राम से उस ग्राम एवं इस नगर से उस नगर में लोगों को काव्य (कविता) सुनाते हुए घूमता था। उसी प्रसङ्ग में मैने कभी कहीं भगवान् बुद्ध के दर्शन किये । दर्शन करते ही, उनमें मेरी श्रद्धा उत्पन्न हो गयी॥

"उन्होंने मुझको स्कन्ध आयतन एवं धातुओं के विषय में धर्मोपदेश किया। उनका उपदेश सुनकर मैंने घर छोड़कर प्रव्रज्या ग्रहणकर ली॥

"बहुत से भिक्षु-भिक्षुणियों की अर्थसिद्धि के लिये मुनि ने बुद्धत्व प्राप्त किया। उन भिक्षु एवं भिक्षुणियों ने नियमों (बुद्धोपदिष्ट शिक्षापदों) का साक्षात्कार किया।

"बुद्ध के पास पहुँचने पर उन्होंने मुझे अनुकम्पा भाव से देखा। उनसे मैंने तीनों विद्याएँ प्राप्त की, तथा उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म का अभ्यास किया। इससे उनको मुझका उपदेश करना सफल हुआ॥

"मैं अब अपने पूर्वजन्मों की बात जानता हूँ। (दूसरे जन्मों की बात जानने के लिये) मुझे दिव्य चक्षु प्राप्त हो गया है। मैं अब त्रैविद्य एवं ऋद्धिमान् हूँ। दूसरों के चित्त की बात जानने की सामर्थ्य मुझमें आ गयी है"॥ •

अष्टम वङ्गीशसंयुक्त समाप्त॥

तस्सुद्दानं

[N.197] निक्खन्तं अरति चेव, पेसला अतिमञ्ञना।
आनन्देन सुभासिता, सारिपुत्तपवारणा॥
परोसहस्सं कोण्डञ्ञो, मोग्गल्लानेन गग्गरा।
वङ्गीसेन द्वादसा ति॥ ●

इस संयुक्त में आगत सूत्रों की सूची—इस वङ्गीसंयुक्त में ये १२ सूत्र व्याख्यात हैं— १. निष्क्रान्तसूत्र, २. अरतिसूत्र, ३. पेशलसूत्र, ४. आनन्दसूत्र, ५. सुभाषितसूत्र, ६. सारिपुत्रसूत्र, ७. प्रवारणासूत्र, ८. पर:सहस्रसूत्र, ९. कौण्डिन्यसूत्र, १०.मौद्गल्यायनसूत्र, ११. गग्गरासूत्र एवं १२. वङ्गीशसूत्र॥

९. वनसंयुत्तं

१. विवेकसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु [N.198, B.199, R.197] कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु दिवाविहारगतो पापके अकुसले वितक्के वितक्केति गेहनिस्सिते। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाहि अज्झभासि—

"विवेककामोसि वनं पविट्ठो, अथ ते मनो निच्छरती बहिद्धा।
जनो जनस्मिं विनयस्सु छन्दं, ततो सुखी होहिसि वीतरागो॥
"अरतिं पजहासि सतो, भवासि सतं तं सारयामसे।
पातालरजो हि दुत्तरो, मा तं कामरजो अवाहरि॥
"सकुणो यथा पंसुकुन्थितो, विधुनं पातयति सितं रजं।
एवं भिक्खु पधानवा सतिमा, विधुनं पातयति सितं रजं" ति॥

---

९. वनसंयुक्त

१. विवेकसूत्र : : **एकान्त साधना**

ऐसा मैने सुना है। एक समय कोई भिक्षु **कौसल देश** के किसी वनषण्ड में एकान्तसाधना हेतु बैठा हुआ था। उस समय वह भिक्षु उस वनषण्ड में दिन की साधनाहेतु गया हुआ था; परन्तु वह वहाँ बैठकर अशुभ सांसारिक वितर्क में अपना मन लगा बैठा। तब उसकी शुभकामना से उसे सचेत करने के लिये कोई वनदेवता उसके पास आकर इन गाथाओं के माध्यम से यों बोला—

"भिक्षु! तुम एकान्त में साधना की इच्छा से यहाँ वन में आकर बैठे हो, परन्तु तुम्हारा मन सांसारिक बातों की ओर प्रवृत्त हो रहा है। दूसरों के प्रति अपनी वासनाओं को दबाओ। यों वीतराग होकर सुखपूर्वक साधना कर सकोगे"॥

"स्मृतिमान् रहते हुए, मन के मोह को त्याग दो, ऐसे सत्पुरुष बनो जिसकी सभी प्रशंसा करते हैं। नीच एवं पापमय कांमों के प्रति, स्मृतिमान् होकर वहाँ भ्रान्त न बनो।

"पक्षी जैसे अपने शरीर पर धूल पड़ जाने पर पँख फड़फड़ा कर उसे उड़ा देता हैं, वैसे ही तुम भी उत्साही बन कर एवं स्मृतिमान् बन कर अपने मन के राग को मन को फड़फड़ाकर झाड़ दो"॥

अथ खो सो भिक्खु ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। •

२.उपट्ठानसुत्तं

२. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु दिवाविहारगतो सुपति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे [R.198] अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाहि [N.199] अज्झभासि—

''उट्ठेहि भिक्खु किं सेसि, को अत्थो सुपितेन ते।
आतुरस्स हि का निद्दा, सल्लविद्धस्स रुप्पतो॥

[B.200] ''याय सद्धाय पब्बजितो, अगारस्मानगारियं।
तमेव सद्धाय ब्रूहेहि, मा निद्दाय वसं गमी'' ति॥

''अनिच्चा अद्धुवा कामा, येसु मन्दो व मुच्छितो।
बद्धेसु मुत्तं असितं, कस्मा पब्बजितं तपे॥

''छन्दरागस्स विनया, अविज्जासमतिक्कमा।
तं ञाणं परियोदातं, कस्मा पब्बजितं तपे॥

''छेत्वा अविज्जं विज्जाय, आसवानं परिक्खया।
असोकं अनुपायासं, कस्मा पब्बजितं तपे॥

तब देवता द्वारा यों समझाये जाने पर वह भिक्षु स्मृतिमान् होकर सचेत हो गया॥•

२. उपस्थान सूत्र : : उठो, जागो

२. एक समय कोई भिक्षु कौसल देश के किसी वनषण्ड में...पूर्ववत्...सो रहा था...कोई देवता उसको गाथाओं से यों बोला—

''उठो! भिक्षु! क्या सो रहे हो! तुम्हें सोने से क्या प्रयोजन! बाण लगे, घायल एवं उस वेदना से पीड़ित आदमी को निद्रा कैसे आ सकती है!

इस धर्म के प्रति श्रद्धा के सहारे घर से बेघर हुए हो, उस श्रद्धा को जगाओ, निद्रा के अधीन न होओ॥

(भिक्षु—)''ये सांसारिक पदार्थ सभी अनित्य एवं विनाशी है, जिनमें मूर्खजन ही आसक्त हो सकते हैं। परन्तु जो स्वतन्त्र एवं बन्धनमुक्त है, उस प्रव्रजित को वे कैसे सता सकते हैं!॥''

छन्दराग के दब जाने से अविद्या के सर्वथा क्षीण हो जाने से, जो शोक एवं खेद से दूर हो चुका है उस प्रव्रजित को वे क्यों सतावें!॥

"आरद्धविरियं पहितत्तं, निच्चं दळ्हपरक्कमं।
निब्बानं अभिकङ्खन्तं, कस्मा पब्बजितं तपे" ति॥ •

३. कस्सपगोत्तसुत्तं

३. एकं समयं आयस्मा कस्सपगोत्तो कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन आयस्मा कस्सपगोत्तो दिवाविहारगतो अञ्ञतरं छेतं ओवदति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता आयस्मन्तं कस्सपगोत्तं संवेजेतुकामा येनायस्मा कस्सपगोत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं कस्सपगोत्तं गाथाहि अज्झभासि—

"गिरिदुग्गचरं छेतं, अप्पपञ्ञं अचेतसं।
अकाले ओवदं भिक्खु, मन्दो व पटिभाति मं॥
"सुणाति न विजानाति, आलोचेति न पस्सति।
धम्मस्मिं भञ्ञमानस्मिं, अत्थं बालो न बुज्झति॥
"सचे पि दस पज्जोते, धारयिस्ससि कस्सप। [N.200, R.199]
नेव दक्खति रूपानि, चक्खु हिस्स न विज्जती" ति॥

"विद्या के बल से अविद्या को हटा कर, आश्रवों के क्षीण हो जाने से जिस साधक का ज्ञान शुद्ध हो गया है, उस प्रव्रजित को वे कैसे सता सकते हैं!॥

"जो सतत वीर्यवान् है, संयतात्मा है साधना में नित्य दृढ़ पराक्रमशील है, निर्वाण की आकांक्षा रखने वाले उस प्रव्रजित को वे (निद्रा आदि) दुर्गुण क्यों सतावे!"॥ •

३. काश्यपगोत्र : : व्याध को निरर्थक उपदेश

३. एक समय आयुष्मान् काश्यपगोत्र भिक्षु **कौसल देश** में...पूर्ववत्...किसी व्याध (=छेत) को उपदेश कर रहे थे। तब उस वन का अधिष्ठाता देवता आयुष्मान् कश्यपगोत्र को उचित मार्ग दिखाने की दृष्टि से...गाथाओं से यों उपदेश करने लगा—

"प्रज्ञाहीन, मूर्ख, दुर्गम पर्वत में वास करने वाले इस व्याध को असमय में समझाने के लिये तुम क्या प्रयास कर रहे हो? मुझे तो तुम मूर्ख ज्ञात होते हो!

"यह तो केवल सुन सकता है, उसे हृदयङ्गम (समझ) नहीं कर सकता। देखने में तो इसकी आँखे खुली हुई लगती है; परन्तु यह संसार की वास्तविकता को पहचान नहीं सकता। धर्मोपदेश किये जाने पर यह मूर्ख उसका तत्त्व क्या समझेगा!॥

"हे काश्यपगोत्र भिक्षु! यदि तूँ इसके सम्मुख दश दीपक लेकर भी खड़ा हो जाय, तो भी यह उन रूपों (विषयों) की निस्सारता नहीं समझ पायगा; क्योंकि इसके पास उसको समझने में समर्थ ज्ञानचक्षु ही नहीं हैं!"

अथ खो आयस्मा कस्सपगोत्तो ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। ●

४. सम्बहुलसुत्तं

४. एकं समयं सम्बहुला भिक्खू कोसलेसु विहरन्ति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। [B.201] अथ खो ते भिक्खू वस्सं वुत्था तेमासच्चयेन चारिकं पक्कमिंसु। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता ते भिक्खू अपस्सन्ती परिदेवमाना तायं वेलायं इमं गाथं अभासि—

"अरति विय मेज्ज खायति, बहुके दिस्वान विवित्ते आसने।
ते चित्तकथा बहुस्सुता, को मे गोतमसावका गता?" ति॥

एवं वुत्ते, अञ्ञतरा देवता तं देवतं गाथाय पच्चभासि—

"मगधं गता कोसलं गता, एकच्चिया पन वज्जिभूमिया।
मगा विय असङ्गचारिनो, अनिकेता विहरन्ति भिक्खवो" ति॥ ●

५. आनन्दसुत्तं

५. एकं समयं आयस्मा आनन्दो कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे।

तब आयुष्मान् काश्यपगोत्र भिक्षु उस देवता द्वारा सावधान किये जाने पर वह व्याध की मूर्खता को समझ कर अपने निरर्थक व्यापार (उपदेश) से दूर हो गया॥ ●

४. सम्बहुलसूत्र : : भिक्षुओं की स्वच्छन्द साधना

४. एक समय बहुत से भिक्षु **कौसल** देश के किसी वनषण्ड में साधना हेतु ठहरे हुए थे। तीन मास के बाद, वर्षावास का समय बीतने पर, वे भिक्षु चारिका हेतु वहाँ से चल दिये। तब उस वन का अधिष्ठाता देवता उन भिक्षुओं को वहाँ न देखकर उनके लिये विलाप करता हुआ यों बोला—

"आज मुझे यह वन बहुत उदास लग रहा है; क्योंकि आज यहाँ अनेक भिक्षुओं के शयनस्थान खाली है। वे शास्त्र की ऊँची ऊँची बातें करने वाले पण्डित भगवान् बुद्ध के शिष्य आज कहाँ चले गये?"

देवता द्वारा ऐसा कहे जाने पर, दूसरे बुद्धिमान् देवता ने उसको यों समझाया—

"उन में से कोई मगध चला गया, तथा कोई कौशल। एवं उनमें से कुछ वज्जी प्रदेशचले गये। स्वच्छन्द मृग की तरह विचरण करने वाले ये भिक्षु एक स्थान पर नहीं रहते; क्योंकि इनका कोई स्थायी आवास तो है नहीं। ये तो निन्तर चारिका ही करते रहते हैं"॥ ●

५. आनन्दसूत्र : : प्रमाद न करना

५. एक समय आयुष्मान् आनन्द कोसल के किसी वनषण्ड में साधनाहेतु बैठे थे।

तेन खो पन समयेन आयस्मा आनन्दो अतिवेलं गिहिसञ्ञत्तिबहुलो विहरति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता आयस्मतो आनन्दस्स अनुकम्पिका अत्थकामा आयस्मन्तं आनन्दं संवेजेतुकामा येनायस्मा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं गाथाय अज्झभासि—

"रुक्खमूलगहनं पसक्किय, निब्बानं हदयस्मिं ओपिय। [N.201]
झाय गोतम मा पमादो, किं ते विळिविळिका करिस्सती" ति॥ [R.200]

अथ खो आयस्मा आनन्दो ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। ●

६. अनुरुद्धसुत्तं

६. एकं समयं आयस्मा अनुरुद्धो कोसलेसु अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। अथ खो अञ्ञतरा तावतिंसकायिका देवता जालिनी नाम आयस्मतो अनुरुद्धस्स पुराण-दुतियिका येनायस्मा अनुरुद्धो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं अनुरुद्धं [B.202] गाथाय अज्झभासि—

"तत्थ चित्तं पणिधेहि, यत्थ ते वुसितं पुरे।
तावतिंसेसु देवेसु, सब्बकामसमिद्धिसु।

ऐसे समय आयुष्मान् आनन्द को इधर उधर के बहुत से गृहस्थ किसी न किसी कारण से घेरे रहते थे। तब उस वन का अधिष्ठाता देवता आयुष्मान् आनन्द पर अनुकम्पा करता हुआ उन को इस जञ्जाल से छुड़ाने के लिये वहाँ आया तथा उनसे यह गाथा बोला—

"इस जङ्गल के झाड़ झंखाड़ में आकर हृदय में निर्वाण की आकांक्षा ही रखो। हे गौतमशिष्य! निरन्तर ध्यानाभ्यास में ही अपना मन लगाये रखो। इन गृहस्थ लोगों के अधिक आने जाने, चहल पहल (विलिविलिका=भीड़) से आपका क्या प्रयोजन सिद्ध होने वाला होगा!"॥

देवता का यह सत्परामर्श सुनकर आयुष्मान् आनन्द अपनी धर्मसाधना में सावधान हो गये"॥ ●

६. अनुरुद्धसूत्र : : संस्कारों की अनित्यता

६. एक समय आयुष्मान् अनुरुद्ध कोसल देशके किसी वनषण्ड में साधनाहेतु बैठे थे। तब कोई त्रायस्त्रिंशलोकवासिनी जालिनी नामक देवता,जो कि पूर्वजन्म में आयुष्मान् अनुरुद्ध की पत्नी थी, आयुष्मान् अनुरुद्ध के सम्मुख आयी, तथा उनसे गाथाओं में यों बोली—

"श्रीमन्! कृपया आप अपने पूर्व जन्म के आवास का भी ध्यान कीजिये जहाँ

पुरक्खतो परिवुतो, देवकञ्ञाहि सोभसी'' ति॥
''दुग्गता देवकञ्ञायो, सक्कायस्मिं पतिट्ठिता।
ते चा पि दुग्गता सत्ता, देवकञ्ञाहि पत्थिता'' ति॥
''न ते सुखं पजानन्ति, ये न पस्सन्ति नन्दनं।
आवासं नरदेवानं, तिदसानं यसस्सिनं'' ति॥
''न त्वं बाले विजानासि, यथा अरहतं वचो।
अनिच्चा सब्बसङ्खारा, उप्पादवयधम्मिनो॥
''नत्थि दानि पुनावासो, देवकायस्मि जालिनि।
विक्खीणो जातिसंसारो, नत्थि दानि पुनब्भवो'' ति॥ •

७. नागदत्तसुत्तं

७. एकं समयं आयस्मा नागदत्तो कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन आयस्मा नागदत्तो अतिकालेन गामं पविसति अतिदिवा पटिक्कमति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता आयस्मतो नागदत्तस्स

आपने पहले कभी चिरकाल तक वास किया था। जहाँ सभी प्रकार की सुखसुविधायें थीं। जहाँ आप निरन्तर देवकन्याओं से घिरे रह कर शोभित होते थे''॥

(अनुरुद्ध—) ''अपनी सुख सुविधाओं में लगी देवकन्याओं को धिक्कार है जिनकी पहुँच सत्काय दृष्टि तक ही सीमित है। साथ ही उन प्राणियों को भी धिक्कार है जो उन देवकन्याओं की प्राप्ति हेतु ही सतत प्रयत्नशील है''॥

(जालिनी—) ''वे निरीह प्राणी सुख की विशेषता क्या जाने जिन्होंने नन्दन वन ही न देखा हो। जो कि यशस्वी त्रायस्त्रिंशलोकवासियों का स्थायी वासस्थान है''॥

(अनुरुद्ध—) ''अरी मूर्खे! तूँ क्या नहीं जानती कि ज्ञानियों ने क्या उपदेश किया है? (वे कहते है—)'सभी संसार अनित्य हैं। उत्पाद एवं विनाश स्वभाव वाले हैं। ये उत्पन्न होकर विनष्ट होते रहते हैं'। इनका व्युपशमन (शान्त करना) ही वास्तविक सुख है॥

'' हे जालिनि! अब हमारा किसी भी देवलोक में जन्म नहीं होना हैं। अब हमारी जन्मपरम्परा (संसार में आने-जाने) का क्रम क्षीण हो गया। अब हमारा कहीं पुनर्जन्म ही नहीं होना है''॥ •

७. नागदत्तसूत्र : :भिक्षु का ग्राम में अधिक रहना अनुचित

७. एक समय आयुष्मान् नागदत्त कौसल के किसी वनषण्ड में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। वे उस समय प्रात: ही ग्राम में प्रविष्ट होने तथा दिन में बहुत समय वहाँ बिता कर

अनुकम्पिका अत्थकामाआयस्मन्तं नागदत्तं संवेजेतुकामा येनायस्मा नागदत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं नागदत्तं गाथाहि अज्झभासि—[N.202,R.201]

"काले पविस नागदत्त, दिवा च आगन्त्वा अतिवेलचारी।
संसट्ठो गहट्ठेहि, समानसुखदुक्खो॥
"भायामि नागदत्तं सुप्पगब्भं, कुलेसु विनिवद्ध।
मा हेव मच्चुरञ्ञो बलवतो, अन्तकस्स वसं उपेसी" ति॥

अथ खो आयस्मा नागदत्तो ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। [B.203]

८. कुलघरणीसुत्तं

८. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु अञ्ञतरस्मिं कुले अतिवेलं अज्झोगाळ्हप्पत्तो विहरति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा या तस्मिं कुलघरणी तस्सा वण्णं अभिनिम्मिनित्वा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाय अज्झभासि—

पुन: लौटते थे। तब उस वनषण्ड-देवता ने, उन पर अनुकम्पा करते हुए, उनकी हितकामना को ध्यान में रखते हुए, आयुष्मान् नागदत्त को सचेत करने के लिये उनके पास आकर उनको गाथाओं के माध्यम से यह कहा—

"नागदत्त! तुम प्रात: ही ग्राम में प्रविष्ट होकर भी विलम्ब कर के वहाँ से लौटते हो! वहाँ जाकर गृहस्थों से अत्यधिक सम्पर्क करने लगते हो, उनसे उनके सुख दु:ख की बातें पूछते- सुनते हो॥

"इस तरह गृहस्थ कुलों में अत्यधिक सम्पृक्त नागदत्त के विषय में मुझे भय है कि ये ऐसा करते हुए मृत्युराज के बन्धन में न फँस जायें"॥

वह आयुष्मान् नागदत्त देवता के इस सत्परापर्श को मानकर पुन: अपनी साधना में ही सावधानी से लग गया॥

●

८. कुलगृहिणीसूत्र : : तितिक्षा ही उत्तम है

८. एक समय कोई भिक्षु **कोसल** देश के किसी वनषण्ड में साधना हेतु ठहरे हुए थे। परन्तु वे ग्राम के किसी घर में बहुत समय तक आने जाने तथा रहने लगा। तब उस वन में वास करने वाला देवता उस पर अनुकम्पा कर उसको सामाजिक निन्दा से बचाने के लिये उसे सत्परामर्श देने हेतु उस घर की गृहिणी का रूप बना कर उसके सम्मुख आया, तथा उससे गाथा में यों बोला—

"नदीतीरेसु सण्ठाने, सभासु रथियासु च।
जना सङ्गम्म मन्तेन्ति, मं च तं च किमन्तरं" ति॥
"बहू हि सद्दा पच्चूहा, खमितब्बा तपस्सिना।
न तेन मङ्कु होतब्बं, न हि तेन किलिस्सति॥
"यो च सद्दपरित्तासी, वने वातमिगो यथा।
लहुचित्तो ति तं आहु, नास्स सम्पज्जते वतं" ति॥ ●

९. वज्जिपुत्तसुत्तं

९. एकं समयं अञ्ञतरो वज्जिपुत्तको भिक्खु वेसालियं विहरति अञ्ञतरस्मिं बनसण्डे। तेन खो पन समयेन वेसालियं वज्जिपुत्तको सब्बरत्तिचारो होति। अथ खो [R.202] सो भिक्खु वेसालिया तूरियताळितवादितनिग्घोससद्दं सुत्वा परिदेवमानो तायं [N.203] वेलायं इमं गाथं अभासि—

"एकका मयं अरञ्ञे विहराम, अपविद्धं व वनस्मिं दारुकं।
एतादिसिकाय रत्तिया, को सु नामम्हेहि पापियो!" ति॥

अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका

"नदीतट पर धर्मशालाओं में, सभाओं में, ग्राम की गलियों में, मनुष्य एकत्र होकर हमारे तुम्हारे विषय में परस्पर यही बातें करते हैं कि हमारे तुम्हारे में अब क्या भेद रह गया है!"

(भिक्षु—)"इस तरह के जनप्रवाद (अफवाहें) तपस्वी को सहन करने ही चाहिये। उससे लज्जा या सङ्कोच नहीं करना चाहिये। इससे इस का अपयश (बदनामी) नहीं फैलेगा।

"जो ऐसे शब्द सुनकर जङ्गल में मृग की तरह चौंक जाते है उसे लोग 'दुर्बलचित्त' (लघुचित्त) कहते हैं। उनका लक्ष्य कभी पूर्ण नहीं होता"॥ ●

९. वज्जिपुत्रसूत्र : : भिक्षुजीवन के सुख की विशेषता

९. एक समय कोई भिक्षु **वैशाली** के किसी वनषण्ड में साधना में लगा हुआ था। उस समय वैशाली में सभी वज्जिपुत्र मिलकर कोई रात्रि-उत्सव मना रहे थे। तब वह भिक्षु वैशाली में हो रहे उस रात्रि-उत्सव में प्रयुक्त वाद्यसङ्गीत को सुन कर सोचनें लगा तथा उसने इस गाथा के माध्यम से अपनी वेदना कही—

"हम लोग यहाँ एकाकी इस वन में वैसे ही पड़े हैं, जैसे वन में कोई कटा हुआ लकड़ी का कुन्दा पड़ा हो। आज जैसी इस शुभ रात्रि में हम जैसा अन्य कौन अभागा होगा!"

अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाय अज्झभासि—

"एकको व त्वं अरञ्ञे विहरसि, अपविद्धं व वनस्मिं दारुकं। [B.204]
तस्स ते बहुका पिहयन्ति, नेरयिका विय सग्गगामिनं" ति॥

अथा खो सो भिक्खु ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। •

१०. सज्झायसुत्तं

१०. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु यं सुदं पुब्बे अतिवेलं सज्झायबहुलो विहरति सो अपरेन समयेन अप्पोस्सुक्को तुण्हीभूतो सङ्कसायति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो धम्मं असुणन्ती येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाय अज्झभासि—

"कस्मा तुवं धम्मपदानि भिक्खु, नाधीयसि भिक्खुहि संवसन्तो।
सुत्वान धम्मं लभतिप्पसादं, दिट्ठे धम्मे लभतिप्पसंसं" ति॥
"अहु पुरे धम्मपदेसु छन्दो, याव विरागेन समागमिम्ह।

तब उस वन में वास करने वाला कोई देवता उस भिक्षु पर अनुकम्पा करते हुए उसे सत्पथ पर लाने हेतु सत्परामर्श देता हुआ यों बोला—

"यद्यपि आप लोग इस वन में कटे हुए लकड़ी के किसी कुन्दे की तरह अकेले पड़े हैं, फिर भी साधारण लोग आपके पवित्र जीवन से ईर्ष्या ही करते हैं, जैसे नरकवासी लोग स्वर्ग में जाते हुए को देखकर ईर्ष्या किया करते हैं॥"

तब वह भिक्षु देवता के इस परामर्श को हृदयङ्गम कर धर्म के प्रति अनुरक्त हुआ।

१०. स्वाध्यायसूत्र : : स्वाध्याय

१०. एक समय कोई भिक्षु **कौशल** देश के किसी वनषण्ड में साधना कर रहा था। उस समय वह भिक्षु, जो पहले कभी स्वाध्याय में बहुत अधिक व्यस्त रहता था अब, उसके प्रति उपेक्षाभाव दिखाने लगा।

तब उस वन का वासी देवता भिक्षु का स्वाध्याय (धर्मपठन) न सुनकर उसको प्रोत्साहित करने के लिये वहाँ आया तथा यह गाथा बोला—

"भिक्षु! आप अब उन धर्मपदों को भिक्षुओं के साथ मिलकर क्यों नहीं पढ़ते? धर्म को पढ़कर मन में सन्तोष होता है, शान्ति मिलती है; तथा ऐसा करनेवाले का संसार में यश फैलता है"॥

[N.204] यतो विरागेन समागमिम्ह, यं किञ्चि दिट्ठं व सतं मुतं वा,
[R.203] अञ्ञाय निक्खेपनमाहु सन्तो'' ति॥ •

११. अकुसलवितक्कसुत्तं

११. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु दिवाविहारगतो पापके अकुसले वितक्के वितक्केति, सेय्यथीदं—कामवितक्कं, ब्यापादवितक्कं, विहिंसावितक्कं। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाहि अज्झभासि—

''अयोनिसो मनसिकारा, सो वितक्केहि खज्जसि।
अयोनिसो पटिनिस्सज्ज, योनिसो अनुचिन्तय॥
[B.205] ''सत्थारं धम्ममारब्भ, सङ्घं सीलानि अत्तनो।
अधिगच्छसि पामोज्जं, पीतिसुखमसंसयं।
ततो पामोज्जबहुलो, दुक्खस्सन्तं करिस्सती'' ति॥

अथ खो सो भिक्खु ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति॥ •

१२. मज्झन्हिकसुत्तं

१२. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे।

(भिक्षु—) ''पहले जब तक वैराग्य नहीं हुआ था तब तो उन धर्मपदों को पढ़ने में सन्तोष मिलता था। परन्तु अब जब हमारे मन में संसार के प्रति पूर्ण वैराग्य हो गया तो ऐसे समय में शान्त जन जो कुछ भी देखा, सुना या स्मरण किया हुआ हैं उसे जानबूझकर त्याग देना ही उचित कहते है''॥ •

११. अकुशलवितर्कसूत्र : : उचित विचार

११. एक समय कोई भिक्षु **कोशल** के किसी वनषण्ड में...। उस समय दिन की साधना के समय उस भिक्षु के मन में पापमय अकुशल विचार उठने लगे, जैसे कामविचार, व्यापादविचार या विहिंसाविचार।

तब उस वनषण्ड में रहने वाला कोई देवता...गाथा में यों बोला—''अस्थिर चित्त (अयोनिश: मनस्कार) होने के कारण आप पापभय अकुशल विचारों में फँसे हैं। इन अकुशल वितर्कों को छोड़कर उचित विचार मन में लावें।

''बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति श्रद्धा रखते हुए शील का पालन करो। तब तुम्हें आनन्द एवं प्रीतिसुख का अनुभव होगा। यों तुम्हारे दु:खों का भी अन्त हो पायगा॥''

इस प्रकार देवता के सत्परामर्श के वह भिक्षु पुन: सत्पथ पर लग गया॥ •

अथ खो.तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तस्स भिक्खुनो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"ठिते मज्झन्हिके काले, सन्निसीवेसु पक्खिसु।
सणतेव ब्रहारञ्ञं, तं भयं पटिभाति मं"॥
"ठिते मज्झन्हिके काले, सन्निसीवेसु पक्खिसु।
सणते व ब्रहारञ्ञं, सा रति पटिभाति मं" ति॥ ●

१३. पाकतिन्द्रियसुत्तं

१३. एकं समयं सम्बहुला भिक्खु कोसलेसु विहरन्ति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे उद्धता उन्नळा चपला मुखरा विकिण्णवाचा मुट्ठस्सतिनो असम्पजाना [N.205] असमाहिता विब्भन्तचित्ता पाकतिन्द्रिया। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे [R.204] अधिवत्था देवता तेसं भिक्खूनं अनुकम्पिका अत्थकामा ते भिक्खु संवेजेतुकामा येन ते भिक्खू तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा ते भिक्खू गाथाहि अज्झभासि—

"सुखजीविनो पुरे आसुं, भिक्खू गोतमसावका।
अनिच्छा पिण्डमेसना, अनिच्छा सयनासनं।
लोके अनिच्चतं ञत्वा, दुक्खस्सन्तं अकंसु ते॥

---

१२. मध्याह्निकसूत्र : : एकान्त में निर्भयता

१२. एक समय कोई भिक्षु कोसल देश के किसी वनषण्ड में साधना कर रहा था। उन वनषण्ड का वासी कोई देवता उस भिक्षु के पास आया, तथा उससे यह गाथा कहीं—

"इस भयङ्कर नीरव मध्याह्न काल में, जब कि पक्षीं भी अपने अपने घोंसलों में छिपे बैठे हैं, समस्त जङ्गल साँय साँय कर रहा है, ऐसे में मुझे बहुत भय लग रहा है"॥

(इसके उत्तर में भिक्षु बोला—) इस नीरक जङ्गल में, जब कि सब पक्षी भी अपने अपने घोंसलों में छिपे बैठे हैं, और यह समस्त जङ्गल भी साँय साँय कर रहा है (एकान्त होने के कारण) मुझे बहुत सुख मिल रहा है"॥ ●

१३. प्राकृतेन्द्रियसूत्र : : दुर्गुणमय दुराचरण

१३. एक समय बहुत से भिक्षु कोसल देश में किसी वनषण्ड में उद्धत, उद्दण्ड, चपल, वृथा प्रलापी, परस्पर पापभय संवाद करने वाले, मन्दमति, असम्प्रज्ञ, असमाहित, विभ्रान्तचित्त एवं असंयतेन्द्रिय (दुराचारी) होकर धर्मसाधना के नाम पर एकत्र थे। तब उस वन में रहने वाला कोई देवता, उन भिक्षुओं पर अनुकम्पा करता हुआ, उन की शुभेच्छा से उनको सत्परामर्श देने हेतु उनके पास आया, तथा ये गाथाएँ बोला—

"दुप्पोसं कत्वा अत्तानं, गामे गामणिका विय।
भुत्वा भुत्वा निपज्जन्ति, परागारेसु मुच्छिता॥
[B.206] "सङ्घस्स अञ्जलिं कत्वा, इधेकच्चे वदामहं।
अपविद्धा अनाथा ते, यथा पेता तथेव ते॥
"ये खो पमत्ता विहरन्ति, ते मे सन्धाय भासितं।
ये अप्पमत्ता विहरन्ति, नमो तेसं करोमहं" ति॥

अथ खो ते भिक्खू ताय देवताय संवेजिता संवेगमापादुं ति॥

१४. गन्धत्थेनसुत्तं

१४. एकं समयं अञ्ञतरो भिक्खू कोसलेसु विहरति अञ्ञतरस्मिं वनसण्डे। तेन खो पन समयेन सो भिक्खु पच्छाभत्तं पिण्डापातपटिक्कन्तो पोक्खरणिं ओगाहेत्वा पदुमं उपसिङ्घति। अथ खो या तस्मिं वनसण्डे अधिवत्था देवता तस्स भिक्खुनो अनुकम्पिका अत्थकामा तं भिक्खुं संवेजेतुकामा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं गाथाय अज्झभासि—

"ये गौतम बुद्ध के शिष्य पहले बहुत सुखपूर्वक रहते थे। निर्लोभ रहते हुए भिक्षाटन करते थे। इन्हें अपने शयनासन की भी कोई अपेक्षा (परवाह) नहीं थी। इन्होंने, इस लोक की अनित्यता जान कर, अपने सभी दु:खों का अन्त कर लिया था॥

"आजके ये भिक्षु भोजन के विषय में स्वयं को भ्रष्ट कर, ग्रामवासियों की तरह गले तक भर कर खाते हैं। तथा इस तरह खा खा कर भी, कुछ और मिल जाने के लोभ में दूसरों के घरों में पड़े रहते हैं॥

"इस सङ्घ में मैं अनेक भिक्षुओं को प्रणाम ही करता हूँ! जो समाजद्वारा परित्यक्त एवं अनाथ के तुल्य, मृत शव के समान, पड़े रहते हैं, इस तरह के भिक्षुओं को लक्ष्य कर के ही मैने यह बात कही है। अन्यथा जो भिक्षु, वस्तुत: अप्रमत्त (सावधान) होकर साधना में लीन हैं, उन्हें मैं वस्तुत: प्रणाम करता हूँ।" (द्र० पीछे जन्तुसूत्र (२.३.५ भी।स०)

१४. गन्धस्तेन (पद्मपुष्प) सूत्र : :पुरुषों का अदत्त गन्ध लेना भी चौरी है

१४. एक समय कोई भिक्षु कोसल के किसी वनषण्ड में साधना हेतु ठहरा हुआ था। वह भिक्षु किसी दिन, भिक्षा करने के बाद, किसी पुष्करणी में उतर कर वहाँ खिले पद्मपुष्पों की गन्ध लेने लगा। उस समय उस पुष्करणी की अधिष्ठात्री देवता ने, उस भिक्षु पर अनुकम्पा करते हुए, उस भिक्षु को सत्पथ पर लाने के लिये, उस भिक्षु के पास आ कर यह गाथा कही—

"यमेतं वारिजं पुप्फं, अदिन्नं उपसिङ्घसि।
एकङ्गमेतं थेय्यानं, गन्धत्थेनोसि मारिसा" ति॥
"न हरामि न भञ्जामि, आरा सिङ्घामि वारिजं।
अथ केन नु वण्णेन, गन्धत्थेनो ति वुच्चति?॥
"य्वायं भिसानि खनति, पुण्डरीकानि भञ्जति। [N.206]
एवं आकिण्णकम्मन्तो, कस्मा एसो न वुच्चती" ति॥
"आकिण्णलुद्दो पोसस्स, निच्चं सुचिगवेसिनो। [R.205]
वालग्गमत्तं पापस्स, अब्भमत्तं व खायती" ति॥
"अनङ्गणस्स पोसस्स, निच्चं सुचिगवेसिनो।
वालग्गमत्तं पापस्स, अब्भामत्तं व खायती" ति॥
"अद्धा मं, यक्ख, जानासि, अथो मे अनुकम्पसि।
पुन पि, यक्ख, वज्जासि, यदा पस्ससि एदिसं" ति॥
"नेव तं उपजीवाम, न पि ते भतकाम्हसे। [B.207]
त्वमेव भिक्खु जानेय्य, येन गच्छेय्य सुग्गतिं" ति॥

अथ खो सो भिक्खु ताय देवताय संवेजितो संवेगमापादी ति। ●

वनसंयुत्तं समत्तं॥

"मार्ष! आप जो यहाँ यह दूसरों के पद्मपुष्पों की गन्ध का विना दिये सुखानुभव कर रहे हैं, यह भी एक भी प्रकार की चौरी है। अतः आप 'गन्धचौर' हैं"॥

(भिक्षु—) "हे देवते! मैं न तो यहाँ से कुछ ले जा रहा हूँ, न कुछ नष्ट ही कर रहा हूँ, केवल इन पुष्पों की गन्ध दूर से ले रहा हूँ। तब भी किस कारण आप मुझे 'गन्ध चौर' कह रह हैं?"

"जो इनको मूल से उखाड़ देता है, इनकी पुण्डरीकों (कलियों) को खा जाता है, ऐसा कार्य करने वाले को आप कुछ क्यों नहीं कहते?"

(देवता—) "अतिलोभी पुरुष धात्री के वस्त्रों की तरह मलिन है। उसे कहना या परामर्श देना व्यर्थ है। हाँ! आप को कहा जा सकता है; क्यों कि, नित्य निष्पाप एवं पवित्र आचरण करने वाले पुरुष का बाल जितना सूक्ष्म पाप भी आकाश जितना महान् दिखायी देता है"॥

(भिक्षु—) "अरे! इस देवता ने मेरी वास्तविकता जान ली, इसी लिये यह मुझ पर (मेरा दोष बताकर) अनुकम्पा कर रहा है! हे यक्ष! मेरा ऐसा प्रमाद, तुम आगे भी कभी देखो तो मुझे सावधान करते हुए उससे रोकना"॥

तस्सुद्दानं

विवेकं उपट्ठानं च, कस्सपगोत्तेन सम्बहुला ।
आनन्दो अनुरुद्धो च, नागदत्तं च कुलघरणी ॥
वज्जिपुत्तो च वेसाली, सज्झायेन अयोनिसो ।
मज्झन्हिकालम्हि पाकतिन्द्रिय पदुमपुप्फेन चुद्दस भवेति ॥ •

(देवता–) "भिक्षु! मैं आपका वेतनभोगी मृत्य नहीं हूँ कि मैं तुम्हें प्रतिक्षण सावधान करता चलूँ! आप स्वयं सावधान रहें जिससे आप को सुगति प्राप्त हो"॥ •

नवम वनसंयुक्त समाप्त ॥

इस वनसंयुक्त में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. विवेकसूत्र, २. उपस्थानसूत्र, ३. काश्यपगोत्रसूत्र, ४. सम्बहुल सूत्र, ५. आनन्दसूत्र, ६. अनुरुद्धसूत्र, ७. नागदत्तसूत्र, ८. कुलगृहिणीसूत्र, ९. वैशालीयवज्जिपुत्रसूत्र, १०. स्वाध्यायसूत्र, ११. अकुशलवितर्कसूत्र, १२. मध्याह्निक सूत्र, १३. प्राकृतेन्द्रियसूत्र एवं १४. गन्धस्तेनसूत्र। इस वनसंयुक्त में ये चौदह सूत्र व्याख्यात है॥

१०. यक्खसंयुत्तं

१. इन्दकसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति [N.207, B.208, R.206] इन्दकूटे पब्बते, इन्दकस्स यक्खस्स भवने। अथ खो इन्दको यक्खो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"रूपं न जीवं ति वदन्ति बुद्धा, कथं न्वयं विन्दतिमं सरीरं?
कुतस्स अट्ठीयकपिण्डमेति, कथं न्वयं सज्जति गब्भरस्मिं" ति?

"पठमं कललं होति, कलला होति अब्बुदं।
अब्बुदा जायते पेसि, पेसि निब्बत्तती घनो।
घना पसाखा जायन्ति, केसा लोमा नखा पि च॥
"यं चस्स भुञ्जती माता, अन्नं पानं च भोजनं।
तेन सो तत्थ यापेति, मातुकुच्छिगतो नरो" ति॥ •

२. सक्कनामसुत्तं

२. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति गिज्झकुटे पब्बते। अथ खो

---

१०. यक्षसंयुक्त

१. इन्द्रकसूत्र : : **उत्पत्ति**

ऐसा मैने सुना है। एक समय (बुद्ध) राजगृह के इन्द्रकूट पर्वत पर इन्द्रक यक्ष के भवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी इन्द्रक यक्ष भगवान् के पास आया, आकर भगवान् से यह गाथा बोला—

"'रूप जीव नहीं है'—ऐसा (आप) बुद्ध कहते हैं, तो यह (रूप) शरीर (आकार) कैसे पाता है? इसका यह अस्थिपिण्ड कैसे पाता है? तथा गर्भरूप गह्वर में कैसे पड़ जाता है?"

(भगवान्—) "यहाँ (इसकी उत्पत्ति के प्रसङ्ग में) पहले कलल (कर्दम सदृश गाढा द्रव) होता है, तब कलल से अर्बुद (पिण्डावस्था) बनता है। अर्बुद से पेशी (मांसपिण्ड) बनती है। पेशी से घन (स्थूल आकार) बनने लगता है। घन से शाखा प्रशाखाएँ तथा केश लोम नख आदि बनते हैं।

("संक्षेप में निष्कर्ष यह है कि) इसकी माता जो कुछ भी खाती है, पीती है, उसी भोजन से माता के गर्भस्थान में इस मानव शरीर का पोषण (उपचय=वृद्धि) होता है"॥ •

सक्कनामको यक्खो येन भगवा तेनुसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"सब्बगन्थप्पहीनस्स, विप्पमुत्तस्स ते सतो।
समणस्स न तं साधु, यदञ्ञमनुसाससी" ति॥
"येन केनचि वण्णेन, संवासो सक्क जायति।
न तं अरहति सप्पञ्ञो, मनसा अनुकम्पितुं॥
"मनसा चे पसन्नेन, यदञ्ञमनुसासति।
न तेन होति संयुत्तो, यानुकम्पा अनुद्दया" ति॥ ●

३. सूचिलोमसुत्तं

[N.208, R.207, B.209] ३. एकं समयं भगवा विहरति टङ्कितमञ्चे सूचिलोमस्स यक्खस्स भवने। तेन खो पन समयेन खरो च यक्खो सूचिलोमो च यक्खो भगवतो अविदूरे अतिक्कमन्ति। अथ खो खरो यक्खो सूचिलोमं यक्खं एतदवोच—"एसो समणो" ति!

---

२. शक्रनामसूत्र : : उपदेश बन्धन नहीं

२. एक समय भगवान् (बुद्ध) **राजगृह** में गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। तब शक्रनामक यक्ष भगवान् के पास गया। जाकर भगवान् से गाथा के माध्यम से यों बोला—

जिस (आप बुद्ध) के सभी सांसारिक बन्धन कट चुके हैं, आप स्मृतिमान् एवं विमुक्त हैं, अत: आप श्रमण के लिये यह उचित नहीं है कि आप (बाध्यता के रूप में) दूसरों को उपदेश देने हेतु यहाँ वहाँ जायँ!"॥

(भगवान्—) "शक्र! किसी भी तरह जब किसी से साथ हो जाता है तो ज्ञानी पुरुष की उस के प्रति मन में अनुकम्पा हो जाती है॥

"अत: प्रसन्न मन से जब ज्ञानी दूसरों को उपदेश (सत्पथ पर चलने के लिये) उपदेश देता है तो यक्ष (ज्ञानी) इस कारण किसी बन्धन में नहीं बँधता; क्यों कि वह जिस अनुकम्पा के सहारे उपदेश करने को बाध्य होता है वह अनुकम्पा उसी के हृदय में पैदा होती है, दूसरे के नहीं॥" ●

३. सूचिलोमसूत्र : : सूचिलोम यक्ष के प्रश्न

३. एक समय भगवान् (बुद्ध) गया के टङ्कितमञ्च स्थान पर सूचिलोम यक्ष के स्थान पर साधना हेतु विराजमान थे। उस समय, खर एवं सूचिलोम-ये दोनों यक्ष भगवान् के समीप से ही कहीं जा रहे थे। तब यक्ष, भगवान् को देख कर, सूचिलोम यक्ष से बोला—"अरे! यह श्रमण है।"

"नेसो समणो, समणको एसो"।

"याव जानामि यदि वा सो समणो यदि वा पन सो समणको" ति।

अथ खो सूचिलोमो यक्खो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवतो कायं उपनामेसि। अथ खो भगवा कायं अपनामेसि। अथ खो सूचिलोमो यक्खो भगवन्तं एतदवोच—"भायसि मं समणा" ति?

"न ख्वाहं तं, आवुसो, भायामि; अपि च ते सम्फस्सो पापको" ति

"पञ्हं तं, समण, पुच्छिस्सामि। सचे मे न ब्याकरिस्ससि चित्तं वा ते खिपिस्सामि, हदयं वा ते फालेस्सामि, पादेसु वा गहेत्वा पारगङ्गाय खिपिस्सामी" ति।

"न ख्वाहं तं, आवुसो, पस्सामि सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय यो मे चित्तं वा खिपेय्य, हदयं वा फालेय्य, पादेसु वा गहेत्वा पारगङ्गाय खिपेय्य; अपि च त्वं, आवुसो, पुच्छ यदा कङ्खसी" ति।

४. अथ खो सूचिलोमो यक्खो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"रागो च दोसो च कुतोनिदाना, अरती रती लोमहंसो कुतोजा।
कुतो समुट्ठाय मनोवितक्का, कुमारका धङ्कमिवोस्सजसन्ती" ति॥

(सूचिलोम—) "नहीं यह श्रमण नहीं ढोंगी (श्रमण का रूप बनाये हुए) है।"

(खर—) "इसकी मीमांसा करनी चाहिये कि यह वास्तविक श्रमण है कि नहीं?"

यह सुनकर सूचिलोम यक्ष ने अपना शरीर भगवान् को स्पर्श कराना चाहा। भगवान् ने अपना शरीर दूर हटा लिया। तब सूचिलोम यक्ष भगवान् से पूछने लगा— "श्रमण! आप मुझसे डर गये?"

"नहीं, आयुष्मन्! मैं तुमसे डरा नहीं, किन्तु 'तुम्हारा स्पर्श शुभ नहीं' यह सोचकर मैं दूर हट गया।"

(सूचिलोम—) "मैं तुमसे प्रश्न पूछूँगा, यदि तुम उत्तर न दे पाये तो मैं तुम्हें विक्षिप्त (पागल) बना दूँगा। तुम्हारा वक्ष:स्थल चीर दूँगा या तुम्हें गंगा के पार फेंक दूँगा।"

(भगवान्—) "आयुष्मन्! मैं इस संसार में...पूर्ववत्...किसी से डरता नहीं हूँ कि कोई मुझे पागल बना देगा, मेरा हृदय चीर देगा या फिर वह मुझे गंगा के पार फेंक देगा! फिर भी तुम मुझसे जो प्रश्न पूछना चाहते हो, पूछ सकते हो!"

४. तब उस सूचिलोम यक्ष ने भगवान् से यह प्रश्न किया—

"रागो च दोसो च इतोनिदाना, अरती रती लोमहंसो इतोजा।
इतो समुट्ठाय मनोवितक्का, कुमारका धङ्कमिवोस्सजन्ति॥
[N.209] "स्नेहजा अत्तसम्भूता, निग्रोधस्सेव खन्धजा।
पुथू विसत्ता कामेसु, मालुवा व वितता वने॥
[B.210, R.208] "ये नं पजानन्ति यतोनिदानं, ते नं विनोदेन्ति सुणोहि, यक्ख!
ते दुत्तरं ओघमिमं तरन्ति, अतिण्णपुब्बं अपुनब्भवाया" ति॥ ●

४. मणिभद्दसुत्तं

५. एकं समयं भगवा मगधेसु विहरति मणिमालिके चेतिये मणिभद्दस्स यक्खस्स भवने। अथ खो मणिभद्दो यक्खो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"सतीमतो सदा भद्दं, सतिमा सुखमेधति।
सतीमतो सुवे सेय्यो, वेरा च परिमुच्चती" ति॥

"राग एवं द्वेष कहा से पैदा होते हैं? उदासी (उपेक्षा) तथा प्रेम (रति) एवं रोमहर्ष (भय से रोमाञ्च होना) कैसे पैदा होते हैं? मन के तर्क वितर्क मनुष्य को कहाँ से उठाकर उसे खींच कर, जैसे कौए को पकड़ कर बच्चे, कहाँ ले जाते हैं?"

(भगवान्—) "राग एवं द्वेष यहीं (मन) से पैदा होते हैं। इसी तरह, उदासी प्रेम, तथा रोमाञ्च भी यहीं (मन) से ही पैदा होते हैं। ये तर्क वितर्क भी यहीं से उठकर उसे उसी तरह खींच ले जाते है जैसे बच्चे कौए को पकड़कर खींच ले जाते हैं॥

"ये सब स्नेहजन्य हैं तथा अपने आप में पैदा होते हैं जैसे वट (न्यग्रोध) वृक्ष की शाखाओं से ही जटा पैदा होती हैं। तथा पैदा होकर तृष्णा के रूप में अधिक से अधिक विस्तार पाते रहते हैं जैसे जङ्गल में मालुवा लता विस्तार पाती रहती है॥

"हे यक्ष! सुनो! जो ज्ञानी इसके उत्पाद एवं विस्तार का स्थान एवं कारण जान लेते हैं वे उस (तृष्णा) का दमन करते हैं। वे ही उस दुस्तर भवसागर को भी पार कर जाते हैं, जिसको उन्होंने पहले कभी पार नहीं किया था। तथा इस तरह वे अपनी पुनर्जन्म परम्परा को एक दिन समूल नष्ट कर देते हैं"॥ ●

४. मणिभद्रसूत्र : : स्मृतिमान् सदा सुखी रहता है

५. एक समय भगवान् (बुद्ध) मगध देश में **मणिमालिक चैत्य** पर मणिभद्र यक्ष के भवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब मणिभद्र यक्ष जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा तथा भगवान् से यह गाथा कही—

"सीतमतो सदा भद्दं, सतिमा सुखमेधति।
सीतमतो सुवे सेय्यो, वेरा न परिमुच्चति॥
"यस्स सब्बमहोरत्तं, अहिंसाय रतो मनो।
मेत्तं सो सब्बभूतेसु, वेरं तस्स न केनची" ति॥ •

५. सानुसुत्तं

एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तने खो पन समयेन अञ्ञतरिस्सा उपासिकाय सानु नाम पुत्तो यक्खेन गहितो होति। अथ खो उपासिका परिदेवमाना तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

"चातुद्दसिं पञ्चदसिं, या च पक्खस्स अट्ठमी।
पाटिहारियपक्खं च, अट्ठङ्गसुसमागतं॥
"उपोसथं उपवसन्ति, ब्रह्मचरियं चरन्ति ये। [N.210]
न तेहि यक्खा कीळन्ति, इति मे अरहतं सुतं।
सा दानि अज्ज पस्सामि, यक्खा कीळन्ति सानुना" ति॥

"स्मृतिमान् का सदा कल्याण होता है, स्मृतिमान् सदा सुखी रहता है। स्मृतिमान् ही सर्वश्रेष्ठ है, तथा वह सब प्रकार के वैर विरोधों से मुक्त हो सकता है"॥

(भगवान्—) "तुम्हारा यह कहना तो उचित है कि स्मृतिमान्...पूर्ववत्...स्मृतिमान् ही सर्वश्रेष्ठ है, परन्तु यह कहना उचित नहीं है वह सर्वविध वैर से भी मुक्त हो जाता है; क्यों कि वह सर्वविध वैर से मुक्त नहीं हो पाता॥

"हाँ; जिसका चित्त निरन्तर दिन रात अहिंसा में ही मन रमा हुआ है, सभी प्राणियों के प्रति जिसका मैत्रीभाव रहता हैं, उसका ही किसी के साथ वैरभाव नहीं हो पाता"॥ •

५. सानुसूत्र : : उपोसथव्रती को यक्ष-पीड़ा नहीं

६. एक समय भगवान् **श्रावस्ती के** जेतवन में साधनाहेतु विराजमान ते। उस समय किसी उपासिका का सानु नामक पुत्र यक्ष से गृहीत था। तब वह उपासिका विलाप करती हुई ये गाथाएँ कहने लगी—

चतुर्दशी या पञ्चदशी (पूर्णिमा या अमावस्या), पक्ष की कोई अष्टमी एवं प्रातिहार्य पक्ष में अष्टाङ्ग व्रत का पालन करती हुई, उपोसथ व्रत रखती हुई तथा अर्हतों का आदेश मानने वाली के पुत्रों को यक्ष पीड़ित नहीं करते—ऐसा मैने अर्हतों से सुना है; परन्तु आज मैं देख रहीं हूँ कि (मेरे पुत्र) सानु पर यक्ष आरूढ है"॥

[यहाँ एक गाथा रो० सं० में अधिक है, जिसका अर्थ है—

[B.211] ''चातुद्दसिं पञ्चदसिं, या च पक्खस्स अट्ठमी[१]।
पाटिहारियपक्खं च, अट्ठङ्गसुसमागतं।
[R.209] उपोसथं उपवसन्ति, ब्रह्मचरियं चरन्ति ये॥
''न तेहि यक्खा कीळन्ति, साहु ते अरहतं सुतं।
सानुं पबुद्धं वज्जासि, यक्खानं वचनं इदं।
माकासि पापकं कम्मं, आवि वा यदि वा रहो॥
''सचे च पापकं कम्मं, करिस्ससि करोसि वा।
न ते दुक्खा पमुत्यत्थि, उप्पच्चा पि पलायतो'' ति॥
''मतं वा अम्म रोदन्ति, यो वा जीवं न दिस्सति।
जीवन्तं अम्म पस्सन्ती, कस्मा मं अम्म रोदसी'' ति॥
''मतं वा पुत्त रोदन्ति, यो वा जीवं न दिस्सति।
यो च कामे चजित्वान, पुनरागच्छते इध।
तं वा पि पुत्त रोदन्ति, पुन जीवं मतो हि सो॥

'मैने अर्हतों की पूजा की, मैने अर्हतों के आदेश का पालन किया। परन्तु आज मैं देख रही हूँ कि यक्षजन सानु पर आरूढ हैं॥'']

(यक्ष—) ''चतुर्दशी, पञ्चदशी...पूर्ववत्...ऐसा तुमने अर्हतों से सत्य ही सुना है। परन्तु प्रबुद्ध सानु को यक्षों का यह बता दो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष (छिप कर) कोई पापकर्म न करना। यदि ऐसा कोई पाप कर्म करोगे तो तुम्हें दु:ख से कभी मुक्ति नहीं मिल सकती। चाहे जहाँ कही भी कितना ही उछलो कूदो। उड़कर भले ही आकाश में चले जाओ''॥

(सानु—) ''मेरा अनुभव तो यह है कि माताएँ या तो पुत्र के मरने पर रोती हैं या जीवित को भी (परदेश आदि चले जाने पर) न देखने पर ही रोया करती हैं। परन्तु मैं देख रहा हूँ कि मेरे जीवित रहने पर भी मेरी माता मेरे लिये रो रही है। माँ तूँ क्यों रो रही है ?''

(माता—)''पुत्र के मर जाने या उसके परदेश चले जाने पर तो माताएँ रोती ही है, परन्तु माताएँ उस पुत्र के लिये भी रोती हैं जो प्रव्रजित होकर एक बार समस्त कामभोगों को जीत लेता है, किन्तु (दौर्भाग्य से वह) पुन: गृहस्थ धर्म स्वीकार कर लेता है। माताएँ उसके लिये भी रोती ही हैं; क्यों कि वह जीवित भी मृत के समान ही है॥

---

१. एत्थ रो० पोत्थके इयं गाथा अधिका दिस्सति—
''साहू ति मे अरहतं, इति मे अरहतं सुतं।
सा दानि अज्ज पस्सामि, यक्खा कीळन्ति सानुना'' ति॥

"कुक्कुळा उब्भतो तात, कुक्कुळं पतितुमिच्छसि।
नरका उब्भतो तात, नरकं पतितुमिच्छसि॥
"अभिधावथ भद्दन्ते, कस्स उज्झापयामसे।
आदित्ता नीहतं भण्डं डय्हितुमिच्छसी" ति॥ ●

६. पियङ्करसुत्तं

७. एकं समयं आयस्मा अनुरुद्धो सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन आयस्मा अनुरुद्धो रत्तियो पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय धम्मपदानि भासति। अथ खो पियङ्करमाता यक्खिनी पुत्तकं एवं तोसेसि—

"मा सद्दं करि पियङ्कर, भिक्खू धम्मपदानि भासति। [N.211]
अपि च धम्मपदं विजानिय, पटिपज्जेम हिताय नो सिया॥
"पाणेसु च संयमामसे, सम्पजानमुसा न भणामसे।
सिक्खेम सुसील्यमत्तनो, अपि मुच्चेम पिसाचयोनिया" ति॥ ●

("सांसारिकत्याग स्वरूप) गरम राख से कुछ समय पहले छुटकारा पाये हो, अब पुन: उसी गरम राख में गिरना चाह रहे हो। जिस नरक से अभी निकले हो उसी में पुन: गिरना चाह रहे हो॥

"भन्ते! आगे बढिये, आप का कल्याण हो! हम किसको कष्ट दें या किसका कष्ट देखें। आप तो अपने शरीर पात्र को, जिस अग्निदाह से मुक्त करा चुके थे उसी अग्नि में पुन: जलना चाह रहे है!"॥[१] ●

६. प्रियङ्करसूत्र : : पिशाच योनि से मुक्ति

७. एक समय आयुष्मान् अनुरूद्ध श्रावस्ती के जेतवन में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय ये आयुष्मान् अनुरुद्ध रात्रि के अन्तिमप्रहर प्रत्यूष समय निद्रा त्याग कर धर्मपदों का पाठ करते थे। तब प्रियङ्कर माता यक्षिणी अपने पुत्र को यों सन्तोष (आश्वासन=समझाना) देती थी—

"पुत्र प्रियङ्कर! कोलाहल न करो! ये भिक्षु धर्मपदों का स्वाध्याय कर रहे हैं। हम भी इन धर्मपदों के जान लें तथा इन पर आचरण करें तो हमारा भी हित ही होगा॥

"जीवों के प्रति हम दयाभाव (हिंसा में संयम) रखें। जानते बूझते हुए असत्यभाषण न करें, तो अवश्य ही इस पिशाचयोनि से मुक्ति पा लेंगे"॥ ●

[यह कथा धम्पद अट्ठकथा में बहुत अच्छी तरह वर्णित की हैं, इसे वहाँ अवश्य देखना चाहिये। द्र० गाथा सं० ३२६ की व्याख्या नागवर्ग में —सं०]

७. पुनब्बसुसुत्तं

८. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। [B.212] तेन खो पन भगवा भिक्खू निब्बानपटिसंयुत्ताय धम्मिया कथाय सन्दस्सेति [R.210] समादपेति समुत्तेजेति सम्पहंसेति। ते च भिक्खू अट्ठिं कत्वा मनसि कत्वा सब्बचेतसा समन्नाहरित्वा ओहितसोता धम्मं सुणन्ति। अथ खो पुनब्बसुमाता यक्खिनी पुत्तकं एवं तोसेसि—

''तुण्ही उत्तरिके होहि, तुण्ही होहि पुनब्बसु।
यावाहं बुद्धसेट्ठस्स, धम्मं सोस्सामि सत्थुनो॥
''निब्बानं भगवा आह, सब्बगन्थप्पमोचनं।
अतिवेला च मे होति, अस्मिं धम्मे पियायना॥
''पियो लोके सको पुत्तो, पियो लोके सको पति।
ततो पियतरा मय्हं, अस्स धम्मस्स मग्गना॥
''न हि पुत्तो पति वा पि, पियो दुक्खा पमोचये।
यथा सद्धम्मस्सवनं, दुक्खा मोचेति पाणिनं॥

---

७. पुनर्वसुसूत्र : : धर्माचरण सर्वतोऽधिक प्रिय

८. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के जेतवन में...। उस समय भगवान् भिक्षुओं का निर्वाण की ओर प्रदत्त करने वाली धर्म कंथा से साक्षात्कार, समुत्तेजन एवं सम्प्रहर्षण कर रहे थे। वे भिक्षु भी ध्यान लगा कर...उस धर्मकथा को कान लगाकर सुन रहे थे। उसी समय उत्तरिका एवं पुनर्वसु की माता॰यक्षिणी ने अपने पुत्र को यों कहकर सन्तुष्ट (आश्वस्त) किया—

''उत्तरिके! तुम तब तक शान्त रहो, कोलाहल न करो; पुनर्वसु! तुम भी चुप रहो। जब तक कि मैं शास्ता बुद्ध द्वारा उपदिष्ट धर्मकथा न सुन लूँ॥

''भगवान् सभी सांसारिक ग्रन्थियों से मुक्त कराने वाले निर्वाण का उपदेश कर रहे हैं। इस धर्मश्रवण मे मेरी श्रद्धा अधिक से अधिक बदली जा रही है॥

''संसार में लोगों को अपना पुत्र सर्वप्रिय होता है, स्त्रियों को अपना पति प्रिय होता है; परन्तु मुझ को यह भगवदुपदिष्ट धर्मकथा का सुनना इन दोनों से भी अधिक प्रिय है॥

''पुत्र या पति उतना अधिक प्रिय होने पर भी वे उसको सांसारिक बन्धनों से मुक्त नहीं कर सकते; परन्तु इस सद्धर्मश्रमण के प्रभाव से सभी प्राणी दु:खों से मुक्त हो सकते हैं॥

"लोके दुक्खपरेतस्मिं, जरामरणसंयुते।
जरामरणमोक्खाय, यं धम्मं अभिसम्बुधं।
तं धम्मं सोतुमिच्छामि, तुण्ही होहि पुनब्बसू" ति॥

"अम्मा न ब्याहरिस्सामि, तुण्हीभूतायमुत्तरा।
धम्ममेव निसामेहि, सद्धम्मस्सवनं सुखं।
सद्धम्मस्स अनञ्ञाय, अम्मा दुक्खं चरामसे॥

"एस देवमनुस्सानं, सम्मूळ्हानं पभङ्करो। [N.212]
बुद्धो अन्तिमसारीरो, धम्मं देसेति चक्खुमा" ति॥

"साधु खो पण्डितो नाम, पुत्तो जातो उरेसयो।
पुत्तो मे बुद्धसेट्ठस्स, धम्मं सुद्धं पियायति॥

"पुनब्बसु सुखी होहि, अज्जाहम्हि समग्गता।
दिट्ठानि अरियसच्चानि, उत्तरा पि सुणातु मे" ति॥ •

८. सुदत्तसुत्तं

९. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति सतीवने। तेन खो पन समयेन [B.213] अनाथपिण्डिको गहपति राजगहं अनुप्पत्तो होति केनचिदेव करणीयेन। अस्सोसि खो

"इस दु:खबहुल संसार में, जो कि जरा एवं मृत्यु से सम्पृक्त है, जरा एवं मृत्यु से मुक्ति पाने के लिये जिस धर्म का उदय हुआ है, उस धर्म को मैं सुनना चाहती हूँ। अत: हे पुनर्वसु! तुम कुछ क्षण चुप ही रहो॥

(पुनर्वसु—) "हे माता! मैं कुछ न बोलूँगा, (मेरी बहन) यह उत्तरा भी चुप है। आप धर्मश्रवण करें; क्यों कि यह धर्मश्रवण सुखकर है। सद्धर्म का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके ही हम अपने दु:खों से मुक्ति पा सकेंगे। यों इसका श्रवण कर हम अपना हित ही करेंगे॥

"अज्ञानान्धकार से आवृत इन देवता एवं मनुष्यों को प्रकाश दिखाने वाले ये अनितम देहधारी ज्ञानी बुद्ध धर्मोपदेश कर रहे हैं"॥

(पुनर्वसुमाता—) "मेरी कोंख से उत्पन्न हुए मेरे पुत्र! तुम धन्य हो! मेरे पुत्र तुम को यह बुद्धोपदिष्ट धर्म प्रिय लगता है, (तुम इसके प्रति श्रद्धालु हो) तुम पण्डित हो। हे पुनर्वसु! तुम सुखी रहो। आज मेरा मस्तक ऊँचा हो गया है। मुझे आज आर्यसत्यों का दर्शन हो गया है। हे उत्तरे! तूँ भी मेरी बात सुन"॥ •

८. सुदत्तसूत्र : : अनाथपिण्डिक द्वारा का प्रथम दर्शन

९. एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृह के शीतवन में साधना हेतु विराजमान थे। उस समय अनाथपिण्डिक गृहपति किसी विशेष कार्य से राजगृह आये हुए थे। अनाथपिण्डिक

[R.211] अनाथपिण्डिको गहपति—"बुद्धो किर लोके उप्पन्नो" ति। तावदेव च पन भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमितुकामो होति। अथस्स अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स एतदहोसि—"अकालो खो अज्ज भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमितुं। स्वे दानाहं कालेन भगवन्तं दस्सनाय गमिस्सामी" ति बुद्धगताय सतिया निपज्जि। रत्तिया सुदं तिक्खत्तुं वुट्ठासि पभातं ति मञ्ञमानो। अथ खो अनाथपिण्डिको गहपति येन सिवथिकद्वारं तेनुपसङ्कमि। अमनुस्सा द्वारं विवरिंसु। अथ खो अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स नगरम्हा निक्खमन्तस्स आलोको अन्तरधायि, अन्धकारो पातुरहोसि, भयं छम्भितत्तं लोमहंसो उदपादि, ततो व पुन निवत्तितुकामो अहोसि। अथ खो सिवको यक्खो अन्तरहितो सद्दमनुस्सावेसि—

"सतं हत्थी सतं अस्सा, सतं अस्सतरीरथा।
सतं कञ्ञासहस्सानि, आमुक्कमणिकुण्डला।
एकस्स पदवीतिहारस्स, कलं नाग्घन्ति सोळसिं॥

अभिक्कम, गहपति, अभिक्कम, गहपति! अभिक्कमनं ते सेय्यो, नो पटिक्कमनं" ति।

१०. अथ खो अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स अन्धकारो अन्तरधायि, आलोको पातुरहोसि, यं अहोसि भयं छम्भितत्तं लोमहंसो, सो पटिप्पस्सम्भि। दुतियं पि खो

गृहपति ने जब सुना—"बुद्ध लोक में उत्पन्न हुए हैं". तो उसी समय उसके हृदय में भगवान् के दर्शन के लिये उत्कण्ठा जाग्रत् हो गयी। परन्तु उसने साचा—"अब तो भगवान् के दर्शन के लिये असमय है, कल प्रात: ही भगवान् के दर्शन हेतु चलूँगा।" यों बुद्धस्मृति चित्त में सँजोये हुए वह शय्या पर लेट गया। रात्रि में वह 'प्रात: काल हुआ' समझ कर तीन बार उठा। तथा उठकर वह नगर के श्मशान द्वार पर पहुँचा। देवताओं ने द्वार खोल दिया। तब अनाथपिण्डिक गृहपति के नगर से निकलते हुए प्रकाश लुप्त हो गया, अन्धकार छा गया, अत: वह भय से स्तब्ध हो गया। उसको रोमाञ्च हो गया। वहाँ से पुन: पीछे लौटने की इच्छा होने लगी। उस समय श्मशान के देवता शिवक यक्ष ने अप्रत्यक्ष रूप से यों कहा—

"सौ हाथी, सौ घोड़े, सौ घोड़ों वाला रथ, मुक्ता एवं माणिक्य से अलंकृत लाखों कन्याएँ आपके एक पदक्रम की तुलना नहीं कर सकतीं। अत: हे गृहपति! आगे बढ़ो, गृहपति! तुम आगे बढो! तुम्हारा तो अब आगे बढना ही अच्छा है, पीछे रहना तुम्हें शोभा नहीं देगा।"

अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स आलोको अन्तरधायि, अन्धकारो पातुरहोसि, [N.213] भयं छम्भितत्तं लोमहंसो उदपादि, ततो व पुन निवत्तितुकामो अहोसि। दुतियं पि खो सिबको यक्खो अन्तरहितो सद्दमनुस्सावेसि—

"सतं हत्थी सतं अस्सा...पे०...कलं नाग्धन्ति सोळसिं॥" [B.214]

अभिक्कम गहपति, अभिक्कम गहपति! अभिक्कमनं ते सेय्यो, नो पटिक्कमनं" ति।

अथ खो अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स अन्धकारो अन्तरधायि, आलोको पातुरहोसि, यं अहोसि भयं छम्भितत्तं लोमहंसो, सो पटिप्पस्सम्भि। ततियं पि खो अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स आलोको अन्तरधायि, अन्धकारो पातुरहोसि, भयं छम्भितत्तं लोमहंसो उदपदि, ततो व पुन निवत्तितुकामो अहोसि। ततियं पि खो सिवको यक्खो अन्तरहितो सद्दमनुस्सावेसि—

"सतं हत्थी, सतं अस्सा...पे०...
कलं नाग्घन्ति सोळसिं ॥

अभिक्कम गहपति, अभिक्कम गहपति! अभिक्कमनं ते सेय्यो नो पटिक्कमनं" ति।

अथ खो अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स अन्धकारो अन्तरधायि, आलोको पातुरहोसि, यं अहोसि भयं छम्भितत्तं लोमहंसो, सो पटिप्पस्सम्भि। अथ [R.212] खो अनाथपिण्डिको गहपति येन सीतवनं येन भगवा तेनुपसङ्कमि।

११. तेन खो पन समयेन भगवा रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय अब्भोकासे चङ्कमति। अद्दसा खो भगवा अनाथपिण्डिकं गहपतिं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वान

---

१०. तब अनाथपिण्डिक गृहपति के सामने से अन्धकार हट गया, प्रकाश फैल गया। उसका समस्त भय शान्त हो गया।

दूसरी बार भी अनाथपिण्डिक गृहपति के नगर से निकलते हुए...पूर्ववत्...उसका समस्त भय शान्त हो गया।

तीसरी बार भी अनाथपिणिडक गृहपति के नगर से निकलते हुए...पूर्ववत्...उसका समस्त भय शान्त हो गया। तब अनाथपिण्डिक गृहपति क्रमशः शीतवन में, जहाँ भगवान् विराजमान थे, पहुँचा।

११. उस समय भगवान् रात्रि के अन्तिम प्रहर में शयनासन त्याग कर खुले आकाश के नीचे चंक्रमण कर रहे थे। भगवान् ने अनाथपिण्डिक गृहपति को आते हुए

चङ्कमा ओरोहित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो भगवा अनाथपिण्डिकं गहपतिं एतदवोच—"एहि, सुदत्ता" ति। अथ खो अनाथपिण्डिको गहपति, 'नामेन मं भगवा आलपती' ति, हट्ठो उदग्गो तत्थेव भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोच—"कच्चि, भन्ते, भगवा सुखमसयित्था" ति?

[N.214] "सब्बदा वे सुखं सेति, ब्राह्मणो परिनिब्बुतो।
यो न लिम्पति कामेसु, सीतिभूतो निरूपधि॥
"सब्बा आसत्तियो छेत्वा, विनेय्य हदये दरं।
उपसन्तो सुखं सेति, सन्ति पप्पुय्य चेतसा" ति॥ •

९. पठमसुक्कासुत्तं

१२. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो [B.215] पन समयेन सुक्का भिक्खुनी महतिया परिसाय परिवुता धम्मं देसेति। अथ खो सुक्काय भिक्खुनिया अभिप्पसन्नो यक्खो राजगहे रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन उपसङ्कमित्वा तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

"किं मे कता राजगहे मनुस्सा, मधुपीता व सेयरे।
ये सुक्कं न पयिरुपासन्ति देसेन्तिं अमतं पदं॥

दूर से ही देख लिया। उसे देख कर भगवान् चंक्रमणस्थान से उतरकर अपने आसन पर विराजमान हो गये। विराजमान होकर भगवान् ने गृहपति को—"आओ, सुदत्त!" कहकर बुलाया। तब वह गृहपति, 'भगवान् मुझको नामग्रहणपूर्वक बुला रहे हैं'—यह सोच कर बहुत प्रसन्न हुआ। तथा उसी समय भगवान् के श्रीचरणों में गिर कर उन्हें प्रणाम करता हुआ यों बोला—"भन्ते! आप समस्त रात्रिपर्यन्त सुखपूर्वक सोये ना?" भगवान् ने उत्तर दिया—

"जो निष्पाप एवं विमुक्त है वह सदा ही सुख से सोता है। जो कामभोगों में लिप्त नहीं होता जो चित्त विकारों के प्रशमन होने से शान्त हो गया है॥

जो सभी आसक्तियों को छिन्न भिन्न कर, हृदय में स्थित सांसारिक भय को निकाल कर शान्त हो गया है। वह चित्त की शान्ति प्राप्त कर सुख से ही सोता है"॥ •

९. प्रथम शुक्रासूत्र : : शुक्रा के उपदेश की यक्ष द्वारा प्रशंसा

१२. एक समय भगवान् राजगृह के वेणुवन में स्थित कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय शुक्रा नाम की भिक्षुणी जिज्ञासुओं की विशाल सभा में धर्मोपदेश कर रही थी। तब उस शुक्रा भिक्षुणी पर कोई श्रद्धालु यक्ष राजगृह की एक गली से दूसरी गली या एक चौराहे से दूसरे चौराहे पर जाकर, उस प्रसङ्ग में, ये गाथाएँ कहने लगा—

"तं च पन अप्पटिवानीयं, असेचनकमोजवं।
पिवन्ति मञ्ञे सप्पञ्ञा, वलाहकमिव पन्थगू" ति॥ •

१०. दुतियसुक्कासुत्तं

१३. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो उपासको सुक्काय भिक्खुनिया भोजनं अदासि। अथ खो सुक्काय भिक्खुनिया अभिप्पसन्नो यक्खो राजगहे रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन [R.213] सिङ्घाटकंउपसङ्कमित्वा तायं वेलायं इमं गाथं अभासि—

"पुञ्ञं वत पसवि बहुं, सप्पञ्ञो वतायं उपासको।
यो सुक्काय अदासि भोजनं, सब्बगन्थेहि विप्पमुत्तिया" ति॥ •

११. चीरासुत्तं

१४. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो उपासको चीराय भिक्खुनिया चीवरं अदासि। अथ खो चीराय भिक्खुनिया अभिप्पसन्नो यक्खो राजगहे रथिकाय रथकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं उपसङ्कमित्वा तायं वेलायं इमं गाथं अभासि—

"ओ! राजगृह के वासियो! क्या कर रहे हो? सुरापायी के समान उन्मत्त होकर क्या सो रहे हो। तुम इस शुक्रा भिक्षुणी द्वारा किया जा रहा धर्मोपदेश क्यों नहीं सुनते! जो उसमें अमृत रस घोल कर आप लोगों को पिलाना चाह रही है!॥

"जो पीछे हटने वाला नहीं है, जो विना सेचे ओज से परिपूर्ण है। इस अमृत का पान तो कोई ज्ञानिजन ही कर पायगा, जैसे कोई यात्री मेघ का जल पी लेता है"॥ •

१०. द्वितीयशुक्रासूत्र : : शुक्रा को भोजनदान प्रशंसनीय

१३. एक समय भगवान् (बुद्ध) **राजगृह** के वेणुवन में...पूर्ववत्...उस समय कोई उपासक शुक्रा भिक्षुणी को भोजनदान कर रहा था। तब उस शुक्रा भिक्षुणी में कोई श्रद्धालु यक्ष...यह गाथा कहने लगा—

"इस प्रज्ञावान् उपासक ने शुक्रा भिक्षुणी को भोजनदान कर बहुत पुण्य का अर्जन किया। इस पुण्य के प्रभाव से यह उपासक सभी सांसारिक ग्रन्थियों से पूर्णतः मुक्त हो गया"॥ •

११. चीरासूत्र : : चीरा को चीवरदान

१४. एक समय भगवान् राजगृह में...पूर्ववत्...। उस समय कोई उपासक चीरा नामक भिक्षुणी को चीवरदान कर रहा था। तब उस चीरा भिक्षुणी पर श्रद्धा रखने वाला कोई यक्ष...चौराहे पर धूम धूम कर यह गाथा कहने लगा—

[N.215,B.216] "पुञ्ञं वत पसवि बहुं, सप्पञ्ञो वतायं उपासको।
यो चीराय अदासि चीवरं, सब्बयोगेहि विप्पमुत्तिया" ति॥ ●

१२. आळवकसुत्तं

१५. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा आळवियं विहरति आळवकस्स यक्खस्स भवने। अथ खो आळवको यक्खो येन भगवा तनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—"निक्खम, समणा" ति। "साधावुसो" ति भगवा निक्खमि। "पविस, समणा" ति। "साधावुसो" ति भगवा पाविसि। दुतियं पि खो आळवको [R.214] यक्खो भगवन्तं एतदवोच—"निक्खम, समणा" ति। "साधावुसो" ति भगवा निक्खमि। "पविस, समणा" ति "साधावुसो" ति भगवा पाविसि। ततियं पि खो आळवको यक्खो भगवन्तं एतदवोच—"निक्खम, समणा" ति। "साधावुसो" ति भगवा निक्खमि। 'पविस, समणा' ति। "साधावुसो" ति पाविसि। चतुत्थं पि खो आळवको यक्खो भगवन्तं एतदवोच—"निक्खम, समणा" ति।

"न ख्वाहं तं, आवुसो, निक्खमिस्सामि। यं ते करणीयं तं करोही" ति।

"पञ्हं तं, समण, पुच्छिस्सामि। सचे मे न ब्याकरिस्ससि चित्तं वा ते खिपिस्सामि हदयं व ते फलेस्सामि पादेसु व गहेत्वा पारगङ्गाय खिपिस्सामी" ति।

"न ख्वाहं तं, आवुसो, पस्समि सदेवके लोके समारक सब्रह्मके सस्समण-ब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय ये मे चित्तं व खिपय्य हदयं व फालेय्य पादेसु व गहेत्वा पारगङ्गाय खिपय्य। अपि च त्वं, आवुसो, पुच्छ यदाकङ्खसी" ति।

"इस प्रज्ञावान् उपासक ने चीरा भिक्षुणी को चीवरदान कर बहुत पुण्यार्जन किया। इस पुण्य के प्रभाव से यह उपासक समस्त सांसारिक ग्रन्थियों से पूर्णतः विमुक्त हो गया॥" ●

१२. आळवकसूत्र : : आळवकदमन

१५. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) आळवी के आळवक यक्ष के भवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब वह आळवक यक्ष भगवान् के पास गया तथा उनसे बोला—"श्रमण! यहाँ से बाहर निकलो।" भगवान् "आयुष्मन्! बहुत अच्छा" कहकर भवन से बाहर निकल गये।

दूसरी बार भी...पूर्ववत्... "श्रमण! अन्दर चले आओ"...बाहर निकल गये।

तीसरी बार भी...पूर्ववत्...बाहर निकल गये।

परन्तु चौथी बार भी जब यक्ष बोला—"श्रमण! बाहर निकल जाओ!" तो

१६. अथ खो आळवको यक्खो भगवन्तं गाथाय अज्झभासि—

"किंसूध वित्तं पुरिसस्स सेट्ठं, किंसु सुचिण्णं सुखमावहाति।
किंसु हवे सादुतरं रसानं, कथंजीविं जीवितमाह सेट्ठं" ति॥ [N.216]

"सद्धीध वित्तं पुरिस्स सेट्ठं, धम्मो सुचिण्णो सुखमावहाति।
सच्चं हवे सादुतरं रसानं, पञ्ञाजीविं जीवितमाहु सेट्ठं" ति॥

"कथंसु तरति ओघं, कथंसु तरति अण्णवं।
कथंसु दुक्खमच्चेति, कथंसु परिसुज्झती" ति॥

"सद्धाय तरति ओघं, अप्पमादेन अण्णवं। [B.217]
विरियेन दुक्खमच्चेति, पञ्ञाय परिसुज्झती" ति॥

"कथंसु लभते पञ्ञं, कथंसु विन्दते धनं?
कथंसु कित्तिं पप्पोति, कथं मित्तानि गन्थति?
अस्मा लोका परं लोकं, कथं पेच्च न सोचती"? ति॥

भगवान् ने कहा—मुझे...गङ्गा के पार फेंक सके। फिर भी तुम्हें जो प्रश्न पूछना हो, पूछ लो।

१६. तब आळवक यक्ष ने भगवान् से यह गाथा कहते हुए प्रश्न किया—

"पुरुष का सर्वश्रेष्ठ धन क्या है? क्या सञ्चित किया हुआ सुखदायक होता है? रसों में सबसे स्वादिष्ठ रस कौन है? तथा कैसा जीवन श्रेष्ठ कहलाता है"?

(भगवान्-) "श्रद्धा ही पुरुष का सर्वश्रेष्ठ धन है। सञ्चित किया हुआ धर्म ही सुखदायक होता है। सत्य का रस सब रसों में श्रेष्ठ है। एवं प्रज्ञामय जीवन ही सर्वश्रेष्ठ जीवन है"॥

(यक्ष—) "संसार की बाढ को कैसे पार किया जा सकता है? समुद्र को कैसे तैरा जा सकता है? दु:खों का अन्त कैसे किया जा सकता है? तथा मनुष्य कैसे परिशुद्ध हो सकता है?"

(भगवान्—) "संसार की बाढ को श्रद्धा से पार किया जा सकता है। साधना में अप्रमाद से भवसागर को तैरा जा सकता है। साधना में वीर्य (पराक्रम) से दु:खों का अन्त किया जा सकता है तथा प्रज्ञा से मनुष्य का चित्त शुद्ध हो सकता है"॥

(यक्ष—)"साधक प्रज्ञा का लाभ कैसे कर सकता है? धन कैसे प्राप्त किया जा सकता है? साधक द्वारा यश कैसे प्राप्त किया जा सकता है? मित्रों को कैसे अपना बनाया जा सकता है। देहपात के बाद मनुष्य को इस लोक से परलोक जाने पर कैसे शोक नहीं करना पड़ता?"

"सद्दहानो अरहतं, धम्मं निब्बानपत्तिया।
सुस्सूसं लभते पञ्ञं, अप्पमत्तो विचक्खणो॥
"पतिरूपकारी धुरवा, उट्ठाता विन्दते धनं।
सच्चेन कित्तिं पप्पोति, ददं मित्तानि गन्थति।
अस्मा लोका परं लोकं, एवं पेच्च न सोचति॥
"यस्सेते चतुरो धम्मा, सद्धस्स घरमेसिनो।
सच्चं धम्मो धिति चागो, स वे पेच्च न सोचति॥
"इङ्घ अञ्ञे पि पुच्छस्सु, पुथू समणब्राह्मणे।
यदि सच्चा धम्मा चागा, खन्त्या भिय्योध विज्जती" ति॥
"कथं नु दानि पुच्छेय्यं, पुथू समणब्राह्मणे।
योहं अज्ज पजानामि, यो अत्थो सम्परायिको॥
"अत्थाय वत मे बुद्धो, वासायाळविमागमा।
योहं अज्ज पजानामि, यत्थ दिन्नं महप्फलं॥

(भगवान्—) निर्वाण की प्राप्ति के लिये अर्हत् एवं धर्म पर श्रद्धा रखता हुआ अप्रमत्त एवं विचक्षण पुरुष ही, उनकी सेवा शुश्रूषा कर प्रज्ञा का लाभ कर सकता है॥

"कार्य करने वाले, परिश्रमी एवं उत्साही पुरुष द्वारा ही अर्थ (धन) का उपार्जन किया जा सकता है।

"सत्य आचरण से ही साधक द्वारा यश प्राप्त किया जा सकता है। मित्रों को निरन्तर कुछ देते रहने से ही उनको अपना बनाये रखा जा सकता है। इतना सब करके ही देहपात के बाद इस लोक से परलोक जाने के बाद मनुष्य को शोक नहीं करना पड़ता॥

"जो श्रद्धालु गृहस्थ इन चारों धर्मों (कर्तव्यों) को पूर्ण करने का प्रयास करता रहता है; जैसे—१. सत्य, २. इन्द्रिनिग्रह, ३. धैर्य एवं ४. त्याग; वही परलोक जाकर कोई शोक नहीं करता॥

"इस विषय में तुम अन्य ज्ञानी श्रमण ब्राह्मणों से भी पूछ सकते हो कि क्या सत्य, इन्द्रियनिग्रह, धैर्य एवं त्याग एवं क्षमा के अतिरिक्त भी कोई श्रेष्ठ धर्म है?"

(यक्ष—) "भन्ते! अब दूसरे ज्ञानी श्रमण ब्राह्मणों से क्यों और क्या पूछने जाऊँगा जब कि मैं स्वयं ही जान चुका हूँ कि पारलौकिक परमार्थ क्या है?

"मेरे कल्याण के लिये ही आज आप बुद्ध इस आळवी में पधारे हैं। आज हम जान गये हैं कि किसको दान करने का महाफल होता है॥

"सो अहं विचरिस्सामि, गामा गामं पुरा पुरं। [N.217]
नमस्समानो सम्बुद्धं, धम्मस्स च सुधम्मतं" ति॥ ●

यक्खसंयुत्तं समत्तं॥

तस्सुद्दानं

इन्दको सक्क सूचि च, मणिभद्दो च सानु च।
पियङ्कर पुनब्बसु सुदत्तो च, द्वे सुक्का चीरआळवी ति द्वादस॥ ●

"अब मैं ग्राम ग्राम तथा नगर नगर घूम घूमकर बुद्ध और धर्म को प्रणाम करते हुए उनके महत्त्व एवं वैशिष्ट्य का प्रचार करूँगा"॥ ●

इन्द्रक वर्ग समाप्त॥

यक्षसंयुक्त समाप्त॥

इस संयुक्त के सूत्रों की सूची—१. इन्द्रकसूत्र, २. शक्रनामसूत्र, ३. सूचिलोमसूत्र, ४. मणिभद्रसूत्र, ५. सानुसूत्र, ६. प्रियङ्करसूत्र, ७. पुनर्वसुसूत्र, ८. सुदत्तसूत्र, ९. प्रथम शुक्रासूत्र, १०. द्वितीयशुक्रासूत्र, ११. चीरासूत्र एवं १२. आळवकसूत्र॥

११. सक्कसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१. सुवीरसुत्तं

[N.218, B.218, R.216] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि— "भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, असुरा देवे अभियंसु। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुवीरं देवपुत्तं आमन्तेसि—'एते, तात सुवीर, असुरा देवे अभियन्ति। गच्छ, तात सुवीर, असुरे पच्चुय्याही' ति। 'एवं भद्दन्तवा' ति खो, भिक्खवे, सुवीरो देवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा पमादं आपादेसि। दुतियं पि खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुवीरं देवपुत्तं आमन्तेसि—'एते, तात सुवीर, असुरा देवे अभियन्ति। गच्छ, तात सुवीर, असुरे पच्चुय्याही' ति। 'एवं भद्दन्तवा' ति खो, भिक्खवे, सुवीरो देवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा दुतियं पि पमादं आपादेसि। ततियं पि खो भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुवीरं देवपुत्तं आमन्तेसि— 'एते, तात सुवीर, असुरा देवे अभियन्ति। गच्छ, तात सुवीर, असुरे पच्च्याही' ति। [R.217] 'एवं भद्दन्तवा' ति खो, भिक्खवे, सुवीरो देवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा ततियं पि पमादं आपादेसि। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुवीरं देवपुत्तं गाथाय अज्झभासि—

---

११. शक्रसंयुक्त

प्रथम वर्ग

१.सुवीरसूत्र : : देवासुरसंग्राम, परिश्रम की प्रशंसा

ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती के** जेतवन में साधना हेतु विराजमान थे। किसी समय वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को बुलाकर यह कहा—

"भिक्षुओ! पहले कभी असुरों ने देवताओं पर आक्रमण किया था। उस समय, भिक्षुओ! देवराज शक्र ने सुवीर देवपुत्र को बुलाकर यह आदेश दिया—"तात सुवीर! ये असुर देवताओं पर आक्रमण कर रहे हैं। अत: तुम जाओ और इन पर प्रत्याक्रमण करो।" सुवीर ने देवराज इन्द्र का आदेश सुन कर उसकी उपेक्षा कर दी। अत: दूसरी बार भी देवराज ने सुवीर को बुलाकर कहा—...पूर्ववत्...तीसरी बार भी उपेक्षा ही कर दी। तब, भिक्षुओ! देवराज शक्र ने इस गाथा के माध्यम से उसको यह कहा—

'अनुट्ठहं अवायामं, सुखं यत्राधिगच्छति।
सुवीर तत्थ गच्छाहि, मं च तत्थेव पापया' ति॥
'अलस्वस्स अनुट्ठाता, न च किच्चानि कारये।
सब्बकामसमिद्धस्स, तं मे सक्क वरं दिसा' ति॥
'यत्थालसो अनुट्ठाता, अच्चन्तं सुखमेधति। [B.219]
सुवीर तत्थ गच्छाहि, मं च तत्थेव पापया' ति॥
'अकम्मुना देवसेट्ठ, सक्क निन्देमु यं सुखं। [N.219]
असोकं अनुपायासं, तं मे सक्क वरं दिसा' ति॥
'सचे अत्थि अकम्मेन, कोचि क्वचि न जीवति।
निब्बानस्स हि सो मग्गो, सुवीर तत्थ गच्छाहि।
मं च तत्थेव पापया' ति॥

२. ''सो हि नाम, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सकं पुञ्ञफलं उपजीवमानो देवानं तावतिंसानं इस्सरियाधिपच्चं रज्जं कारेन्तो उट्ठानविरियस्स वण्णवादी भविस्सति। इध खो तं, भिक्खवे, सोभेथ, यं तुम्हे एवं स्वाक्खाते धम्मविनये पब्बजिता समाना उट्ठहेय्याथ घटेय्याथ वायमेय्याथ अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय, असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाया'' ति। ●

'तात सुवीर! कोई अनुष्ठान या उद्यम किये विना जहाँ सुख मिल पाता हो, तुम वहाँ चले जाओ तथा मुझको भी वहीं ले चलो'॥

(सुवीर—) 'जहाँ आलसी एवं उद्यमरहित पुरुष जो कुछ भी नहीं कर पाता वैसे मेरे सभी अभीष्ट कार्य पूर्ण होने का वर दें॥

(शक्र—)'जहाँ आलसी एवं उद्यमरहित पुरुष भी सुख पा सकता हो, तुम वहीं चले जाओ, तथा मुझे भी वहीं ले चलो'॥

(सुवीर—) 'हे देवश्रेष्ठ! कर्म किये विना ही, आलसी बने रहते भी मेरी सभी कामनाएँ पूर्ण होती चलें—मुझे ऐसा वर दो।'

(शक्र—) 'कर्म किये विना भी यदि कोई कहीं सुख पा सकता है तो वह एकमात्र निर्वाण का मार्ग है। सुवीर! तुम वहीं चले जाओ, तथा मुझे भी वहीं ले चलो'॥

२. ''भिक्षुओ! वह देवराज शक्र अपने पुण्य के प्रताप से त्रायस्त्रिंश देवों पर ऐश्वर्य प्राप्त कर राज्य करते हुए उत्साह एवं उद्यम का प्रशंसक है। भिक्षुओ! तुम्हारी भी इसी में शोभा है कि तुम भी इस भली भाँति आख्यात धर्म में प्रव्रजित होकर उत्साहपूर्वक, साहस

२. सुसीमसुत्तं

३. सावत्थियं। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, असुरा देवे अभियंसु। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुसीमं देवपुत्तं आमन्तेसि—'एते, तात सुसीम, असुरा देवे अभियन्ति। गच्छ, तात सुसीम, असुरे पच्चुय्याही' ति। 'एवं भद्दन्त्वा ति खो, भिक्खवे, सुसीमो देवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा पमादं आपदेसि। दुतियं पि खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुसीमं देवपुत्तं आमन्तेसि...पे०...दुतियं पि पमादं आपादेसि। [R.218] ततियं पि खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुसीमं देवपुत्तं आमन्तेसि ...पे०...ततियं पि पमादं आपादेसि। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सुसीमं देवपुत्तं गाथाय अज्झभासि—

'अनुट्ठहं अवायामं, सुखं यत्राधिगच्छति।
सुसीम तत्थ गच्छाहि, मं च तत्थेव पापया' ति॥

[B.220] 'अलस्वस्स अनुट्ठता, न च किच्चानि कारये।
सब्बकामसमिद्धस्स, तं मे सक्क वरं दिसा' ति॥

[N.220] 'यत्थालसो अनुट्ठाता, अच्चन्तं सुखमेधति।
सुसीम तत्थ गच्छाहि, मं च तत्थेव पापया' ति॥

'अकम्मुना देवसेट्ठ, सक्क विन्देमु यं सुखं।
असोकं अनुपायासं, तं मे सक्क वरं दिसा' ति॥

'सचे अत्थि अकम्मेन, कोचि क्वचि न जीवति।
निब्बानस्स हि सो मग्गो, सुसीम तत्थ गच्छाहि।
मं च तत्थेव पापया' ति॥

४. "सो हि नाम, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सकं पुञ्ञफलं उपजीवमानो

के साथ, अप्राप्त की प्राप्ति के लिये, दुर्गम स्थान पर जाने के लिये तथा असाक्षात्कृत के साक्षात्कार के लिये परिश्रम करो"॥

२. सुसीम सूत्र : : परिश्रम का माहात्म्य

३. श्रावस्ती में...। वहाँ भिक्षुओ को बुला कर भगवान् ने उनसे यह कहा—"पहले कभी, भिक्षुओ! असुरों ने देवताओं पर आक्रमण किया...पूर्ववत्..तथा मुझे भी वहीं पहुँचा दो।

देवानं तावतिंसानं इस्सरियाधिपच्चं रज्जं कारेन्तो उट्ठानविरियस्स वण्णवादी भविस्सति। इध खो तं, भिक्खवे, सोभेथ यं तुम्हे एवं स्वाक्खाते धम्मविनये पब्बजिता समाना उट्ठहेय्याथ घटेय्याथ वायमेय्याथ अप्पत्तस्स पत्तिया, अनधिगतस्स अधिगमाय, असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाया'' ति। ●

३. धजग्गसुत्तं

५. सावत्थियं। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

''भूतपुब्बं, भिक्खवे, देवासुरसङ्गामो समुपब्यूळ्हो अहोसि। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो देवे तावतिंसे आमन्तेसि—

'सचे, मारिसा, देवानं सङ्गामगतानं उप्पज्जेय्य भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, ममेव तस्मिं समये धजग्गं उल्लोकेय्याथ। ममं हि वो धजग्गं उल्लोकयतं [R.219] यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति।

'नो चे मे धजग्गं उल्लोकेय्याथ, अथ पजापतिस्स देवराजस्स धजग्गं उल्लोकेय्याथ। पजापतिस्स हि वो देवराजस्स धज्जगं उल्लोकयतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति।

'नो चे पजापतिस्स देवराजस्स धजग्गं उल्लोकेय्याथ, अथ वरुणस्स [B.221] देवराजस्स धजग्गं उल्लोकेय्याथ। वरुणस्स हि वो देवराजस्स धजग्गं उल्लोकयतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति। [N.221]

---

४. भिक्षुओ! वह देवराज शक्र...पूर्ववत्...साक्षात्कार के लिये परिश्रम करो''॥●

३. ध्वजाग्रसूत्र : : देवासुर संग्रम, त्रिरत्न का माहात्म्य

५. श्रावस्ती में...। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को बुलाकर यह बताया—भिक्षुओ! पहले कभी देवताओं एवं असुरों में भयङ्कर संग्राम आरम्भ हुआ। तब भिक्षुओ! देवराज शक्र ने त्रायस्त्रिंशलोकवासी देवताओं को एकत्र कर यह कहा—

'मार्ष! यदि संग्राम में शत्रु से युद्ध करते हुए देवताओं को भय, स्तब्धता एवं रोमहर्ष होने लगे तो उस समय उन्हें मेरे रथ की ध्वजा के अग्रभाग को देख लेना चाहिये, उससे उनका वह भय, स्तब्ध एवं रोमहर्ष—सभी कुछ प्रहीण हो जायगा।

'वे मेरा ध्वजाग्र न देख पावें तो उन्हें प्रजापति देवराज का ध्वजाग्र देखना चाहिये, उससे उनका वह भय...प्रहीण हो जायगा।

'वे प्रजापति का ध्वजाग्र न देख पावें तो उन्हें वरुणदेवराज का ध्वजाग्र देखना चाहिये, उससे उनका वह भय...प्रहीण हो जायगा।

'नो चे वरुणस्स देवराजस्स धजग्गं उल्लोकेय्याथ, अथ ईसानस्स देवराजस्स धजग्गं उल्लोकेय्याथ। ईसानस्स हि वो देवराजस्स धजग्गं उल्लोकयतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सती' ति।

''तं खो पन, भिक्खवे, सक्कस्स वा देवानमिन्दस्स धजग्गं उल्लोकयतं, पजापतिस्स वा देवराजस्स धजग्गं उल्लोकयतं, वरुणस्स वा देवराजस्स धजग्गं उल्लोकयतं, ईसानस्स वा देवराजस्स धजग्गं उल्लोकयतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयेथा पि नो पि पहीयेथ।

''तं किस्स हेतु? सक्को हि, भिक्खवे, देवानमिन्दो अवीतरागो अवीतदोसो अवीतमोहो भीरु छम्भी उत्रासी पलायी ति।

६. ''अहं च खो, भिक्खवे, एवं वदामि—'सचे तुम्हाकं, भिक्खवे, अरञ्ञगतानं वा रुक्खमूलगतानं वा सुञ्ञागारगतानं वा उप्पज्जेय्य भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, ममेव तस्मिं समये अनुस्सरेय्याथ—इतिपि सो भगवा अरहं सम्मा-सम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा' ति। ममं हि वो, भिक्खवे, अनुस्सरतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति।

'नो चे मं अनुस्सरेय्याथ, अथ धम्मं अनुस्सरेय्याथ—स्वाक्खातो भगवता [R.220] धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो

'वे वरुण देवराज का ध्वजाग्र भी न देख पावें तो उन्हें ईशान देवराज का ध्वजाग्र देखना चाहिये, उससे उनका भय...प्रहीण हो जायगा'।

''भिक्षुओ! हो सकता है उन देवताओं का शक्र देवराज का, प्रजापति देवराज का, वरुणदेवराज का, ईशान देवराज का ध्वजाग्र देखने से भय...प्रहीण हो भी सकता है, या नहीं भी हो सकता है। वह किस कारण? क्यों कि देवराज शक्र राग द्वेष मोह से दूर नहीं हुआ है, वह स्वयं भी डरपोक, स्तब्ध, उद्विग्न होने वाला तथा रणक्षेत्र से भाग जाने वाला है।

६. ''मैं तो इसका उपाय तुम्हें यह बताता हूँ—यदि, भिक्षुओ! तुम्हें अरण्य में, वृक्षों के नीचे, शून्य भवनों में भय स्तब्धता एवं रोमाञ्च होने लगे तो उस समय तुम्हें मेरा अनुस्मरण करना चाहिये—'भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध...इस लोक में मनुष्यों एवं देवताओं के शास्ता हैं।' इस अनुस्मरण से तुम्हारा भय, स्तब्धता एवं रोमहर्ष प्रहीण हो जायगा।

''यदि तुम किसी कारण, धर्म का भी अनुस्मरण न कर सको तो मेरे द्वारा सञ्चालित भिक्षुसङ्घ का अनुस्मरण करना चाहिये—'भगवान् द्वारा सञ्चालित भिक्षु सङ्घ

विञ्ञूही ति। धम्मं हि वो, भिक्खवे, अनुस्सरतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति।

'नो चे धम्मं अनुस्सरेय्याथ, अथ सङ्घं अनुसरेय्याथ—'सुप्पटिपन्नो [B.222] भगवतो सावकसङ्घो सामीचिप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, यदिदं चत्तारि पुरिसयुगानि अट्ठ पुरिसपुग्गला एस भगवतो सावकसङ्घो, आहुनेय्यो पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा ति। सङ्घं हि वो, भिक्खवे, [N.222] अनुस्सरतं यं भविस्सति भयं वा छम्भितत्तं वा लोमहंसो वा, सो पहीयिस्सति'।

''तं किस्स हेतु? तथागतो हि, भिक्खवे, अरहं सम्मासम्बुद्धो वीतरागो वीतदोसो वीतमोहो अभीरु अच्छम्भी अनुत्रासी अपलायी'' ति।

७. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच—

''अरञ्ञे रुक्खमूले वा, सुञ्ञागारे व भिक्खवो।
अनुस्सरेथ सम्बुद्धं, भयं तुम्हाकं नो सिया॥
''नो चे बुद्धं सरेय्याथ, लोकजेट्ठं नरासभं।
अथ धम्मं सरेय्याथ, निय्यानिकं सुदेसितं॥
''नो चे धम्मं सरेय्याथ, निय्यानिकं सुदेसितं।
अथ सङ्घं सरेय्याथ, पुञ्ञक्खेत्तं अनुत्तरं॥
''एवं बुद्धं सरन्तानं, धम्मं सङ्घं च भिक्खवो।

सरल साधना मार्ग वाला है व्यवस्थित है, सुपथगामी है,...पूर्ववत्...अद्वितीय पुण्य का स्थान है'। इस अनुस्मरण से भी तुम्हारा वह भय, स्तब्धता एवं रोमहर्ष प्रहीण हो जायगा। वह किस लिये? वह इस लिये कि भिक्षुओ! भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध राग द्वेष मोह को अतिक्रान्त कर चुके हैं। तथा वे स्वयं न भीरु हैं, न स्तब्ध हैं, न कभी किसी स्थिति में उद्विग्न होने वाले हैं तथा कर्मक्षेत्र से पलायन करने वाले भी नहीं हैं''॥

७. भगवान् ने भिक्षुओं को यह कहा। साथ ही गाथाओं के माध्यम से भी यह कहा—

''किसी अरण्य में, किसी वृक्ष के नीचे, किसी शून्य भवन में भिक्षुओ! यदि तुम्हें भय ज्ञात हो तो उस समय बुद्ध का स्मरण करो, तुम्हारा भय दूर हो जायगा॥

''यदि तुम इन लोक में अद्वितीय एवं नरश्रेष्ठ बुद्ध का अनुस्मरण न कर पाओ तो उन के द्वारा स्वाख्यात, मोक्ष तक पहुँचाने वाले सूपदिष्ट धर्म का अनुस्मरण करो, तुम्हारा भय दूर हो जायगा॥

भयं वा छम्भितत्तं वा,लोमहंसो न हेस्सती'' ति॥ ●

४. वेपचित्तिसुत्तं

८. सावत्थिनिदानं। ''भूतपुब्बं, भिक्खवे, देवासुरसङ्गामो समुपब्यूळ्हो [R.221] अहोसि। अथ खो, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो असुरे आमन्तेसि—'सचे, मारिसा, देवानं असुरसङ्गामे समुपब्यूळ्हे असुरा जिनेय्युं देवा पराजिनेय्युं, येन नं सक्कं देवानमिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा मम सन्तिके आनेय्याथ असुरपुरं' ति। सक्को पि खो, भिक्खवे, देवानमिन्दो देवे तावतिंसे आमन्तेसि—'सचे, मारिसा, देवानं असुरसङ्गामे समुपब्यूळ्हे देवा जिनेय्युं असुरा पराजिनेय्युं, येन नं वेपचित्तिं असुरिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा मम सन्तिके आनेय्याथ सुधम्मसभं' ति।

''तस्मिं खो पन, भिक्खवे, सङ्गामे देवा जिनिंसु, असुरा पराजिनिंसु। अथ [B.223] खो, भिक्खवे, देवा तावतिंसा वेपचितिं असुरिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा सक्कस्स देवानमन्दिस्स सन्तिके आनेसुं सुधम्मसभं। तत्र सुदं, भिक्खवे, [N.223] वेपचित्ति असुरिन्दो कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बद्धो सक्कं देवानमिन्दं सुधम्मसभं पविसन्तं च निक्खमन्तं च असब्भाहि फरुसाहि वाचाहि अक्कोसति

''यदि तुम, किसी कारण,उस धर्म का भी स्मरण न कर पाओ तो भगवान् द्वारा सञ्चालित सङ्घ का, जो कि अद्वितीय पुण्य का स्थान है, स्मरण करो॥

''इस तरह, भिक्षुओ! बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ का स्मरण करते हुए तुम्हारा सर्वविध भय, स्तब्धता एवं रोमहर्ष—सब कुछ दूर हो जायगा''॥ ●

४. वेपचित्तिसूत्र : : क्षमा एवं सौजन्य का महत्त्व

८. यह सूत्र भी **श्रावस्ती के** जेतवन में ही...।''भिक्षुओ! पहले कभी देवताओं तथा असुरों में परस्पर युद्ध हो रहा था। तब वेपचित्ति नामक असुरेन्द्र ने असुरों को अपने पास बुलाकर यों कहा—

'मार्ष! इस देवासुर संग्राम के समाप्त होने पर असुरों की विजय हो तथा देवताओं की पराजय हो तो तुम लोग देवराज शक्र को हाथ, पैर तथा कण्ठ—इन पाँच स्थानों से बाँध कर मेरे सम्मुख इस असुरपुर में ले आओ।'

''इसी तरह देवराज शक्र ने भी देवताओं को यों आदेश दिया—''मार्ष!...यदि देवताओं की विजय हो तो तुम वेपचित्ति असुरेन्द्र को...इस देवसभा में ले आओ।''

''उस समय, भिक्षुओ! उस संग्राम में देवताओं की विजय हुई, असुर पराजित हो गये, अत: त्रायत्रिंश लोकवासी देवता उस असुरेन्द्र वेपचित्ति को, हाथ पैर बाँध कर, देवराज के सम्मुख सुधर्मा देवसभा में ले आये। भिक्षुओ! उस समय वहाँ वह असुरेन्द्र

परिभासति। अथ खो, भिक्खवे, मातलि सङ्गाहको सक्कं देवानमिन्दं गाथाहि अज्झभासि—

'भया नु मघवा सक्क, दुब्बल्या नो तितिक्खसि।
सुणन्तो फरुसं वाचं, सम्मुखा वेपचित्तिनो' ति॥
'नाहं भया न दुब्बल्या, खमामि वेपचित्तिनो।
कथं हि मादिसो विञ्ञू, बालेन पटिसंयुजे' ति॥
'भिय्यो बाला पभिज्जेय्युं, नो चस्स पटिसेधको।
तस्मा भुसेन दण्डेन, धीरो बालं निसेधये' ति॥
'एतदेव अहं मञ्ञे, वालस्स पटिसेधनं।
परं सङ्कुपितं ञत्वा, यो सतो उपसम्मती' ति॥
'एतदेव तितिक्खाय, वज्जं पस्सामि वासव।
यदा नं मञ्ञति बालो, भया म्यायं तितिक्खति।
अज्झारुहति दुम्मेधो, गो व भिय्यो पलायिनं' ति॥
'कामं मञ्ञतु वा मा वा, भया म्यायं तितिक्खति। [R.222]

वेपचित्ति पाँच स्थानों से बंधा हुआ, देवताओं द्वारा सुधर्मा देवसभा में लाया जाता हुआ, सुधर्मा देवसभा में प्रविष्ट होने वाले देवराज शक्र को असभ्य एवं कठोर तथा रूखी वाणी (अपशब्द) का प्रयोग कर रहा था। भिक्षुओ! उस समय मातलि सारथि देवराज शक्र को ये गाथाएँ बोला—

'हे शक्र! आप आपको इस असुरेन्द्र से भय लग रहा है कि आप इसकी ऐसी असभ्य कठोर एवं रूक्ष वाणी सुन रहे हैं? क्या आप स्वयं को इससे दुर्बल समझ रहे हैं?

(शक्र—) 'मैं इस असुरेन्द्र वेपचित्ति के ये अपशब्द किसी भय या अपनी किसी दुर्बलता के कारण सह रहा हूँ, ऐसा नहीं है। मैं तो यह समझ रहा हूँ कि मेरे जैसा विज्ञ इस मूर्ख को क्या मुँह लगावे!''

(मातलि—) 'मूर्ख और भी आगें बढ जाते हैं, यदि उन्हें आरम्भ में ही दबा देने वाला कोई न मिले। अत: धैर्यवान् पुरुष को ऐसे मूर्खों के प्रति कठोर दण्ड की व्यवस्था करनी चाहिये कि ये आगे न बढने पावें॥

(शक्र—) 'मूर्ख को दण्ड देने का सबसे सरल उपाय यही समझता हूँ कि उसे क्रोधोन्मत्त देख कर स्वयं स्मृतिमान् रहता हुआ शान्त बना रहे'॥

(मातलि—) 'हे वासव! आप का उस मूर्ख को यों सह लेना मैं अनुचित (कर्म) समझता हूँ। क्योंकि मूर्ख तो आप की इस तितिक्षा के विषय में यही समझेगा कि ये मेरे

सदत्थपरमा अत्था, खन्त्या भिय्यो न विज्जति'॥
'यो हवे बलवा सन्तो, दुब्बलस्स तितिक्खति।
तमाहु परमं खन्तिं, निच्चं खमति दुब्बलो॥'
'अबलं तं बलं आहु, यस्स बालबलं बलं।
बलस्स धम्मगुत्तस्स, पटिवत्ता न विज्जति॥
'तस्सेव तेन पापियो, यो कुद्धं पटिकुज्झति।
कुद्धं अप्पटिकुज्झन्तो, सङ्गामं जेति दुज्जयं॥
[B.224] 'उभिन्नमत्थं चरति, अत्तनो च परस्स च।
परं सङ्कुपितं ञत्वा, यो सतो उपसम्मति॥
[N.224] 'उभिन्नं तिकिच्छन्तानं, अत्तनो च परस्स च।
जना मञ्ञन्ति बालो ति, ये धमस्स अकोविदा' ति॥

९. ''सो हि नाम, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो सकं पुञ्ञफलं उपजीवमानो देवानं तावतिंसानं इस्सरियाधिपच्चं रज्जं कारेन्तो खन्तिसोरच्चस्स वण्णवादी

भय के कारण ही मेरे अपशब्द सहन कर रहे हैं, और वह इस कारण और अधिक आप के शिर चढ जायगा तथ विशेष उद्दण्डता करने लगेगा, जैसे मरकहा बैल सामने भागने वाले पर किया करता है'॥

(शक्र—) 'वह भले ही यह समझता रहे कि मेरे भय के कारण ये मेरी उद्दण्डता सहन कर रहे हैं, परन्तु परमार्थ सत्य इसके विपरीत है। वह यह है—क्षमा से बढ़कर दूसरा कोई अच्छा गुण नहीं है॥

'जो स्वयं बली होकर दूसरे दुर्बल पुरुष की बातें सहन कर लेता है उसी को सर्वोच्च क्षान्ति कहते हैं; दुर्बल तो निरन्तर ही बलवान् की बातें सहन करते रहते हैं॥

'वह बली तो वस्तुत: निर्बल ही है; क्यों कि उसके पास मूर्खों का बल हैं; वस्तुत: धर्मरक्षित सन्त के बल का कोई प्रतिद्वन्द्वी है ही नहीं॥

'जो क्रुद्ध के प्रति क्रोध करता है वह उसका अपराध ही है। हाँ, क्रोधी के प्रति भी क्रोध न करने वाला वस्तुत: संग्रामविजयी कहलाता है॥

'वह शान्तात्मा तो दोनों का ही हित करता है—अपना भी, दूसरे का भी कि जो दूसरे को क्रोध करता देख कर भी स्वयं शान्त ही रहता है॥

'अपना तथा दूसरे—दोनों का हित करने वाले ऐसे हितकारी मनुष्य को भले ही साधारण लोग 'मूर्ख' समझते रहें; क्यों कि वे धर्म के मर्मज्ञ नहीं है'॥

९. ''भिक्षुओ! वे देवराज शक्र अपने पुण्य के प्रताप से त्रायस्त्रिंश देवों पर ऐश्वर्य

भविस्सति। इध खो तं, भिक्खवे, सोभेथ यं तुम्हे एवं स्वाक्खाते धम्मविनये पब्बजिता समाना खमा च भवेय्याथ सोरता चा'' ति। ●

५. सुभासितजयसुत्तं

१०. सावत्थिनिदानं। ''भूतपुब्बं, भिक्खवे, देवासुरसङ्गामो समुपब्यूळ्हो अहोसि। अथ खो, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो सक्कं देवानमिन्दं एतदवोच— 'होतु, देवानमिन्द, सुभासितेन जयो' ति।

'होतु, वेपचित्ति, सुभासितेन जयो' ति।

''अथ खो, भिक्खवे, देवा च असुरा च पारिसज्जे ठपेसुं—'नो सुभासितदुब्भासितं आजानिस्सन्ती' ति। अथ खो, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो सक्कं देवानमिन्दं एतदवोच—'भण, देवानमिन्द, गाथं' ति। एवं वुत्ते, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो वेपचित्तिं असुरिन्दं एतदवोच—'तुम्हे ख्वेत्थ, वेपचित्ति, पुब्बदेवा। भण, वेपचित्ति, गाथं' ति। एवं वुत्ते, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो इमं गाथं [R.223] अभासि—

'भिय्यो बाला पभिज्जेय्युं, नो चस्स पटिसेधको।
तस्मा भुसेन दण्डेन, धीरो बालं निसेधये' ति॥

प्राप्त कर शासन करते हुए क्षान्ति एवं सौजन्य के प्रशंसक हैं। भिक्षुओ! यहाँ इस साधनाक्षेत्र में तुम लोगों को भी यही कर्म शोभा देता है कि तुम इस स्वाख्यात धर्म में प्रव्रजित होकर दूसरों के प्रति क्षमाशील बनो तथा उनके प्रति सुखमयता का व्यवहार करो''॥ ●

५. सुभाषितजयसूत्र : : सुभाषित

१०. यह सूत्र भी **श्रावस्ती** में ही...। ''भिक्षुओ! पूर्वकाल में एक बार देवताओं एवं असुरों में संग्राम हो रहा था। तब असुरेन्द्र वेपचित्ति ने देवेन्द्र शक्र को कहा—'शुभ वचन (सुभाषित) बोलने वाले की ही जय हो।' देवेन्द्र शक्र ने भी स्वीकृति देते हुए कहा—'हाँ, वेपचित्ति! शुभ बोलने वाले की ही जय मान ली जाय।'

''भिक्षुओ! तब उन देवों तथा असुरों ने उनके सुभाषित का निर्णय करने के लिये मध्यस्थ (निर्णायक) का चुनाव किया।

''भिक्षुओ! तब असुरेन्द्र वेपचित्ति ने देवेन्द्र शक्र से कहा—'आप पहले कोई सुभाषित करें'।

"परन्तु देवेन्द्र शक्र इसके उत्तर में बोले—'नहीं हे वेपचित्ति! तुम ही हमसे पूर्व देव हो, अतः आप ही पहले सुभाषित सुनावें।' तब असुरेन्द्र वेपचित्ति यह गाथा बोला—

"भासिताय खो पन, भिक्खवे, वेपचित्तिना असुरिन्देन गाथाय, असुरा अनुमोदिंसु, देवा तुण्ही अहेसुं। अथ खो, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो सक्कं देवानमिन्दं एतदवोच—'भण, देवानमिन्द, गाथं' ति। एवं वुत्ते, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो इमं गाथं अभासि—

'एतदेव अहं मञ्ञे, बालस्स पटिसेधनं।
परं सङ्कुपितं ञत्वा, यो सतो उपसम्मती' ति॥

"भासिताय खो पन, भिक्खवे, सक्केन देवामिन्देन गाथाय, देवा अनुमोदिंसु, [B.225] असुरा तुण्ही अहेसुं। अथ खो, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो वेपचित्तिं [N.225] असुरिन्दं एतदवोच—'भण, वेपचित्ति, गाथं' ति। एवं वुत्ते, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो इमं गाथं अभासि—

'एतदेव तितिक्खाय, वज्जं पस्सामि वासव।
यदा नं मञ्ञति बालो, भया म्यायं तितिक्खति।
अज्झारुहति दुम्मेधो, गो व भिय्यो पलायिनं' ति॥

"'मूर्खजन और भी अधिक शिर पर चढ जाते हैं, यदि उनका दमन करने वाला कोई न हो। अत: बुद्धिमान् द्वारा अपराध के अनुसार पूर्णत: दण्डित करना चाहिये, वहीं रोक देना चाहिये।'

"भिक्षुओ! असुरेन्द्र वेपचित्ति द्वारा यह गाथा कही जाने पर असुरों ने उसका अनुमोदन किया, परन्तु देवतागण चुप (मौन) रहे।

"भिक्षुओ! तब असुरेन्द्र वेपचित्ति ने देवेन्द्र शक्र से कहा—'अब आप कुछ सुभाषित सुनाइये।' तब देवेन्द्र ने उस सभा में यह गाथा कही—

'मैं तो उस मूर्ख को पीछे हटाने का एक ही उपाय उचित मानता हूँ कि उसे क्रोध करते देखकर भी बुद्धिमान् पुरुष सावधनीपूर्वक शान्त ही रहे, उसके क्रोध का कोई उत्तर न दे॥'

"भिक्षुओ! देवेन्द्र शक्र द्वारा यह गाथा कही जाने पर देवताओं ने उनका अनुमोदन किया, परन्तु असुरगण शान्त रहा।

"भिक्षुओ! तब देवेन्द्र शक्र ने असुरेन्द्र से कहा—'अब आप अन्य कोई सुभाषित सुनाइये।' तब असुरेन्द्र वेपचित्ति ने यह गाथा सुनायी—

